CMYK

सूर्योदय : 5:21
सूर्यास्त : 6:43
अधिकतम तापमान : 36.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-316 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 11 मई 2025
12 ज़िक़ादा 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



## सीजफायर के 3 घंटे बाद ही पाक से जम्मू-कश्मीर में फायरिंग, शेलिंग और ड्रोन अटैक

# पाकिस्तान ने फिर तोड़ा सीजफायर

- जम्मू कश्मीर, कठुआ, उधमपुर में ब्लैकआउट
- भारतीय वायु रक्षा ने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया

**श्रीनगर।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। सीजफायर एलान के तीन घंटे बाद धमाकों की आवाज सुनाई दी। श्रीनगर, अखनूर और राजौरी में धमाकों की आवाज आई है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसको लेकर कहा कि श्रीनगर में धमाकों की आवाज सुनी गई है। वहीं, समाचार एजेंसी एएनआई पर भी ब्लास्ट को लेकर सूचना है। श्रीनगर और गांदरबल में ड्रोन दिखाई दिए हैं। नगरोटा में भी ड्रोन से जो हमले किए जा रहे हैं। काफी ऊंचाई से किए जा रहे हैं। नगरोटा में भारतीय सेवा ने पाकिस्तान के किसी भी ड्रोन को जमीन पर नहीं पहुंचने दिया। उन्हें हवा में ही सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। श्रीनगर में ब्लैकआउट के बीच भारतीय वायु रक्षा ने पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया। तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। रात 8 बजे से पाकिस्तान की तरफ से जम्मू-कश्मीर के अखनूर, पुंछ, नौशेरा, श्रीनगर, आरएसपुरा, सांबा, उधमपुर में फायरिंग की जा रही है। राजौरी में शेलिंग (तोप और मोर्टार) की गई। उधमपुर में ड्रोन से हमला हुआ। फायरिंग के बाद से जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, पंजाब और गुजरात के बॉर्डर वाले जिलों में ब्लैकआउट कर दिया गया है। 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 4 जवान शहीद हो चुके हैं। 60 जवान घायल पाकिस्तानी हमलों में घायल हुए हैं। वहीं, 17 नागरिकों की भी मौत हो चुकी है और 60 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत

उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में एक चौकी पर हुए हमले के बाद आतंकवादियों से लड़ते हुए कम से कम नौ सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। शनिवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई। उर्दू के दैनिक समाचार पत्र 'मशरिक' ने बताया कि आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दक्षिण वजीरिस्तान जिले के शाकाई तहसील में शुक्रवार को डांडा चौकी पर हमला किया। हालांकि, सेना की मीडिया शाखा की ओर से हमले के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। खबर में बताया गया है कि घायलों को त्वरित प्रतिक्रिया इकाई ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख अडिग : एस जयशंकर

संघर्ष विराम की पुष्टि करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि भारत और पाकिस्तान के बीच आज गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी है। भारत ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के खिलाफ लगातार दृढ़ और अडिग रुख अपनाया है। वह ऐसा करना जारी रखेगा। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पाकिस्तानी उप-प्रधानमंत्री व विदेश मंत्री इशाक डार के साथ अलग-अलग बात की थी। विदेश विभाग के प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने शनिवार की सुबह एक बयान में यह जानकारी दी थी। दरअसल, 7 मई को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारत के ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद पाकिस्तान की ओर से 15 भारतीय शहरों को निशाना बनाए जाने के बाद दोनों के बीच तनाव काफी बढ़ गया था। ऐसे में रुबियो ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों पक्षों को तनाव कम करने और सीधा संवाद फिर से स्थापित करने के तरीकों को तलाशने की कोशिश करें। रुबियो ने चर्चाओं को सुविधाजनक बनाने में अमेरिकी समर्थन का प्रस्ताव दिया था। डार के साथ बातचीत में रुबियो ने दोहराया था कि दोनों पक्षों को मौजूदा स्थिति को कम करने के तरीके खोजने चाहिए।



## भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को युद्ध की कार्रवाई मानेगा भारत, सरकार का सख्त संदेश

- देश की सेना लगातार दे रही माकूल जवाब

पाकिस्तान के साथ लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच भारत सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि देश में भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा।

सरकारी सूत्र ने बताया कि भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि भावी आतंकी वारदातों को युद्ध छेड़ने का प्रयास मानते हुए उसी के अनुसार जवाब दिया जाएगा। बता दें कि भारत इससे पहले भी स्पष्ट संकेत दे चुका है कि वह किसी भी आक्रामक गतिविधि या युद्ध जैसे हालात का सामना करने को तैयार है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम का एलान, कल फिर होगी वार्ता

### बैकफुट पर आए पाकिस्तान की पहल पर तैयार हुआ भारत



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम को संघर्ष विराम हो गया है। भारतीय सेना की ओर से दिए जा रहे मुंहतोड़ जवाब के चलते बैकफुट आए पाकिस्तान की पहल पर भारत संघर्ष विराम के लिए राजी हुआ है। दोनों देशों के बीच हुए संघर्ष विराम की पुष्टि विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने की है। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यह कहने के तुरंत बाद आई है। ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा था कि भारत और पाकिस्तान अमेरिका की मध्यस्थता में वार्ता के बाद पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा, पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशक (डीजीएमओ) ने आज दोपहर 3:35 बजे भारतीय डीजीएमओ को फोन किया। उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष भारतीय मानक समयानुसार 17.00 बजे से ज़मीन, हवा और समुद्र में सभी तरह की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे। आज दोनों पक्षों को इस सहमति को लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। सैन्य संचालन महानिदेशक 12 मई को 12.00 बजे फिर से बात करेंगे।

### असीम मुनीर और शहबाज शरीफ से की थी बात

पाकिस्तान के विदेश मंत्री से बात करने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर से भी बात की थी। रुबियो ने शहबाज शरीफ से भी बात की थी। इससे पहले शुक्रवार को व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को जितनी जल्दी हो सके कम होते देखना चाहते हैं।

**मीडिया चैनल को गृह मंत्रालय की सख्त हिदायत** -नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ने भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव के बीच नागरिक सुरक्षा तैयारियों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए मीडिया चैनलों को सलाह दी है कि वे अपने कार्यक्रमों में नागरिक सुरक्षा हवाई हमले के प्रति लोगों को सचेत करने वाले सायरन का इस्तेमाल न करें क्योंकि इसे बेवजह बजाने से इसके प्रति लोगों की संवेदनशीलता खत्म हो जायेगी। नागरिक सुरक्षा महानिदेशक ने शनिवार को यहां नागिरक सुरक्षा अधिनियम 1968 की धारा 3(1) का इस्तेमाल करते हुए मीडिया चैनलों को इन सायरनों का अपने कार्यक्रमों में इस्तेमाल नहीं करने की सलाह दी है। सलाह में कहा गया है कि इस सायरन का नियमित रूप से इस्तेमाल करने से लोगों की इसके प्रति संवेदनशीलता समाप्त हो जायेगी और लोग इसे नियमित मामला समझ कर इसकी परवाह नहीं करेंगे।



## पीएम मोदी ने शीर्ष अधिकारियों के साथ की हाई लेवल मीटिंग

**रक्षा मंत्री और विदेश मंत्री भी रहे मौजूद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार शाम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित शीर्ष सरकारी अधिकारियों के साथ यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

यह बैठक इस घोषणा के बाद हुई कि भारत और पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए सहमति बन गई है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी मौजूद थे। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने शनिवार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव की यह संक्षिप्त घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस पोस्ट के बाद आई कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल संघर्ष-विराम पर सहमत हो गए हैं। मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने शनिवार दोपहर 3.35 बजे भारत के डीजीएमओ को फोन किया।

## युद्ध भड़काने के लिए अग्रिम मोर्चों की तरफ बढ़ रही है पाकिस्तान सेना

**ऑपरेशन सिन्दूर**

- विदेश मंत्रालय ने दी हमले की जानकारी
- भारतीय सेनाएं भी पूरी तरह तैयार



**नई दिल्ली।** भारत ने कहा है कि पाकिस्तान युद्ध भड़काने की अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है और उसने शुक्रवार रात तथा शनिवार तड़के भी पश्चिमी क्षेत्र पर ड्रोन, लंबी दूरी के हथियारों, युद्धक हथियारों और लड़ाकू विमानों से लगातार हमले कर 26 से अधिक स्थानों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ की कोशिश की जिसे भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने नाकाम कर जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर जोरदार हमले किये जिनमें दुश्मन को भारी नुकसान हुआ। भारत ने यह भी कहा है कि पाकिस्तानी सेना के सैनिकों को अग्रिम मोर्चों की ओर कूच करते देखा गया है जो युद्ध को भड़काने वाली कार्रवाई है। उसने कहा है कि पाकिस्तान अभी भी भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों और उपकरणों को नुकसान पहुंचाने की भ्रामक जानकारी दे रहा है साथ ही वह भारत में सांप्रदायिक तनाव भड़काने की नापाक कोशिश भी कर रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री, कर्नल सौफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने शनिवार सुबह यहां एक विशेष ब्रीफिंग में संवाददाताओं को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। कर्नल कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तानी सेना पश्चिमी सीमाओं पर लगातार हमले कर रही है। पाकिस्तान ने भारत के सैन्य ठिकानों पर हमला करने के लिए ड्रोन, लंबी दूरी के हथियार, युद्धक हथियार और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया हालांकि भारत ने इन कोशिशों को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेनाओं ने 26 से अधिक जगहों पर हवाई मार्ग से घुसपैठ करने की कोशिश की। इन असफल हमलों में उधमपुर, भुज, पठानकोट, बठिंडा में वायुसेना के बेस पर कुछ उपकरणों और कर्मियों को नुकसान पहुंचाया। सैन्य अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान ने पंजाब के वायुसेना बेस को निशाना बनाने के लिए बीती रात करीब एक बजकर 40 मिनट पर हाई-स्पीड मिसाइलों का इस्तेमाल किया। भारत ने इन हमलों को सफल नहीं होने दिया। पाकिस्तानी सेनाओं ने स्वास्थ्य सुविधाओं और स्कूलों पर भी हमला किया। विंग कमांडर सिंह ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की इन नापाक हरकतों का जवाब देते हुए त्वरित और सुनियोजित हमले कर चिन्हित सैन्य लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाया। उन्होंने कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके साथ ही पाकिस्तान लगातार दुर्भावनापूर्ण भ्रामक जानकारी फैलाने का भी प्रयास कर रहा है। उसने भारत की प्रमुख वायु रक्षा प्रणाली एस-400 प्रणाली को नष्ट करने, सूरत और सिरसा में हवाई अड्डों को नष्ट करने का दावा किया जो पूरी तरह से झूठ है।

### भारत और पाकिस्तान सीजफायर पर सहमत : ट्रंप



रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा करते हुए कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी रात तक चली बातचीत के बाद, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को सामान्य बुद्धि और महान बुद्धिमत्ता का उपयोग करने के लिए बधाई। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद।

### पाकिस्तान में भारत ने पांच खूंखार आतंकियों को मिट्टी में मिलाया



पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों के 6 मई की रात को चलाये गए ऑपरेशन सिंदूर में पांच आतंकवादी सरगनाओं के साथ साथ सैकड़ों अन्य आतंकवादी मारे गए। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर में मौलाना मसूद अजहर के परिजनों सहित ऐसे बर्बर आतंकवादी मारे गए हैं जिनकी भारत में कई बड़े आतंकवादी हमलों में तलाश थी। मारे गए आतंकियों में कुख्यात आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुदस्सर खादियां खास उर्फ मुदस्सर उर्फ अबू जुंदाल भी शामिल है। यह मरकज तैयबा, मुरीदके का प्रभारी था और इसकी पाकिस्तानी सरकार में अच्छी पैठ थी। पाकिस्तान सेना द्वारा उसके अंतिम संस्कार में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पाकिस्तानी सेना के प्रमुख और पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की ओर से उसे पुष्पांजलि अर्पित की गई। उसके अंतिम संस्कार की नमाज एक सरकारी स्कूल में आयोजित की गई, इसमें जमात-उद-दावा के नामित वैश्विक आतंकवादी के हाफिज अब्दुल रऊफ ने किया।

### जम्मू और पंजाब में नहीं चलेगी कोई ट्रेनें



अब जम्मू और पंजाब में पाकिस्तान सीमा के निकट से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को रद्द कर दिया है। रेलवे ने अमृतसर, बठिंडा, फिरोजपुर, जम्मू जैसी जगहों पर रात को गुजरने वाली ट्रेनों को अब री शेड्यूल कर दिया है। रेलवे अब इन ट्रेनों को सुबह के वक्त चलाया। जबकि रेलवे ने छोटी दूरी की ट्रेनों को कैंसिल करने का फैसला किया गया है। दिन में चलने वाली सभी ट्रेनें जैसे चलती थी वैसे ही चलेंगी। रेलवे ने शाम को ब्लैकआउट होने की वजह से यह निर्णय लिया गया है।

**आस्था**

### भाजपा नेताओं से मिले मुख्यमंत्री

# सीएम योगी ने किए रामलला के दर्शन

- जानी मंदिर निर्माण की प्रगति
- हनुमानगढ़ी महंत से लिया आर्शीवाद
- गद्दीनशीन ने मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित



**अयोध्या।** सीएम योगी अयोध्या पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई। इसके बाद राम मंदिर जाकर रामलला के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित की। रामलला की आरती भी उतारी। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए चल रहे कार्यो को देखा।


कार्यदाई संस्था के इंजीनियरों ने उन्हें निर्माण कार्यों की प्रगति बताई। सीएम करीब 20 मिनट तक रामलला के दरबार में रहे। इससे पहले सीएम योगी का रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। गद्दीनशीन के शिष्य महंत डॉ महेश दास ने सीएम योगी का अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां मौजूद पुजारी रमेश दास, राजू दास समेत अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। हैलीपैड पर मुख्यमंत्री का स्वागत करने वालों में विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक अभय सिंह, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्र समेत अन्य शामिल रहे। गद्दीनशीन महंत प्रेमदास ने हनुमानगढ़ी पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ को हनुमत कथा मंडपम के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। हनुमानगढ़ी के पंचों की ओर से गद्दीनशीन ने सीएम योगी आदित्यनाथ को आमंत्रण पत्र सौंपा। गद्दीनशीन के प्रधान शिष्य डॉ महेश दास ने बताया कि हनुमानगढ़ी परिसर में स्थित इमलिया बाग में हनुमत कथा मंडपम का निर्माण कराया गया है। 23 मई को वास्तुपूजन व 24 को भवन का उद्घाटन समारोह आयोजित होगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।

### हाईकोर्ट में वकीलों को वरिष्ठता दर्जे के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट में वकीलों के वरिष्ठता दर्जे को चुनौती देने वाली याचिका पर इलाहाबाद हाई कोर्ट को नोटिस जारी किया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील विष्णु बिहारी तिवारी ने 2019 में वकीलों को वरिष्ठता दर्जे से जुड़ी प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल की है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका, और उज्जवल भुइयां की पीठ ने गत शुक्रवार को मामले पर सुनवाई करते हुए याचिका में प्रतिवादी बनाए गए इलाहाबाद हाई कोर्ट व अन्य को नोटिस जारी किया।

पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा जयसिंह फैसले में तय मानकों से हाई कोर्ट के इतर जाने पर चिंता जताई। पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने अपनी बुद्धिमत्ता से इंदिरा जयसिंह फैसले को बदल दिया। इस मामले में विष्णु बिहारी तिवारी ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत वर्ष सितंबर के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

## पीएम मोदी करें सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता, कांग्रेस की मांग



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के चार दिन बाद भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम पर सहमति बन गई है। भारत ने संघर्ष विराम का एलान कर दिया है। संघर्ष विराम लागू होने के बाद कांग्रेस ने मांग की है कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। कांग्रेस ने कहा कि सरकार पिछले 18 दिनों की घटनाओं पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाए।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका की ओर से किए गए एलान के मद्देनजर अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि प्रधानमंत्री एक सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करें और राजनीतिक दलों को विश्वास में लें। उन्होंने कहा कि अब पहले से कहीं अधिक जरूरत है कि संसद का एक विशेष सत्र बुलाया जाए जिसमें पिछले अठारह दिनों की घटनाओं पर चर्चा हो, जिसमें क्रूर पहलगाम आतंकी हमलों और आगे की रणनीति शामिल हो तथा सामूहिक संकल्प प्रदर्शित हो। ओडिशा के पूर्व सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम की घोषणा का स्वागत करते हुए आतंकवाद के खिलाफ भारत के अडिग रुख की सराहना करता हूं। भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों और आतंकवाद को समर्थन देने वाले बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में शानदार काम किया है। हमारे सशस्त्र बलों को बधाई। जयहिंद। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि भारत पाकिस्तान दोनों संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। हमें सतर्क रहना चाहिए। हमें आतंकवाद का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

# पाकिस्तान एक गलत सोच का परिणामः मंडलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 168 वीं जयंती पर आज ललता बाजार (लोहा बाजार) स्थित शहीद स्मारक 'भारत माता की जय', 'देश के शहीद अमर रहे','देश के जवानों की जय' के नारों से गूंज उठा। ललता पन्ना शहीद स्मारक समिति के तत्वावधान में नगर निगम के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों, राजनेताओं एवं शहर के गणमान्य लोगों ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर अपनी भावांजलि अर्पित की। पहलगाम का बदला लेने के लिए पाकिस्तान के छक्के छुड़ा रही देश की सेना के शौर्य और पराक्रम का गुणगान करते हुए सीमा पर डटे जवानों के जयकारे भी लगाए गए।

सबसे पहले पुलिस गारद द्वारा सलामी दी गयी और मंडलायुक्त अटल कुमार राय, महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, शहीद भगतसिह के भतीजे किरणजीत सिंह संधु, स्वतंत्रता सेनानी ललता प्रसाद

**सहयोग**

**जयकारों से गूंजा शहीद स्मारक, अधिकारियों व राजनेताओं ने शहीदों को किया नमन**

**नगर निगम के सहयोग से शहीद स्मारक पर हुआ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 168 वीं जयंती का आयोजन**

अख्तर के पुत्र श्यामलाल बंसल, समाजसेवी त्रिलोकचंद गुप्ता, समिति के अध्यक्ष जयनाथ शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र आज़म व व्यापारी नेता शीतल टण्डन ने ध्वजारोहण किया। विभिन्न कॉलेजों के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रगान तथा इण्डस्ट्रियल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज की छात्रा कु. सुहाना ने राष्ट्रभक्ति का गीत ''तेरी मिट्टी में मिल जावा....'' प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त अटल कुमार राय ने 1857 के शहीदों को



नमन करते हुए कहा कि 1857 के विद्रोह को अंग्रेज शासकों ने एक साजिश के तहत सिपाही का विद्रोह बताया था लेकिन यह किसी सिपाही या राजाओं का विद्रोह नहीं, देश की जनता का विद्रोह था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान एक गलत सोच का परिणाम है और गलत सोच से बनी कोई चीज ज्यादा दिन नहीं रहती। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रहा है लेकिन भारतीय सेनाओं का पराक्रम और शौर्य देखिए कि हमने आतंकवादियों के ठिकानों को तबाह किया है पाकिस्तान के किसी भी नागरिक क्षेत्र में ड्रोन हमला तक नहीं हुआ है। मंडलायुक्त ने भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र बताते हुए कहा कि दुनिया में जब भी कहीं अंधकार को प्रकाश की आवश्यकता होगी वह प्रकाश भारत से ही निकलेगा।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि शहीद स्मारक पर जिस पीपल के वृक्ष पर क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाया गया था, वह कोई मामूली वृक्ष नहीं बल्कि पूजा का केंद्र है, तपस्थली है। उन्होंने कहा कि पहलगाम का बदला लेते हुए भारत ने दिखा दिया है कि भारत एक श्रेष्ठ और सशक्त भारत है। जिसे क्रांतिकारियों ने अपने रक्त से सींचा हैं। दुनिया देख रही है कि भारत में जब महिला शक्ति खड़ी होती है तो कर्नल सोफिया कुरैशी और कर्नल व्योमिका सिंह जैसी हमारी बेटिया दुश्मन की आंख में आंख डालकर जवाब देती हैं।

नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पूरा देश अपने को ठगा सा महसूस कर रहा था। लेकिन पाकिस्तान के आतंकी अड्डों और उनके डिफेंस सिस्टम को उड़ाने के बाद देश के लोग अपनी सेना और उसके शौर्य को सलाम कर रहे हैं। शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू ने कहा कि देश को यह आजादी बड़े बलिदानों और संघर्ष से मिली है। आजादी को क्षुण बनाये रखने के लिए हमारे जवान पर संघर्ष कर रहे हैं, हमारा दायित्व है कि हम अपने भीतर आजादी के उस जज्बे को बनाये रखें।

समिति के अध्यक्ष जयनाथ शर्मा और उपाध्यक्ष व साहित्यकार डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने सहारनपुर में क्रांतिकारियों की बम फैक्ट्री पकड़े जाने, फुलवारी आश्रम में भगतसिंह के छुपने व नमक कानून तोड़ने सहित जिले भर के उन स्थानों से अवगत कराया जहां 1857 के क्रांतिकारियों को फांसी पर लटकाया गया था। समाजसेवी त्रिलोकचंद गुप्ता, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल व शीतल टण्डन ने भी शहीदों को नमन करते हुए सीमाओं पर शौर्य का प्रदर्शन कर रहे देश के जवानों को जिंदाबाद कहा। पार्षद मयंक गर्ग, भाजपा नेता राजकुमार राजू, व्यापारी नेता शैलेंद्र भूषण गुप्ता, जयदीप जैन सहित स्कूलों के शिक्षकों एवं बाजार के व्यापारियों ने भी जयकारे लगाते हुए शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया।

## अनियंत्रिक कार बाईक को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकरायी, तीन घायल



सहारनपुर। थाना बेहट क्षेत्रान्तर्गत तेज गति से आ रही एक कार ने बाईक को टक्कर मार दी और बाद में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकरायी। हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रैफर किया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव ढमोला निवासी विकास पुत्र विनोद अपने साथी अंकित पुत्र शीशपाल निवासी गांव असलमपुर बरथा कोतवाली बेहट तथा थाना मिर्जापुर इलाके के गांव मढ़ती निवासी आदित्य पुत्र ऋषिपाल के साथ सहारनपुर से बेहट की ओर आ रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही वह आनंद बाग कालोनी के पास पहुंचे, तो बेहट की ओर से तेज गति से आ रही कार ने उनकी बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में खड़े पेड़ से जा टकरायी। बताया जाता है कि पेड़ से टकराने के बाद कार के एयरबैग खुल गए। जिससे कार सवार लोगों की जान बच गई, जबकि बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को बेहट सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल रैफर कर दिया।

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या 14 मई को करेंगी जनसुनवाई

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक व आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 14 मई को सर्किट हाउस सभागार में आयोग की सदस्या श्रीमती संगीता जैन द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से सम्बन्धित शिकायतें जो महिलाओं द्वारा की जाती है, जिसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों का होना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि अपने-अपने विभाग द्वारा महिलाओं हेतु संचालित योजनाओं की सूचनाओं के साथ समीक्षा बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## घर से खेलते समय लापता हुयी बालिका शव मिलने से फैली सनसनी

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत गत् देर शाम घर से खेलते समय गायब हुयी बालिका का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जतायी जा रही है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत एक 10 वर्षीय बालिका गत् देर शाम 7 बजे घर से खेलते समय गायब हो गई थी। जब वह घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी तलाश की। परिजनों द्वारा रात्रि 11 बजे थाने पर सूचना दी गई। इस प्रकरण में पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर टीम बनाकर लड़की की तलाश शुरू कर दी। आज सुबह बालिका का शव 200 मीटर दूर मिला। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका है।

## गुर्जर महासभा ने 1857 के क्रान्तिकारी योद्धाओं को किया नमन

**10 मई 1857 की क्रांति का आगाज मेरठ से धन सिंह कोतवाल ने किया था। इसी के उपलक्ष में प्रतिवर्ष क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति में अनेकों योद्धाओं ने अपना बलिदान दिया, जिसमें धन सिंह कोतवाल गुर्जर मुख्य थे। जिन्होंने क्रांति का आगाज किया था।**



**सहारनपुर।** अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा के तत्वावधान में क्रान्ति दिवस धूमधाम से मनाया गया और 1857 की क्रान्ति में अपना बलिदान देने वाले अनेक योद्धाओं को नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया गया।

दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में क्रांति दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राहुल गुर्जर ने कहा कि 10 मई 1857 की क्रांति का आगाज मेरठ से धन सिंह कोतवाल ने किया था। इसी के उपलक्ष में प्रतिवर्ष क्रांति दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति में अनेकों योद्धाओं ने अपना बलिदान दिया, जिसमें धन सिंह कोतवाल गुर्जर मुख्य थे। जिन्होंने क्रांति का आगाज किया था। उस दिन मेरठ में धन सिंह कोतवाल के नेतृत्व में विद्रोही सैनिकों और पुलिस फोर्स ने अंग्रेजों के विरुद्ध क्रांतिकारी घटनाओं को अंजाम दिया। धन सिंह कोतवाल जनता के संपर्क में थे। उन्होंने जेल तोड़कर 836 कैदी को छुड़ाकर जेल को आग लगा दी। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चौधरी ने कहा कि अट्ठारह सौ सत्तावन की क्रांति से ही आजादी का बिगुल बजना शुरू हो गया था। महानगर अध्यक्ष अजय खटाना ने कहा कि धन सिंह कोतवाल जैसे वीर योद्धा सदियों बाद होते हैं और जो बलिदान उन्हें अपने देश के लिए दिया, वह अमूल्य है। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी बिट्टू नंबरदार गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री सन्नी देव चौधरी, जिला अध्यक्ष नीरज गुर्जर खतौली, महानगर अध्यक्ष अजय खटाना, सक्षम राठी, राकेश, अगम नवादा, सुभाष मुकुंदपुर, विशाल रावल, शुभम पंवार, अनुज चौधरी, विक्की राठी, विक्रांत बेलका, हर्षित प्रधान, नीरज पंवार, गुरमीत पंवार, सोनू पिलखनी आदि लोग मौजूद रहे।

## सेना व नागरिकों की सेवार्थ युवा कांग्रेसियों ने किया रक्तदान

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बीडी बाजोरिया जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने वर्तमान युद्धकाल में देश की सेना व नागरिकों की सेवार्थ रक्तदान किया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन ब्लड बैंक की सुपरिटेंडेंट इंचार्ज डॉक्टर सुधा कुमारी ने किया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए और देश की सेना व नागरिकों की सेवार्थ स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव प्रवीण चौधरी व पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने युवा कांग्रेसियों के कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे राष्ट्रहित में मानवता की सच्ची सेवा बताया। युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि आज युद्धकाल में रक्तदान



एक ऐसी सेवा है, जो हम अपने सैनिकों और नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्रहित में अपने कर्तव्यों को समझते हुए इस मानवीय सेवा को अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से आतंकवाद के जिस दंश को झेल रहा है, अब मौका है कि उसका अंत किया जाये। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आज लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संपूर्ण विपक्ष देश की सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इस दौरान प्रदेश महासचिव एवं जिला प्रभारी आकिब राणा व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने ब्लड बैंक की सुपरिटेंडेंट इंचार्ज के साथ-साथ सभी पैथोलॉजिस्ट डॉ.प्रियंका प्रभाकर, डॉ. विजय लक्ष्मी तनेजा व डॉक्टर सपना सोनी का समस्त सुविधाओ एवं इंतजाम के लिए आभार व्यक्त किया। शिविर में रक्तदान करने वालों में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, प्रदेश महासचिव और जिला प्रभारी आकिब राणा, नकुड विधानसभा अध्यक्ष जोनी बिरला, रामपुर विधानसभा अध्यक्ष संदीप डाबरे, मयंक शर्मा, दीपक सैनी, मनीष गोदियाल, हिमांशु कोली, दिवेश, अमित भारतीय, सचिन शर्मा, दीपक शर्मा, ललित सैनी, विशाल, राजीव बत्रा, मुक्करम कुरैशी, अरविंद आदि शामिल रहे।

## मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सुरक्षितः हरपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सुरक्षित है। पाकिस्तान को हर तरह के जवाब देने की हमारी सेना में ताकत है। प्रत्येक भारतवासी मोदी और भारतीय सेना का हमेशा ऋणी रहेगा। बेहट रोड देव विहार कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय पर आहूत व्यापार मण्डल की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा ने व्यापार मंडल की ओर से विश्वास दिलाया कि प्रत्येक व्यापारी मोदी जी और भारतीय सेना के साथ है। उन्होंने सभी व्यापारियों से मोदी जी और भारतीय सेना को तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की। प्रदेश महासचिव अनुज गुप्ता ने कहा कि वर्षों से पाकिस्तान अपने नापाक मंसूबों को पूरा करने के लिए सीमा के उस पार से घटिया हरकतें करता चला आ रहा है। भारतीय सेना पाकिस्तान को जवाब देने में पूर्णतया सक्षम है और जवाब भी दे रही है। पाकिस्तान का हर हमला नाकाम किया जा रहा है। हमें अपने देश के सैनिकों पर गर्व है। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारती भानु एडवोकेट, जिलाध्यक्ष विनय जैन, जिला महासचिव शांतनु शर्मा, नगराध्यक्ष सन्नी विजय मल्होत्रा, नगर महासचिव रोहित अग्रवाल, सरदार हरप्रीत सिंह बग्गा, प्रवीण जग्गा, विजेंद्र गुप्ता, सुशील कांबोज, अनुज अग्रवाल, अभिषेक, अनमोल सचदेवा, सतीश कुमार आदि ने भारतीय सेना और प्रत्येक भारतवासी की सुरक्षा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## लोगों से धोखाधड़ी कर लाखों हड़पने वाला शातिर जालसाज गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गंगोह पुलिस ने निवेश की रकम को दोगुना करने के नाम पर लोगो से धोखाधड़ी कर लाखों रुपये हड़पने वाले एक शातिर जालसाज को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से 04 फर्जी आधार कार्ड व एक कार बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

थाना गंगोह प्रभारी पीयूष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 8 मई को वादी विक्रम सिंह पुत्र सोहन निवासी मौ.छत्ता कस्बा व थाना गंगोह की तहरीर पर आरोपी बबलू शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी ग्राम बीनपुर थाना गंगोह द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर वादी के साथ धोखाधड़ी कर 30 लाख रुपये अपने खातो में डलवा लेने तथा वापस मांगने पर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना गंगोह पर मुकदमा




पंजीकृत किया गया था।

श्री दीक्षित ने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक नीरज कुमार तथा अमित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमें में वांछित आरोपी बबलू शर्मा को यूनिवर्सिटी तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से चार फर्जी आधार कार्ड व 01 कार बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया और बरामद कार को धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया। पूछताछ में आरोपी बबलू शर्मा ने बताया कि वह बैंक में लोन पास कराने का कार्य करता था और अपने आस-पास के क्षेत्रों के लोगो को झांसे में लेकर उनके द्वारा निवेश के लिये दी गयी रकम को दोगुना करने के नाम पर रुपये लेता था और बदले में उन्हें 01 रशीद व अपना फर्जी आधार कार्ड दे देता था, जिससे वो झाँसे में आसानी से आ जाते थे।

उसने विक्रम सिंह से निवेश के नाम पर 30 लाख रुपये लिये थे, जिसमें से कुछ उसने अपने खाते में व कुछ अन्य लोगो के खाते में डलवाये थे। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में 449645 वादों का निस्तारण किया



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 449645 वादों का निस्तारण किया गया और कुल धनराशि 366802251 अर्जित की गई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज जनपद सहारनपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के आयोजन से पूर्व न्यायिक अधिकारियों के सभाकक्ष में जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ किया। जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना ने कहा कि आज हम राष्ट्रीय लोक अदालत के महापर्व पर पूर्व की भाँति एकत्रित हुए हैं। हम सभी का उद्देश्य आम नागरिको को सुलभ एवं सस्ता न्याय प्रदान करना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लाभ वादकारियों को पहुँचाना है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अभय सैनी एंव महासचिव अजय कौशिक ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के 03 वाद, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवन्द्र सिंह के 146 वाद, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना प्रतिकर अम्बर रावत के बाद 59 वाद, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत नरेन्द्र कुमार के 09 वाद, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग सतीश कुमार अत्री के 09 वाद, अभय कृष्ण तिवारी, अपर जिला जज के 01 वाद, मौ0 अहमद खान, अपर जिला जज के 03 वाद, विकास गुप्ता अपर जिला जज के 03 वाद, शाश्वत पाण्डेय, अपर जिला जज के 02 वाद, पिंकू कुमार अपर जिला जज के 05 वाद, मनीष कुमार अपर जिला जज के 05 वाद, मोहित शर्मा अपर जिला जज के 01 वाद, आलोक शर्मा अपर जिला जज के 03 वाद, श्रीमती आराधना कुशवाहा अपर जिला जज के 06 वाद, संजय कुमार अपर जिला जज के 14 वाद, कमलदीप, अपर जिला जज के 07 वाद, श्रीमती मिनाक्षी सिन्हा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के वाद 5456 सौरभ श्रीवास्तव सिविल जज (सी0डि0) के 81 वाद, श्रीमती आस्था श्रीवास्तव अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के 2144 वाद, पप्पू कुमार सिंह अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के 1491 वाद, आशुतोष तिवारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के 2111 वाद, आशीष पाण्डेय, तृतीय अपर सिविल जज (सी0डि0) के 04 वाद, श्रीमती विदुषी मेहा, चतुर्थ अपर सिविल जज (सी0डि0) के 08 वाद, श्रीमती मीनल चावला अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चतुर्थ के 594 वाद, अमित कुमार वर्मा प्रथम अपर सिविल जज (सी0डि0) के 106 वाद, सुश्री अकांक्षा तिवारी सिविल जज जेडी नगर के 08 वाद, सुश्री इन्दिरा दानू, सिविल जज (जू.डि.) हवाली के 19 वाद, श्रीमती श्वेता यादव न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय के 1065 वाद, अमरेन्द्र कुमार वर्मा अपर सिविल जज (जू0डि0) के 21 वाद, विरेश कुमार सोनकर न्यायिक मजिस्ट्रेट तृतीय के 469 वाद, सुमित गुप्ता, चतुर्थ अपर सिविल जज (जू0डि0) के 65 वाद, रतन शेखर निर्मल, प्रथम अपर सिविल जज (जू.डि.) के 59 वाद, एल0के0 राठी अतिरिक्त जज एनआईएक्ट के 163 वाद, सुश्री ईशा कंशल सिविल जज (जू0डि0) के 45 वाद, आनन्द कुमार त्यागी स्पेशल न्यायिक मजिस्ट्रेट 367 के वाद एवं शक्ती सिंह ग्राम न्यायालय बेहट के 110 वाद निस्तारित हुये। इसके अतिरिक्त परमिन्दर सिंह सिविल जज एसडी/एसीजेएम देवबन्द के 31 वाद. आशीष आनन्द सिविल जज जेडी/जेएम देवबन्द के वाद 07 एवं प्रिंस जिदल, अपर सिविल जज (जू.डि.) के 02 वाद निस्तारित हुए। प्रशासन के कुल 432576 वाद निस्तारित हुए बैंको के लोन सम्बन्धी प्रिलिटिगेशन वाद के 1865 वाद निस्तारित हुए। इस प्रकार आज की राष्ट्रीय लोक अदालत में 449645 वादों का निस्तारण किया गया।

## मृतक आश्रितों को नियुक्ति का अवसर मिलना सराहनीय कदमः संजय

**धन्यवाद गोष्ठी आयोजित कर मुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री का जताया आभार**

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मृतक आश्रितों की भर्ती की कार्रवाई हेतु उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों ने धन्यवाद गोष्ठी आयोजित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनके फैसले से आज 1165 मृतक आश्रितों को नियमित नियुक्ति का अवसर मिला है, जो एक सराहनीय कदम है। इस दौरान कई लोगों ने संघ की सदस्यता भी ग्रहण की।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार आज उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ सहारनपुर क्षेत्र के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के कर्मचारियों द्वारा धन्यवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष संजय मोतला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा परिवहन निगम के विकास हेतु नई बसों को परिवहन निगम के बस बेड़े में जोड़ा गया एवं सेवा में रहते मृत्यु को प्राप्त हुए परिवहन निगम कार्मिकों के आज 1165 आश्रितों को नियमित नियुक्ति का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर परिवहन निगम के सैकड़ो कर्मचारियों द्वारा विभिन्न संगठनों की सदस्यता से त्याग पत्र देकर उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारियों का मुख्य अतिथि नगर विधायक राजीव गुम्बर एवं अन्य पदाधिकारियों ने माला पहनकर स्वागत किया। इस अवसर पर शुभम, अमित बाबू, तरंग पुंडीर, मांगेराम, अमित वालिया, रोहित तोमर काकरान, शिवांश, ऋषिराज यादव, पूनम तोमर, नीरज, अमरीश त्यागी, अनुज त्यागी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ऋषिराज यादव ने तथा संचालन सुभाष ने किया।

अवधनामा



# राम मंदिर में विराजित होगी लक्ष्मण की मूर्ति, 30 मई को होगी प्राण प्रतिष्ठा

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राम मंदिर में एक बार फिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी चल रही है। इस बार शेषावतार मंदिर, सप्त मंडपम व परकोटा के मंदिरों में विराजमान होने वाली मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन से पांच मार्च तक होगा। पांच मार्च को गंगा दशहरा पर सभी मंदिरों में एक साथ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। परकोटा और सप्त मंडपम की मूर्तियां मंदिरों के आसन पर विराजमान हो गई हैं। शेषावतार मंदिर की मूर्ति 30 मई को अयोध्या पहुंच जाएगी।

शेषावतार मंदिर में लक्ष्मण की मूर्ति स्थापित होगी। मूर्ति करीब साढ़े चार फीट होगी। वनवासी वेष में लक्ष्मण की मूर्ति को संगमरमर के पत्थर पर आकार दिया गया है। राजस्थान के जयपुर से मूर्ति बनकर 30 मई को अयोध्या पहुंचेगी। मूर्ति निर्माण का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। गंगा दशहरा पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद छह मार्च से परकोटा और सप्त मंडपम के मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन मिलने लगेंगे। शेषावतार मंदिर में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को इंतजार करना पड़ेगा। शेषावतार मंदिर के निर्माण का अभी 20 फीसदी काम बाकी है। शेषावतार मंदिर की ऊंचाई करीब 30 फीट होगी। मंदिर में वंशीपहाड़पुर के 17500 घनफुट लाल पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। शिखर पर कलश स्थापित किया जाएगा। कलश के ऊपर ध्वज दंड स्थापित होगा। यह सारे काम जुलाई के अंत तक पूरे हो जाएंगे। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि शेषावतार मंदिर का काम देर से शुरू हुआ था, एक से डेढ़ माह में यह मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। बताया कि सभी 14 मंदिरों के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी शुरू कर दी गई है। तीन दिवसीय उत्सव की रूपरेखा तैयार हो रही है।

# आपरेशन सिंदूर शत प्रतिशत सफल, भारतीय सेना का गौरव गान कर रही देश की जनता : राजेश अग्रहरि

अवधनामा संवाददाता



- सैन्य कार्रवाई के दौरान देश में बना हुआ है शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल
- मोदी जी ने देश में विकास, सेवा, सुरक्षा और विश्वास की राजनीति का नया वातावरण कायम किया
- भूगर्भ जल संरक्षण को जिला पंचायत अमेठी ने बनवाए हैं 45 अमृत सरोवर

**अमेठी।** भारतीय सेना की ओर से आतंकवाद के विरुद्ध चल रहे आपरेशन सिंदूर की चर्चा हर नगर और गांव में है। टेलीविजन और मोबाइल पर लोग सिर्फ यही जानना चाहते हैं भारतीय सेना कहां तक पहुंची। पाकिस्तान की कितनी मिसाइलें और सैन्य हथियार नष्ट हुए और सारी खबरें गौण हो गई हैं। लोग पी ओ के पर भारतीय सेना का अधिकार देखना चाहते हैं।

समसामयिक मुद्दों को लेकर अवधनामा ने शनिवार को देश के प्रसिद्ध उद्योगपति और अमेठी जिला पंचायत के अध्यक्ष राजेश अग्रहरि से बातचीत की। राजेश अग्रहरि ने कहा कि पहली बार भारतीय सेना का आपरेशन शत प्रतिशत सफल हुआ है। आतंकवाद के विरुद्ध भारत को पूरी दुनिया का समर्थन मिल रहा है। भारतीय सेना अपनी कार्रवाई कर रही है और देश में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम है।लोग निडर होकर अपने सभी उत्सव मना रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्र सरकार की रक्षा और विदेश नीति के मुद्दे पर रणनीति की चर्चा पूरी दुनिया में है। हमें भारतीय सेना के काम पर गर्व है। आपरेशन सिंदूर ने देश के हर नागरिक में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत किया है। आतंकवाद के विरुद्ध पूरा देश एकजुट है और दुनिया में भारत को एअर स्ट्राइक पर समर्थन मिलना केंद्र सरकार की बड़ी जीत है। राजेश अग्रहरि ने बताया कि पेयजल व्यवस्था और भूगर्भ जल भंडार को बढ़ाने के लिए जिला पंचायत की ओर से 45अमृत सरोवर बनवाए जा चुके हैं।वाटर कूलर भी लगवाए गए हैं।जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर तक नल परियोजना अमेठी जिले के हर गांव तक पहुंच गई है लोगों को स्वच्छ जल मिल रहा है। जिला पंचायत की ओर से आवागमन की सुविधा के लिए जनता की मांग के अनुरूप पक्के सम्पर्क मार्गो का निर्माण कराया जा रहा है। सभी जिला पंचायत वार्डो में विकास कार्य कराएं गये हैं। आगे भी प्रस्ताव के अनुरूप कार्य कराए जायेंगे।

पिछले आठ सालों में डबल इंजन की सरकार ने सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को धरातल पर उतारने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में विकास, सेवा, सुरक्षा और विश्वास की राजनीति का एक नया वातावरण तैयार किया है। भारतीय सेना की सैन्य कार्रवाई के दौरान मुस्लिम समाज के लोगों की ओर खुशी व्यक्त करना बड़ी बात है। ऐसा माहौल देश में पहली बार है, वरना पहले भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच के दौरान तमाम भारतीय मुस्लिम नवयुवक पाकिस्तान की जीत पर खुशियां मनाते थे।

## पीडीए समाज भाजपा सरकार में घुटन महसूस कर रहा

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** 77 समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक एवं पीडीए चर्चा चौपाल का आयोजन सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान के सिरमौरा बांगर आवास पर आयोजित किया गया। जिसमें अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष साजिद अली खान ने भारतीय जनता पार्टी के द्वारा समाज में जहर घोलने की बात कही , और अल्पसंख्यक सभा को आगामी चुनाव को मद्देनजर रखते हुए कड़ी मेहनत करने का आवाहन किया। कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में जिला सचिव विजेंद्र सिंह यादव प्रधान की उपस्थिति रही, इसी क्रम में सपा बाबा साहब वाहिनी के जिला अध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने सबको साथ लेकर 27 के मिशन को हर हाल में सफल बनाने की अपील करते हुए जुट जाने की बात कही।कार्यक्रम में जिला महासचिव मुजाहिद अंसारी, महानगर अध्यक्ष कमल हसन, जिला उपाध्यक्ष फैजान खान, जाहर सिंह यादव प्रधान, नगर अध्यक्ष सपा अश्विनी यादव, मुशीर खान विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर, बली मोहम्मद सदर आला हजरत कमेटी, सलमान पठान नगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, दीपक बौद्ध जिला सचिव, अनीश, फारुक अली, नासिर खान, श्री कृष्णा गौतम, आशू यादव, शरीफ खान, एहसान खान, मोईन खान, नसरुद्दीन खान, शादाब नगर सचिव, उपाध्यक्ष आफताब, हनीफ खान, शाकिर सिद्दीकी आदि की उपस्थिति रही।





## भारती कृषक एसोसियन की बैठक जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह के आवास पर संपन्न हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र के पखना रेलवे स्टेशन के पास स्थित ग्राम बनकटी में संगठन के जिला प्रभारी गजेंद्र सिंह के आवास पर भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत की बैठक जिला प्रभारी गजेन्द्र सिंह के आवास पर संपन्न हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक का संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री अम्बरीष कुमार शुक्ला द्वारा किया गया जिसमें निम्नांकित बिन्दुओं पर विचार किया गया जिसमें मुख्य रुप से प्रदेश में बिजली आपूर्ति नके बराबर भूमाफिया के ब्दारा कब्जा करना प्राइवेट स्कूलों में बढ़ती फीस कम करना और सबसे बड़ा मुद्दा भारत पाकिस्तान युद्ध मे राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यदि जरुरत पड़ी तो हमारा संगठन अपने बीर सैनिकौ के लिये पूरे प्रदेश में कैम्प लगाकर रक्तदान किया जाबेगा इस पर रामदास बर्मा एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष रामबीर पाल रामनारायन राजपूत निशांत त्रिवेदी किशन अग्निहोत्री रीतादेबी स्बातीपाण्डेय उदयप्रताप सिंह शिबमशील जन्टसिह आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन जागृति- किसी के बहकावें में आकर झूठे मुकदमें दर्ज न कराएं

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** शनिवार को ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में थाना प्रभारियों, महिला पुलिसकार्मिकों द्वारा महिला एवं बालिकाओं को ऑपरेशन जागृति-4 के उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और अभियान का जन-जन तक प्रचार प्रसार करने की अपील की गई। अनुपम कुलश्रेष्ठ अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा जोन स्तर पर महिलाओं / बालिकाओं की सुरक्षा / सशक्तिकरण / संवाद / परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु जोन स्तर पर ऑपरेशन जागृति अभियान की शुरूआत की गयी थी।

ऑपरेशन जागृति-4 के 06 मुख्य उद्देश्य इस प्रकार है-महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध की रोकथाम, उनकी सुरक्षा, समानता व अधिकार पर चर्चा महिलाओं को मोहरा बनाकर झूठे केस दायर करना किशोरावस्था में प्रेम प्रसंगों के कारण घर से पलायन साइबर हिंसा व सुरक्षा नशे के दुष्परिणामों से बचाव पारिवारिक विघटन के मामलों पर चर्चा। प्रशिक्षित बीट पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी/ बीट इंचार्ज द्वारा अपने अपने क्षेत्रों के ग्राम पंचायत स्तर पर गाँवों मौहल्ले में महिलाओं एवं किशोरियों के साथ समन्वय करते हुए विभिन्न कार्यक्रम, नुक्कड़ सभा आयोजित कर जागृति के उद्देश्यों के प्रति जागरुक किया जा रहा है । बीट पुलिस अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत व विद्यालयों में भ्रमण कर छात्राओं को जागरुक किया जा रहा है। आपरेशन जागृति अभियान की सहायता से महिलाओं / बालिकाओं के प्रति अपराधों में कमी आयेगी, गलत सूचनाएं दर्ज करने मे भी कमी आयेगी, कांउसलिंग और रिपोर्टिंग सिस्टम मजबूत होगा।

# देश को आर्थिक व सामरिक महाशक्ति बनाने के लिए एक देश एक चुनाव आवश्यक है: धर्मपाल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने शनिवार को कहा कि देश को आर्थिक व सामरिक महाशक्ति बनाने के लिए एक देश एक चुनाव आवश्यक है। श्री धर्मपाल सिंह शारदा यूनिवर्सिटी नॉलेज पार्क ग्रेटर नोएडा में आयोजित एक राष्ट्र एक-चुनाव विषय पर युवा टाउन हॉल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से पूर्व श्री धर्मपाल सिंह हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ भारतीय सेना के सम्मान, समर्थन तथा सेना के साथ एकजुट सारा देश का संदेश लेकर तिरंगा यात्रा लेकर निकले। इस अवसर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री महेश शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री सतेन्द्र शिसोदिया, विधायक मास्टर तेजपाल नागर, एमएलसी श्री श्रीचंद शर्मा, विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह, एमएलसी श्री नरेन्द्र भाटी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अमित चौधरी उपस्थित रहे। श्री धर्मपाल सिंह ने तिरंगा यात्रा में लोगों से रक्तदान की अपील करते हुए कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम हर परिस्थिति में विजय परिणाम देने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साथ पूरा देश है और सेना के अदम्य साहस को सैल्यूट करता है। श्री धर्मपाल सिंह ने युवा टाउन हॉल में संवाद करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव एक प्रशासनिक सुधार है। देश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव एक साथ और नगर निकाय व पंचायत चुनाव एक साथ हों तो देश के संसाधन भी बचेंगे और देश की श्रम शक्ति भी बचेगी, जो राष्ट्र नव निर्माण के काम आएगी। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार 2024 लोकसभा चुनाव पर लगभग एक लाख 24 हज़ार करोड़ ख़र्च आया। देश में लगातार होने वाले चुनावों और लगातार लगने वाली चुनाव आचार संहिता से विकास कार्य अवरुद्ध होते है। एक राष्ट्र एक चुनाव से देश में राजनीतिक स्थिरता आएगी जिससे भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। एक साथ चुनाव होने से देश का लाखों करोड़ रुपया बचेगा। तो वह पैसा देश की जनता के काम आयेगा और देश के नागरिक आत्मनिर्भर बनेंगे। जन जन की आत्मनिर्भरता से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन के लिये स्टैंडिंग कमेटी बनायी गई। कमेटी के अध्यक्ष देश के पूर्व राष्ट्रपति श्री राम कुमार कोविन्द को बनाया गया। आज यह विषय देश की जनता के दरबार में पहुंचकर जनमत तैयार कर रहा है। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बार बार होने वाले चुनाव से देश में देश और देशवासियों की भलाई के लिए बड़े और कड़े निर्णय नहीं हो पाते।

## थाना कदौरा में सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस आयोजित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** थाना कदौरा में शनिवार को सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मामलों के त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस पर जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कर शासन और प्रशासन के प्रति उनके विश्वास को कायम रखेंउन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों की मौके पर जाकर जांच करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि समाधान प्रक्रिया में पारदर्शिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्याय मिल सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अबधेश सिंह समेत अन्य संबंधित अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर करने में विफल रही हैं केन्द्र की सभी सरकारें

अवधनामा संवाददाता



- भारतीय संविधान के अनुरूप देश की शासन व्यवस्था के लिए संघर्षरत है बसपा : भीमराव अम्बेडकर
- मायावती के शासन की याद कर रही जनता
- संविधान के नाम पर झूठी राजनीति कर रही भाजपा और कांग्रेस

**अमेठी/तिलोई।** गांव चलो अभियान के अन्तर्गत बहुजन समाज पार्टी की बैठक रस्तामऊ सेक्टर में हुई। बैठक में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बहुजन समाज पार्टी के मुख्य मंडल प्रभारी और पूर्व एम एल सी भीमराव अम्बेडकर ने वर्तमान राजनीतिक परिवेश में पार्टी संगठन की मजबूती को कार्यकर्ताओं को कैडर दिया और सर्वसमाज के लोगों से बसपा को मजबूत करने की अपील की। भीमराव अम्बेडकर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी देश की एक मात्र राष्ट्रीय पार्टी है जिसने देश के सभी राज्यों में भाईचारा बनाओ फार्मूले पर सर्वसमाज का संगठन तैयार किया है। बसपा देश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं के अनुरूप शासन व्यवस्था की स्थापना को संघर्षरत है।

उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों को निशाने पर लिया और कहा कि केंद्र में गठित अब तक की लोकतांत्रिक सरकारों की नीति और नीयत में अंतर के कारण सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर नहीं हो पाई है।

शिक्षा लगातार मंहगी हुई है। गरीबी, बेरोज़गारी और भ्रष्टाचार की समस्याएं दूर नहीं हो पाई हैं। बाबा साहब डॉ अम्बेडकर देश में एक समान शिक्षा प्रणाली के पक्षधर थे। कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियां भारतीय संविधान के नाम झूठी राजनीति करके देश की जनता को गुमराह कर सत्ता में बने रहने की कोशिश में लगी हुई हैं। भीम राव अम्बेडकर ने बहुजन मुखिया बहन मायावती जी के चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल की उपलब्धियों का उल्लेख किया और कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग छः साल तक बसपा सत्ता में रही। बहन मायावती जी ने भारतीय संविधान को ठीक ढंग से लागू करते हुए कानून के द्वारा कानून का राज कायम किया और सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी दूर करने के साथ बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के सपनों को साकार करने का काम किया है। जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान ने कहा कि अच्छा शासन, अच्छा काम बी एस पी की पहचान है। बहन मायावती जी ने अपने कार्यकाल में गांवों में विकास की गंगा बहाने के साथ 26 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियों दी।

वर्तमान सरकार सरकारी नौकरियों को खत्म करने और ठेके पर कर्मचारी रखकर आरक्षण को खत्म करने की साज़िश कर रही है। ज्यादातर परीक्षाओं के पेपर लीक होने से नौजवान बेरोज़गारी का दंश झेल रहे हैं। एक भी भर्ती फाइनल नहीं हो पा रही है। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ बसपा नेता के के आर्य ने की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बहन मायावती जी के शासन की याद कर रही है। बैठक का संचालन विधानसभा प्रभारी विजय कुमार गौतम ने किया। शिवनायक पासी,माताफेर,रामावती, बाबू लाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय विरोधी वक्तव्य देने के सम्बन्ध में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अलीगढ़।** थाना मडराक पुलिस ने सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय विरोधी वक्तव्य देने के सम्बन्ध में एक अभियुक्त गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अनस पुत्र ताजू उर्फ ताजुद्दीन निवासी घासीपुर थाना मडराक द्वारा आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को सही ठहराते हुये भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ की गई कार्यवाही को गलत बताया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी की गई थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अमृत जैन के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी इगलास महेश सिंह के प्रर्यवेक्षण व अरविन्द कुमार थानाध्यक्ष मडराक द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी के सम्बन्ध में एक अभियुक्त अनस पुत्र ताजू उर्फ ताजुद्दीन निवासी ग्राम घासीपुर थाना मडराक को उसके मस्कन से गिरफ्तार किया गया।

## अजान देने जा रहे इमाम का शव पेड़ से लटका मिला, हत्या की आशंका, मस्जिद के माइक से की गई थी छेड़छाड़

**रामपुर।** खौदपुरा गांव में शनिवार मस्जिद में अजान देने के लिए निकले इमाम हाफिज अहमद हसन अंसारी (65) का शव गांव के बाहर आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। काफी देर तक मस्जिद में न पहुंचने पर लोगों ने खोजबीन शुरू की थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया। परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई है। वहीं, मस्जिद के माइक और बोर्ड से छेड़छाड़ की बात सामने आई है। मृतक के बेटे ने अज्ञात के खिलाफ हत्या की तहरीर दी है। हालांकि पुलिस फिलहाल इसे आत्महत्या मान रही है। गांव खौदपुरा निवासी हाफिज अहमद हसन अंसारी कई वर्षों से मस्जिद में इमामत और अजान देने का कार्य कर रहे थे। शनिवार सुबह लगभग चार बजे वह अजान देने के लिए घर से निकले थे। काफी देर तक अजान न होने और मस्जिद में उनके न पहुंचने पर नमाजियों ने मस्जिद के दूसरे इमाम मौलाना हामिद रजा को सूचना दी। हामिद रजा जब मस्जिद पहुंचे तो उन्होंने देखा कि माइक की तार टूटी हुई थी और पास लगे बोर्ड में भी छेड़छाड़ की गई थी। गांव निवासी इंतेजार अहमद ने माइक की मरम्मत कर अजान दी। इसके बाद हाफिज अहमद हसन को कॉल किया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। सुबह लगभग छह बजे खेत पर जा रहे एक ग्रामीण ने आम के बाग में उनका शव पेड़ से लटका देखा।

## अज्ञात कारणों के चलते ट्रक में लगी आग

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिले के एट थाना क्षेत्र अंतर्गत गिरथान गांव के पास एक खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। अज्ञात कारणों के चलते लगी इस आग ने कुछ ही देर में पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन धू-धू कर जलता रहा। बताया गया है कि ट्रक दो दिन पहले एक हादसे का शिकार हुआ था जिसमें 6 लोगों की मौत भी हुई थी।पलटे पड़े ट्रक को हाइवे किनारे खड़ा किया गया। जिसके कुछ देर बाद अचानक उसमें आग लग गई। जानकारी के मुताबिक दो दिन पूर्व एट थाना क्षेत्र में एक कार व ट्रक में भिड़ंत हो गई थी।। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद सड़क किनारे पलटे पड़े ट्रक को खड़ा किया गया। दोपहर अचानक इसमें आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया।स्थानीय ग्रामीणों ने आग की लपटें उठती देख तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और दमकल विभाग की टीम मामले की जांच में जुटी है। घटना के बाद क्षेत्र में कई तरह की चर्चाएं भी तेज हो गई हैं, क्योंकि दो दिन पहले हुए भीषण हादसे के बाद अब उसी ट्रक का इस तरह जल जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।



# अवैध मिट्टी खनन में लगी दो जेसीबी व एक ट्रैक्टर ट्राली सीज

अवधनामा ब्यूरो



सीज किए गए दोनों जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली

- खनन विभाग के कार्रवाई से अवैध मिट्टी कारोबारियों में हड़कंप

**कुशीनगर।** जिले में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का कारोबार धड़ल्ले से चला रहा है। चाहे जेसीबी हो या लोडर बगैर रजिस्ट्रेन मनमाने ढंग से किसानों के खेत से मिट्टी खनन कर कृषि योग्य खेत की उसर बना दे रहे है। इन अवैध कारोबारियों के खिलाफ खनन विभाग लगातार अभियान चलाकर कारवाई कर रहा है। इसी क्रम में शनिवार को पडरौना तहसील क्षेत्र के बाजार टोला नौरंगिया गांव में एक जेसीबी बिना परिवहन प्रपत्र खनन कर रहा था जिसे नेबुआ नौरंगिया थाने को सुपुर्द कर दिया गया। इसी प्रकार कसया में एक जेसीबी और एक ट्रैक्टर ट्राली को सीज करते हुए थाने को सुपुर्द कर दिया।

बता दें कि जिले के हर क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन कराए किसानों के खेत से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार तेजी से चल रहा है। इसके अलावा धुस क्षेत्र में भी मनमाने तरीके से मिट्टी खनन की जा रही है जिससे कृषि योग्य खेती तनिक लालच में बर्बाद हो जा रही है और जल स्तर में भी तेजी से गिरावट हो रही है। अवैध मिट्टी खनन ईंट भट्ठों के इर्द गिर्द व नगर पंचायत क्षेत्रों में बे रोक टोक किए जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है। किसानों को लालच देकर भट्ठा संचालक मनमाने ढंग से मिट्टी निकलवा रहे है। एक खेत का रजिस्ट्रेशन कराकर, अगल बगल व कई खेतों से मिट्टी निकली जा रही है। इतना ही नहीं मिट्टी धुलाई करने वाले ट्रैक्टरङ्गट्राली का भी कमर्शियल रजिस्ट्रेशन नहीं है। 12 साल से लेकर 14 साल तक के बच्चे सड़कों पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रालियों व डंफर दौड़ा रहे है जिससे आए दिन दुर्घटना होने की समाचार मिलती रहती है।

**इन क्षेत्र में तेजी से हो रहा है अवैध मिट्टी खनन-** हाटा तहसील क्षेत्र के डुमरी सवांगीपट्टी, पीपरा, खजवा, लालीपार, सिरसिया धुस, मथौली, मठिया उर्फ अकटहां, फर्दहां, सिकटिया, अथरहां, अजीज नगर, मुड़ीला हरपुर, मगुरहीं, अहिरौली क्षेत्र के सोनिया और अरकपुर, कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के गंभीरपुर, सिंघाड़ी धुस, खभराभार, पचार, राज मंदिर, लक्ष्मीपुर, मलूकहीं, रामकोला क्षेत्र के पुरैनी सहित जिले भर में अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है। प्रशासन अगर ठीक से जांच कर दे तो अवैध खनन की पुष्टि स्पष्ट हो जाएगी।

## यमुना किनारे स्थित सूर्य मंदिर बनेगा सांस्कृतिक पर्यटन का केंद्र, जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मदरा लालपुर गांव स्थित ऐतिहासिक सूर्य मंदिर एक बार फिर से अपनी भव्यता की ओर अग्रसर हो रहा है। यमुना नदी के किनारे स्थित यह प्राचीन मंदिर अपनी अद्भुत वास्तुकला और कोणार्क मंदिर से मिलती-जुलती शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध है। जिला प्रशासन अब इस सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठा रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने मंदिर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और इसके जीर्णोद्धार की योजना पर चर्चा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा, यह सूर्य मंदिर हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। इसे संवारने और संरक्षित करने के लिए कार्य योजना बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजी जाएगी। माना जाता है कि इस मंदिर की स्थापना भगवान श्रीकृष्ण के पौत्र साम्ब ने की थी, जो सूर्य देवता के परम भक्त माने जाते हैं। मंदिर की वास्तुकला प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर से प्रेरित है, जो इसे विशेष बनाती है। मंदिर यमुना नदी के तट पर स्थित होने के कारण न केवल धार्मिक रूप से, बल्कि पर्यावरण और पर्यटन की दृष्टि से भी अत्यंत आकर्षक स्थल है। सूर्य देवता की आराधना करने यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर परिसर से मिलने वाली आध्यात्मिक ऊर्जा व शांति यहां की विशेष पहचान है। जिला प्रशासन के इस पहल से अब उम्मीद की जा रही है कि यह ऐतिहासिक धरोहर न केवल संरक्षित होगी, बल्कि धार्मिक पर्यटन का एक प्रमुख केंद्र भी बनेगी।



## सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) वाद सं0 221 सन् 2021 न्यायमा.प्रधान न्यायाधीश,परिवार न्यायालय, सहारनपुर। बिजेन्द्र कुमार वाल्मीकी पुत्र पुन्ना राम वाल्मीकि, निवासी ग्राम फतेह चन्दपुर, गंगोह,तहसील नकुड़,ज़ि सहारनपुर....पैटीशनर.... (बनाम) 1-निकी चौटाला पत्नी बिजेन्द्र कुमार वाल्मीकी पुत्री प्रहलाद सिंह 2-नितिन पुत्र राजपाल सिंह निवासी हाल मकान नं. 119, निकट दावरा चौक, गोविन्द नगर, हिसार तहसील व जिला हिसार (हरियाणा) रेस्पोन्डेन्ट्स... हरगाह बिजेन्द्र कुमार वाल्मीकी (वादी) ने आपके नाम एक नालिश बाबत विवाह विच्छेद के दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि. 19 मई 2025 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होकर जवाब देही दावा कि करे हरगाह आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे मुकदमा बगैर हाजिरी आपके आपके समात एवं फैसला होगा और प्रार्थना पत्र अंतरिम निषेधाज्ञा की सुनवाई भी उसी रोज होगी। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के 10/3/25 को जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्यायधीश, परिवार सहारनपुर**

## सूचना

असल बैनामा जिसका विक्रेता राकेश कुमार पुत्र श्री प्रकाश् नि. म.नं.775 बडतला यादगार, सहारनपुर, क्रेता मौहम्मद नासिर पुत्र श्री मौहम्मद हनीफ नि. ग्राम रमजान पुरा, मजरा दरा मिलकाना तह.व ज़ि. सहारनपुर जो बही सं.1 जिल्द सं 9699 पृष्ठ सं. 363 से 408 कमांक स.1185 पर दि.9 माह 2 सन 2016 को उप रजि.प्रथम स. पुर में दर्ज है दूसरा असल बैनामा बही स.1 जिल्द स.2493/2506 पृष्ठ स.343 से 348 क्रमांक स.2880 पर दि.31.3.1983 को सब रजि.स. पुर में दर्ज है जिसका विक्रेता मो.इस्लाम पुत्र अब्दुल मजीद, रसूलपुर,स.पुर वे क्रेता राकेश कुमार जैन पुत्र श्री प्रकाश जैन, बड़तला यादगार स.पुर हैं उक्त बैनामे 27.3.25 को कहीं गिर गए ढूंढे नहीं मिले यदि मिले तो बताएं।

**मो.मुंतहिर मो.9319924960**

# सीएम योगी ने हनुमानगढ़ी में लगाई हाजिरी, रामलला के श्रीचरणों में झुकाया शीश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया। सीएम योगी रामकथा पार्क स्थित हैलीपेड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने संतों से भी की मुलाकात, पूछा कुशल-क्षेम मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। निर्माण कार्यों की प्रगति के बारे में ली जानकारी इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया, यहां चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली।

राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को यहां चल रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

# भारत-पाक जंग की कहानी जांबाज योद्धा की जुबानी

**कुमारगंज -अयोध्या।** बात उन दिनों की है जब वर्ष 1962 में चीन ने तिब्बत पर हमला किया था। रमजान खां भी फौज में भर्ती होने गए थे वहां उनका चयन पैदल सेना में हो गया। अयोध्या धाम से 50 किलोमीटर दूर इटौंजा गांव के भूतपूर्व सैनिक रमजान खां ने 1965 की भारत-पाक जंग के यादगार पलों को साझा किया। 80 वर्षीय रमजान खान पुत्र सादिक खां बताते हैं कि 25 नवंबर 1971 सियालकोट की लड़ाई जो की 1965 कि पाकिस्तान युद्ध का बदला लेने के लिए लड़ी गई थी उस समय इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री थी। वे 30 वर्ष की सेवा पूर्ण कर वर्ष 1990 में सूबेदार के पद से सेवानिवृत हुए।

9 सितंबर 1965 को जब पाकिस्तानी सेना अमृतसर पर कब्जा करने की फिराक में थी तभी भारतीय सेना को इसकी पहले से जानकारी हो गई। उस समय रमजान खान की पलटन अमृतसर के असर उत्तर गांव में तैनात थी। पाकिस्तानी टैंक जब सुबह 6 बजे पलटन के बीच पहुंचे, तब दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इस युद्ध में परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद ने पाकिस्तान के तीन टैंक नष्ट कर दिए। चौथे टैंक की ओर बढ़ते समय पाकिस्तानी सैनिकों ने उन पर गोला दागा।

इस हमले में अब्दुल हमीद वीरगति को प्राप्त हुए। भारतीय सैनिकों के जवाबी हमले से घबराकर पाकिस्तानी सैनिक भागने लगे। भारतीय सेना ने भागते सैनिकों को गिरफ्तार कर लिया और उनके बख्तरबंद वाहन, गोला-बारूद को भी कब्जे में ले लिया।जहां अब्दुल हमीद ने अंतिम सांस ली, वहां अमृतसर के असर उत्तर गांव में उनकी मजार बनी हुई है। हर साल 9 सितंबर को परमवीर चक्र पलटन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम होता है। इसमें भूतपूर्व सैनिक नई पीढ़ी के जवानों को उस ऐतिहासिक युद्ध की कहानी सुनाते हैं। 80 वर्षीय रमजान खान आज भी कहते हैं कि रिटायर होने के बाद भी देश को जरूरत पड़े तो वे लड़ने को तैयार हैं।

# ग्राम सभा रसड़ा में महाराणा प्रताप जयंती पर श्रद्धा व देशभक्ति का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मातृभूमि की रक्षा हेतु अपने जीवन का समर्पण करने वाले साहस, त्याग और बलिदान की मिसाल महान योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती ब्लॉक पूरा बाजार के ग्राम सभा रसड़ा में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वीरता और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूरज सिंह और उत्कर्ष सिंह ने व्यवस्थापक के रूप में विशेष भूमिका निभाई, जबकि संचालन कैप्टन प्रदीप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने कहा, ÷महाराणा प्रताप ने जिस प्रकार सभी वर्गों को साथ लेकर राष्ट्र की स्वतंत्रता हेतु संघर्ष किया, वह आज भी हमारे लिए आदर्श है। हमें उनके चरित्र और आत्मबल को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है।÷इसी क्रम में वक्ता अजय सिंह बग्घे ने कहा कि महाराणा के जीवन से हमें यह सिखना



चाहिए कि समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर ही हम किसी भी संघर्ष में विजय प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में क्षत्रिय समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक सिंह सन्त्री, राजमणि सिंह, सोनू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं वक्ताओं के रूप में रामभवन सिंह, रामचंदर सिंह, नीरज सिंह, अमित सिंह तथा राजेश सिंह आदि गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति और विचारों से कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

## खेरागढ़ में पीड़ित दलित परिवार को सांसद चाहर ने दी एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता



**आगरा।** खेरागढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 अप्रैल को देर रात्रि एक युवक ने 12 साल की नाबालिग बच्ची का घर से अपहरण कर कुछ दूरी पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया था। जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर 21 अप्रैल को युवक को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। घटना के बाद वाल्मीकि समाज के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे सांसद राजकुमार चाहर ने पीड़ित परिवार का हालचाल जानने बाद पीड़िता के लिए अपने निजी मद से एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की घोषणा की थी। जिसके बाद शनिवार को सांसद राजकुमार चाहर खेरागढ़ में वाल्मीकि समाज की पीड़ित बालिका के घर पहुंचे और पीड़िता के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहयोग किया जो बिटिया के विवाह के समय पर काम आ सकें। साथ ही परिवार के पालन पोषण के लिए एसडीएम ऋषिराव से वार्तालाप की। यह मदद उन्होंने पीड़िता के बालिग होने पर उसके विवाह के लिए सौंपी जिसके लिए इन रुपयों की एफडी कराई जाएगी। साथ ही पीड़िता की आगामी शिक्षा के खर्चे के वहन की जिम्मेदारी चेयरमैन सुधीर गर्ग गुड्डू ने ली। इस दौरान पूर्व विधायक महेश गोयल, एसडीएम ऋषिराव, नायब तहसीलदार विनोद कुमार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, वरिष्ठ नेता श्याम सुंदर पाराशर, पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश गर्ग, मोहन गोयल, राजीव जैन, राजू लवानिया,हरीश त्यागी, एसएसआई हरेंद्र कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आगरा में अब एयरफोर्स-अधिकारी के पिता डिजिटल अरेस्ट, 10 दिन में 15.80 लाख रुपये ट्रांसफर कराए

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा पुलिस की लाख कोशिशों के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के मामले नहीं रुक रहे। ताजा मामले में साइबर क्रिमिनल ने मुंबई क्राइम ब्रांच के नाम से कॉल करके आगरा में सैन्य अफसर के पिता को साइबर ठगी का शिकार बनाया। साइबर क्रिमिनल ने केस में फंसाने को धमकाया और 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। धमकी दी कि 50 लाख रुपये उधार लिए और लौटाए नहीं। मुंबई पुलिस और ईडी की कार्रवाई की धमकी देकर अलग अलग समय पर पांच में 15.80 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जानकारी अनुसार सिकंदरा थाना क्षेत्र में स्थित आवास विकास कॉलोनी सेक्टर 9 निवासी शिव कुमार शर्मा उर्फ एसके शर्मा (80) ने बताया कि विद्युत विभाग के सहायक अभियंता पद से रिटायर्ड हैं। पत्नी का देहांत गया है बेटा सैन्य अफसर है। शिव कुमार शर्मा के अनुसार 25 मार्च को एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। आरोपी ने मुझे पहचान पत्र दिखाया। मुझे जेल भेजने की धमकी दी। हर घंटे में दो बार कॉल किए मुझसे पंजाब नेशनल बैंक में 4.10 लाख रुपये जमा कराए। घर से निकलने पर रोक लगा दी। परिवार के लोगों से बात करने पर जेल भेजने की धमकी दी। इसके बाद मुझे 4 अप्रैल तक अलग-अलग 4 मोबाइल नंबरों से मुंबई पुलिस, ईडी और ट्राई के अधिकारी बनकर कॉल किए गए। इस दौरान बैंक खाता दिए जिनमें चेक के माध्यम से रकम जमा कराई गई। बैंक जाने और आने पर कॉल करके लोकेशन पूछते थे। 26 मार्च को 3.50 लाख रुपये, 3.80 लाख रुपये, 29 मार्च को 1 लाख, 3 अप्रैल को 2.10 लाख रुपये, 4 अप्रैल को 1.30 लाख रुपये जमा कराए।

# संत रविदास का दर्शन ही विकसित भारत संकल्प का प्रेरणास्रोत: योगी आदित्यनाथ

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचकर प्राचीन संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य और नवनिर्मित सत्संग भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री यहां सामूहिक सहभोज कार्यक्रम में शामिल होकर संतों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का विकसित भारत का संकल्प, सद्गुरू संत रविदास जी की प्रेरणा से ही आगे बढ़ रहा है। संत रविदास ने कहा था, ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे, रैदास रहे प्रसन्न, उनका यही दर्शन प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प का आधार है। हमारा देश तभी विकसित भारत बनेगा, जब हम एकजुट होकर जातिगत और आर्थिक विषमताओं को दूर कर सकेंगे। रविदास जी ने



सामाजिक चेतना को जागृत किया मुख्यमंत्री ने कहा कि आज एक नई अयोध्या का निर्माण हो रहा है और आज संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण और सत्संग भवन के लोकार्पण के साथ यह प्रक्रिया और सशक्त हुई है। उन्हाने इसके लिए महंत बनवारी पति ब्रह्मचारी जी महाराज को बधाई दी। सीएम योगी ने संत रविदास को मध्यकालीन संत परंपरा का सिद्ध संत बताते हुए कहा कि उन्होंने कर्मप्रधान व्यवस्था के माध्यम से सामाजिक चेतना को जागृत किया और सामाजिक विसंगतियों के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाई। आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ उठाई थी आवाज मुख्यमंत्री ने मध्यकाल के कठिन समय का जिक्र करते हुए कहा कि जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार और सनातन धर्म पर खतरे के बादल मंडरा रहे थे, तब काशी में संत रविदास ने सामाजिक एकता के लिए समाज को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने आडंबर और रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज उठाई और कर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनकी कहावत मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी प्रासंगिक है। आजादी के बाद से ही अयोध्या की उपेक्षा की गई, अब नई अयोध्या हमारे सामने सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी में सीर गोवर्धन को 10 वर्षों में भव्य स्वरूप दिया गया है और अयोध्या का कायाकल्प भी उसी दिशा में एक कदम है। उन्होंने अयोध्या में फोरलेन सड़कों, महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, माता शबरी के नाम पर अन्न क्षेत्र, निषाद राज के नाम पर यात्री विश्रामालय और राम की पैड़ी व सरयू घाट के सौंदर्यीकरण जैसे कार्यों का उल्लेख किया।

## भारत-पाक तनाव को देखते हुए आगरा में स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर, शहर को 10 सेक्टरों में बांटा गया

**आगरा।** भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर आगरा स्वास्थ विभाग अलर्ट मोड पर है। आगरा की स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं को सीएमओ ने परखा है साथ ही जरूरी दिशा निर्देश जारी किए हैं। भारत पाकिस्तान तनाव को देखते हुए स्वास्थ्य कर्मी कितने तैयार हैं और स्वास्थ्य विभाग की ओर से कहां अस्थाई अस्पताल बनाए गए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की दवाइयां की कितनी उपलब्धता हैं, एलबुलेंस सेवा को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। भारत पाकिस्तान तनाव को देखते हुए आगरा में स्वास्थ्य सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। संभावित आपात स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। सीएमओ आगरा डॉ अरुण श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि पूरे अर्बन एरिया को 10 सेक्टरों में बांट दिया गया है और प्रत्येक सेक्टर में एक रैपिड रिस्पॉस टीम तैनात की गई है जो आपातस्थिति से निपटने को तैयारी रहेगी। हर टीम में दो डॉक्टर और चार पैरामेडिकल स्टाफ शामिल होंगे। जिला स्तर पर भी तीन विशेष टीमों का गठन किया गया है, जिनमें डॉक्टर जैसे एनेस्थेसिस्ट और ऑर्थोपेडिक सर्जन के साथ दो पैरामेडिकल स्टाफ भी शामिल होगा। आगरा सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि जरूरी दवाओं और इंजेक्शनों का पर्याप्त स्टॉक हमारे पास मौजूद है, 20 मेडिकल किट भी तैयार की गई हैं, जिनमें से 10 किट रैपिड रिस्पोंस टीम के पास और 10 कंट्रोल रूम में रहेंगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का हुआ आयोजन, जिसमें कुल-463870 वादों का किया गया निस्तारण



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद आगरा में किया गया। जिसका उद्घाटन जनपद न्यायाधीश संजय कुमार मलिक द्वारा दीप प्रज्वलन कर माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर किया गया। जनपद न्यायाधीश एवं अपर जनपद न्यायाधीशगण द्वारा अन्य प्रकृति के 247 बादों का निस्तारण किया गया जिसमें जुर्माना धनराशि 182900/- अधिरोपित की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय व अतिरिक्त परिवार न्यायालयों द्वारा 97 यादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में पीठासीन अधिकारी मोटर दुघर्टना दावा अधिकरण के द्वारा 190 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें पीड़ित पक्षों को 160552608/- रूपये की प्रतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई। इस लोक अदालत में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे) / अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट / सिविल जज/अपर सिविल जज / न्यायिक मजिस्ट्रेट व अन्य न्यायालयों द्वारा कुल-12477 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जुर्माना धनराशि-3343760/- रूपये अधिरोपित की गई। इसके अतिरिक्त जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग-प्रथम व द्वितीय, स्थायी लोक अदालत, कॉमर्शियल कोर्ट-प्रथम व द्वितीय के द्वारा कुल-39 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें धनराशि-2514050/- रूपये अधिरोपित की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी कचहरी, आगरा के अलावा तहसील स्तर पर भी किया गया, जिसमें राजस्व से सम्बन्धित कुल 274221 वादों का निस्तारण कलेक्ट्रेट एवं तहसील स्तर के न्यायालयों द्वारा किया गया तथा यातायात चालान कुल-4215 तथा अन्य प्री-लिटिगेशन से सम्बन्धित कुल 171810 वादों का निस्तारण किया गया। इस लोक अदालत में विभिन्न बैंकों भारतीय स्टेट बैंक, यूको बैंक, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावत, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक, सिंडिकेट बैंक, भारतीय संचार निगम लिमिटेड, अन्य फाइनेन्स कम्पनी आदि के कुल 764 वादों का निस्तारण प्री-लिटिगेशन लोक अदालत के माध्यम से किया गया, जिसमें समझौता धनराशि-124710000/- रूपये सम्मिलित है। इस आयोजन में आने वाले आम जनमानस की सुविधा हेतु जगह-जगह पूछताछ केन्द्र बनाये गये जिस पर नामित अधिवक्तागण एवं पराविधिक स्वयं सेवकों की उपस्थिति सुनिश्चित की गयी। वादीगण द्वारा अपने वादों के निस्तारण हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित आये न्यायालय परिसर में वादकारीगण / अधिवक्तागण की चहल-पहल रही तथा शान्ति व्यवस्था में पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में तैनात रहा।

## मेधावियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा नगर के सवया स्थित शिव नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा एल के जी से इंटर तक के बच्चो को वार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें 99 मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक शिव कुमार सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथि जन का मन को मोह लिया उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि जो मेधावी अपने कक्षा में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किए है उनका पूरे वर्ष का शिक्षण शुल्क मुक्त रहेगा। इस प्रकार कुल 99 बच्चों का शिक्षण शुल्क मुक्त किया जाएगा विद्यालय के प्रबंधक ने हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में नवां स्थान प्राप्त करने वाली अमृता ज्योति को मेडल, शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।साथ ही साथ कक्षा 6 की आर्शिका प्रथम व अनुष्का द्वितीय स्थान , कक्षा 7की जारा प्रथम व अनामिका द्वितीय स्थान ,कक्षा 8 के अनमोल प्रथम व अंकुर सिंह को द्वितीय स्थान ,कक्षा 9 के।

## 14 अप्रैल को बाधित रहेगा विद्युत

**मिठौरा (महराजगंज)।** विद्युत उपकेंद्र मिठौरा क्षेत्र के मधुबनी फीडर 14 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक मिठौरा उपकेंद्र से फीडर बंद रहेगा। जानकारी देते हुये विद्युत उप केंद्र मिठौरा के अवर अभियंता जुगनू अंसारी ने यह जानकारी देते हुये कहा उच्चाधिकारियो के निर्देश पर फीडर को सुबह से शाम तक बंद किया जा रहा है।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**महराजगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अमरुतिया पासी टोला में शनिवार की सुबह पेड़ से लटकता हुआ शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरुतिया में जामुन के पेड़ से लटकता हुआ एक युवक का शव मिला। शव की पहचान पनियरा थानाक्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्मपुर निवासी मनोज के रूप में हुआ। जानकारी के अनुसार मनोज एक सप्ताह से अमरुतिया स्थित अपने ससुराल में विवाह समारोह में शामिल होने आया था। घटना की सूचना सुबह 10 बजे नगर चौकी इंचार्ज ने मृतक के परिजनों को दी। जब परिजन मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने मनोज का शव बगीचे में पेड़ से लटका हुआ पाया। इसके बाद परिजनों ने शव को नीचे उतारा और हत्या की आशंका जाहिर की। मृतक के पिता रामचरण ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया।

## विधि स्नातक के 96 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई

# मनु ला में द्वितीय दीक्षांत समारोह सम्पन्न



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** निचलौल स्थित मनु लॉ कॉलेज में शनिवार को द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात सत्र 2023-2024 के विधि स्नातक के 96 छात्र-छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि पंकज चौधरी ने अपने उद्बोधन में विधि के शासन की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को अविस्मरणीय और अतुलनीय बताया। उन्होंने कहा कि संविधान ने भारत को एक मजबूत लोकतांत्रिक ढांचा दिया है, जिसे देश के युवा विधिक सेवाओं के माध्यम से और सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने उपाधि प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज के वंचित, निर्धन एवं असहाय वर्गों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराएं और विधि क्षेत्र में श्रेष्ठता की ओर अग्रसर हों। डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की स्थापना, उसके उद्देश्यों और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने कॉलेज के छात्रों द्वारा प्रस्तुत मूट कोर्ट मंचन की सराहना की और तर्क-वितर्क की क्षमता के विकास में इसकी उपयोगिता को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ. अखिलेश्वर राय ने सभी उपाधि धारकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कु. अपर्णा त्रिपाठी एवं उप प्राचार्य डॉ. रुद्रेश कुमार ने किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, संतोष सिंह, निचलौल चेयरमैन शिवनाथ मद्धेशिया, अभिषेक पाण्डेय, गोलू सिंह, जेपी पाल, कृष्ण गोपाल जायसवाल, नरेंद्र खरवार, रमेश बर्मा,सुनील मद्धेशिया, राजेश्वर मणि त्रिपाठी, अनिल गुप्ता,दुर्गा मौजूद रहे।

## अज्ञात शव का शिनाख्त की अपील



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** कोठीभार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंदी स्थित पेट्रोल पंप के पीछे रेलवे ट्रैक पर शनिवार को सर से धड़ अलग हुए शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। राहगीरों ने जब क्षतिग्रस्त शव को रेलवे ट्रैक पर देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। युवक की उम्र लगभग 29 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शव का सिर क्षतिग्रस्त हैं। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है और आसपास के थानों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है। पुलिस ने शव का हुलिया जारी करते हुए लोगों से शिनाख्त में मदद की अपील की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा। तब तक शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया है।

## मुठभेड़ में दो कुख्यात लुटेरे गिरफ्तार, एक महिला आरोपी पकड़ी गई

# भिटौली थानाक्षेत्र में सर्राफा कारोबारियों से लूट की घटना को दिए थे अंजाम

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र में एसओजी, स्वाट टीम और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में सर्राफा कारोबारियों को लूटने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से दो आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद मौके से दबोचा गया, जबकि एक महिला आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि बीते 10 मई की सुबह करीब 4÷25 बजे की है, जब अगया नहर के समीप ग्राम भैसी क्षेत्र में पुलिस ने घेराबंदी कर दो आरोपियों को पकड़ लिया। मुठभेड़ के दौरान मुख्य आरोपी अरविंद यादव उर्फ बड़कू ने पुलिस पर फायरिंग की, लेकिन जवाबी कार्रवाई में घायल होकर वह पकड़ा गया। उसके



साथ दूसरा आरोपी अनूप राजभर भी मौके से दबोच लिया गया। बाद में पूछताछ के आधार पर पुलिस ने महिला आरोपी माया देवी को भी उसी दिन उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी पिस्टल, तीन कारतूस के खोखे, नकदी, दो आधार कार्ड, एक पासबुक और बिना नंबर की अपाची बाइक बरामद की। इसके अतिरिक्त पूछताछ में आरोपियों के निशानदेही पर लूट के जेवरात भी बरामद किए गए, जिनमें लगभग 1.260 किलोग्राम चांदी, 21 ग्राम सोना, चार जोड़ी पायल और दो सोने की गलाकर बनाई गई टिकिया शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरोह का मास्टरमाइंड अरविंद यादव पहले से ही कई संगीन मामलों में वांछित था और उसका लंबा आपराधिक इतिहास रहा है। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि लूट के बाद सोने के आभूषणों को पहचान से बचाने के लिए गलाकर टिकिया में बदल दिया जाता था। ये टिकिया अरविंद की फुआ माया देवी को सौंप दी जाती थीं, जो उन्हें बेचकर आरोपियों को रकम देती थीं।

# नेपाल राष्ट्र के तौलिहवा राधाकृष्ण मंदिर परिसर में भंडारा का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** नेपाल राष्ट्र के जिला कपिलवस्तु तौलिहवा में स्थित श्रीराधा कृष्ण मंदिर परिसर में स्थित मां शेरावाली मंदिर में कन्याओं का पूजन-अर्चन कर भंडारे का आयोजन किया गया। यह मंदिर नगर पंचायत शोहरतगढ़ के पूर्व डिप्टी चेयरमैन गोपी रुंगटा ने 24 मई 2011को बनवाया है। गोपी रुंगटा ने कहा कि मां शेरावाली मंदिर में हर वर्ष बैसाख माह भंडारे का आयोजन किया जाता है।

आयोजक नगर पंचायत शोहरतगढ़ के पूर्व डिप्टी चेयरमैन गोपी रूंगटा ने किया और उन्होंने कहा कि भारत नेपाल से रोटी बेटी ही नहीं आपसी प्रेम सद्भावना जुड़ा हुआ है। हर वर्ष बैसाख माह में श्रीराधा कृष्णा मंदिर परिसर तौलिहवा में स्थित मां शेरावाली मंदिर में कन्याओं का पूजन-अर्चन कर भंडारे का आयोजन किया जाता है। शनिवार को पड़ित केशव प्रसाद ने पूजा पाठ कराया। उसके बाद कन्याओं का पूजन-अर्चन कर गरीब व असहायों में वस्त्र वितरण किया गया और भंडारे में आयें हुए सभी भक्तगणों की गोपी रुंगटा व उनके परिवार के लोगों ने माता रानी शेरावाली के नाम का अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान पंडित केशव प्रसाद, आयोजक गोपी रुंगटा, नीलू रुंगटा, श्याम रूंगटा,अतिथी रुंगटा, शीतल रुंगटा, आशा रुंगटा, भीम चंद्र कसौधन, शिवकुमार, राकेश राज, पूजा गुप्ता, रामानंद पांडेय, सोनू सिंह, उमाशंकर वर्मा, नंदकिशोर पासवान, मंदिर कमेटी व नगर पालिका तौलिहवा नगर वासी मौजूद रहें।



# गुलदस्ता मातम के ज़ेरे निगरानी में जशने इमाम रज़ा का आयोजन

## मुकामी शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर खूब बटोरी वाहवाही



तसकीन हैदर

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इमाम हज़रत अली रज़ा अलैहिस्सलाम के बहुत उपाधियां हैं जिनमें सबसे प्रसिद्ध रज़ा है जिसका अर्थ है राज़ी व प्रसन्न रहने वाला। इस उपाधि का बहुत बड़ा कारण यह है कि इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम खुदा की हर इच्छा पर राज़ी व प्रसन्न रहते थे और इमाम अली रज़ा अलैहिस्सलाम के साथी एवं अनुयाई भी आप से प्रसन्न रहते थे और इमाम के दुश्मन उनकी अप्रसन्नता का कोई कारण नहीं ढूंढ पाते थे। उक्त बातें शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर स्थित इमाम बारगाह वक़्फ़ शाह आलमगीर सानी में शिया मुसलमानों के सातवें इमाम अली रज़ा अस की यौमे पैदाइश के मौके पर हल्लौर की रजिस्टर्ड अंजुमन गुलदस्ता मातम के ज़ेरे निगरानी में जशने इमामं रज़ा के तहत महफिल में तकरीर करते हुए इमाम जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन जैदी ने कही। मौलाना जैदी ने आगे कहा कि अत्याचारी शासक मामून रशीद यह सोचता था कि जब वह इमाम अली रज़ा अलैहिस्सलाम को अपना उत्तराधिकारी बना देगा तो इस प्रकार वह अपनी अवैध सरकार के विरुद्ध पैग़म्बरे इस्लाम (स) के अहलेबैत (पवित्र परिजनों) के चाहने वालों के आंदोलन को रोक सकेगा और साथ ही वह इमाम अली रज़ा अलैहिस्सलाम पर पूर्ण निगरानी रख सकेगा और सबसे महत्वपूर्ण यह कि वह अपनी अवैध सरकार को वैध दर्शा सकेगा परंतु इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम ने अपनी दूरगामी सोच से इस ख़तरे को इस्लाम को जीवित करने और मुसलमानों के मार्गदर्शन के अवसर में परिवर्तित कर दिया। महफिल की शुरुआत क़ारी माहताब हैदर ने तिलावते कलाम पाक से किया। ततपश्चात नातेपाक शादाब संजू, हानी और मोजिज़ ने पेश किया। इसके बाद मुकामी शायरों में बेताब हल्लौरी, शमशाद, फलक, हैदरे कर्रार, हसन जमाल, शबीह मास्टर, अम्मार हल्लौरी, अफसर, अज़ीम हल्लौरी, इक़्तेदार मेहदी, बशारत आलम, अज़ीम सज्जादी, काज़िम मेंहदी, नफीस सैय्यद, काविश हल्लौरी, एहतेशाम, मुमताज़, लकी आदि ने इमाम रज़ा की शान में कलाम व कसीदों के ज़रिए एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। हसन जमाल ने कहा भूखा सोता नही कोई जायर, है ये एक ख़ास इंतेज़ामें राज़ उसके बाद मुमताज़ ने कहा सब इमामे रज़ा के गुलाम आए हैं, शाहे मशहद को करने सलाम आए हैं आखिर में ज़ाकिरे अहलेबैत अज़ीम हैदर ने कहा कि हम लोगो को इमाम रज़ा के नक्शे कदम पर चलना चाहिए और तमाम लोगो के लिए दुआ की। महफिल का संचालन अज़ीम हल्लौरी व असग़र हल्लौरी ने किया। महफिल के अंत में अंजुमन गुलदस्ता मातम के सदर काज़िम रज़ा और सेक्रेटरी इंतेज़ार हुसैन शबाब ने आये हुए शायरों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# शासन के आदेश पर नापी गई ईदगाह रोड

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत बस्ती मार्ग, डीडी मार्ग से हल्लौर ईदगाह तक अर्थात मीरा धर्म कांटा से हल्लौर ईदगाह तक सम्पर्क मार्ग बनाने की मांग की है। वरिष्ठ समाजसेवी कसीम रिज़्वी ने जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि यह संपर्क मार्ग क्षेत्र के कई घरों को जोड़ता है, और इसकी वर्षा ऋतु में जलभराव और आवागमन बाधित हो जाता है, वही वर्तमान में भी आवागमन काफी जोखिमपूर्ण हैं, जिससे ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। खास तौर पर जब जल जमाव हो जाता है तब लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं मोहर्रम और ईद में लोगों को ताजिया व नमाज पढ़ने जाने में दिक्कत होती है इन्ही सब परेशानियों को देखते हुए वरिष्ठ समाजसेवी कसीम रिजवी ने जिलाधिकारी को चिट्ठी लिखी थी जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत वहां का मुआयना किया था तथा एक राजस्व टीम का गठन किया। टीम में तहसीलदार रवि कुमार यादव के साथ क्षेत्रिय राजस्व निरिक्षक अजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रिय लेखपाल देवेन्द्र कुमार राठौर, अम्बिका प्रसाद लेखपाल, पवन कुमार लेखपाल, राहुल वर्मा लेखपाल, विवेक कुमार लेखपाल आदि को लिखित आदेश किया कि हल्लौर ईदगाह चक रोड की नाप करवा कर निशान देही कर के इस रोड का कार्य मनरेगा से जल्द से जल्द शुरू कराया जाये। इसी संबंध में शनिवार को टीम ने चक रोड नाप कर निशान देही की तथा ग्राम प्रधान से जल्द से जल्द कार्य शुरू करवाने का निर्देश दिया। इस कार्य से ग्रामीणों में हर्ष है। इस मौके पर कसीम रिज्वी, आयत रिज़्वी, पप्पू पल्सर, सलीम प्रधान प्रतिनिधि राशिद रिज्वी कप्तान, काज़िम, धड़कन सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

> हल्लौर में ईदगाह के रास्ते (चकमार्ग सं0 870 व 863 व 843) का तहसीलदार ने किया सीमांकन



# नदी में नहाते समय दो भाई डूबे, परिवार में मचा कोहराम

## गोताखोरो के द्वारा नदी से निकाला गया शव पुलिस रही तैनात



अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** कुड़ा नदी के मोतियापुर कुड़ में स्नान करते समय शुक्रवार को नेतवर के जमाल शाह व साहिब शाह नदी मे नहाते समय पानी में डूब गये दोनों सगे भाईयों के डूबने के बाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सैनुवा के रहने वाले ग्रामीण व गोताखोरों के द्वारा बड़ी मशक्कत करने के 18 घंटे बाद शव निकाला जा सका है।

शव मिलने के बाद मौके पर तहसीलदार सदर अमित कुमार सिंह व थाना प्रभारी दिनेश कुमार सरोज ने पोस्टमार्टम कराने के लिए परिवार से कहा गया परिवार के लोग पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया इंकार के बाद पंचनामा बना कर परिजनों को शव को सौंप दिया। बताते चलें कि शुक्रवार कोतवाली क्षेत्र के नेतवर के जमाल व साहिब पुत्रगण फिरोज शाह शादी में मीट देने के लिए महादेवा बाजार के पास भेजा था।मीट देने के बाद दोनों अपने बाईक से घर के लिए आ रहे थे कि काल मन में समा गया और एका एक दोनों भाईयों ने नदी में नहाने का प्लान बनाया बाईक खड़ा कर नदी में नहाने उतर गये। कुंड की गहराई की जानकारी न होने के कारण साहिब गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। भाई को डूबते देख जमाल बचाने के लिए निकाले फुल पाइन्ट को पकडाने लगा उसी दौरान जमाल का भी पैर फिसल गया और वह भी कुंड में चला गया और डूब गया। वहां पास में एक बृद्ध के शोर करने पर ग्रामीण इकट्ठा होकर खोजने का प्रयास किया लेकिन रात हो चुकी थी शव नही मिल सका। पुलिस रात भर मौके पर तैनात रही। सुबह होते ही क्षेत्र के ग्राम सैनूवा से गोताखोरों को लाया गया । बड़ी मशक्कत से गोताखोरों सुबह दस बजे दोनों शवों को निकाल पायें। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

# समाधान दिवस में भूमि विवादों की भरमार एक का निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर जलालपुर कोतवाली परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह एवं तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने की। मौके पर कुल सात शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

समाधान दिवस में ज्यादातर मामले जमीनी विवादों से संबंधित रहे। मगुराडीला मदरहा निवासी रामचंद्र ने प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव के ही कुछ विपक्षियों द्वारा पिछले डेढ़ साल से जबरन उनके दरवाजे पर गेट नहीं लगने दिया जा रहा है। इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाई गई, पर समाधान नहीं हुआ, वहीं, रुकूंपुर कासिमपुर निवासी संतराम यादव ने आरोप लगाया कि पैतृक भूमि का बंटवारा होने के बावजूद विपक्षी रविंद्र नाथ विपिन उन्हें उनका हिस्सा नहीं दे रहे हैं और जबरन विरोध करने पर झगड़े की स्थिति बन जाती है, भस्मा निवासी जयराम यादव ने भी शिकायत दर्ज कराई कि कुछ लोगों द्वारा बंजर भूमि में अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वाजिदपुर निवासी बलराम ने आरोप लगाया कि विपक्षियों द्वारा सीमांकन से अधिक भूमि पर निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। समापन के अवसर पर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व शीघ्र निस्तारण किया जाए। इस मौके पर कोतवाल संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक अमरनाथ, लेखपाल धर्मेंद्र सिंह, गुलनाज बानो सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेडिकल कालेज में जल्द शुरू होगा पोस्टमार्टम डीएम ने दिया आधुनिक शवगृह को क्रियाशील करने के निर्देश

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सद्दरपुर का शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाल रोग, महिला रोग, इमरजेंसी वार्ड, दवा वितरण केंद्र, ओपीडी सहित विभिन्न विभागों व एकेडमिक ब्लॉक का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने बताया कि कॉलेज में आधुनिक शवगृह का निर्माण हो चुका है, इसके बावजूद अभी तक पोस्टमार्टम पुराने तहसील परिसर स्थित भवन में किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि शीघ्र ही नए शवगृह का संचालन शुरू किया जाए, जिससे चिकित्सकीय सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता बढ़े।निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने आए मरीजों और उनके तीमारदारों से बातचीत कर उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। साथ ही भर्ती मरीजों को दिए जाने वाले भोजन और नाश्ते की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। अकादमिक ब्लॉक का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई और सुविधाओं को लेकर बातचीत की। उन्होंने खेल-कूद को बढ़ावा देने और स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश भी कॉलेज प्रशासन को दिए। निरीक्षण के समय कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आभास कुमार सिंह, उप-प्रधानाचार्य डॉ. उमेश, मीडिया प्रभारी डॉ. विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## मजलिसे चेहलुम 12 को मौलाना मेहदी हसन करेंगे खेताब

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के जाफराबाद निवासी डॉ मोहम्मद कासिम एम डी सिविल हॉस्पिटल लखनऊ की वालिदा मरहूमा मसऊदा बेगम कर्बलाई बिन्त हाजी अल्ताफ हुसैन मरहूम के ईसाल -ए-सवाब के लिए मजलिस -ए -चेहल्लुम का आयोजन आगामी 12 मई को किया गया है। जाफराबाद स्थित बहिश्त-ए-वफा में आयोजित पहली मजलिस सायं 4 बजे होगी जिसको मौलाना मेहदी हसन वाईज खिताब करेंगे। दूसरी मजलिस रात्रि में 8 बजे मौलाना सैयद उरूजुल हसन मीसम खिताब करेंगे।मुजफ्फर हुसैन और उनके हमनवां मर्सिया ख्वानी पेश करेंगे। मजलिस से पूर्व अजहर कायमी व अंसर जलालपूरी पेश ख्वानी करेंगे। वही एक दिन पूर्व 11 मई को डॉ मोहम्मद कासिम के आवास पर रात्रि में जनानी मजलिस का आयोजन होगा जिसको फैजाबाद से तशरीफ़ ला रही जाकिरा शीरीं खानम रिजवी खिताब करेंगी। उक्त सूचना अली मेंहदी ने दी है।

## बीटेक छात्राओं ने बनाई 'आर्मी सेफ्टी घड़ी'



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (आईटीएम) की बीटेक द्वितीय वर्ष की पाँच होनहार छात्राओं (अदिति सिंह, मानशी सिंह, साक्षी सिंह, प्रगति वर्मा और आफरीन खातून) ने मिलकर देश की सेना के लिए एक अत्याधुनिक 'आर्मी सेफ्टी घड़ी' (एंटी-टेररिस्ट अटैक सेफ्टी वॉच) तैयार की है। यह घड़ी न केवल समय बताती है, बल्कि आतंकवादी हमलों के समय तत्काल सहायता के लिए 10 सेकंड के भीतर आर्मी हेडक्वार्टर, एटीएस (एटीएस) और स्थानीय पुलिस को अलर्ट भेज सकती है। इस घड़ी को तैयार करने में लगभग 15,000 खर्च और 10 दिन का समय लगा। जिसमें रेडियो ट्रांसमीटर-रिसीवर, जीपीएस चिप, मोबाइल सर्किट, अलार्म सिस्टम, 3.7 वोल्ट बैटरी और ब्लूटूथ जैसी तकनीकों का प्रयोग किया गया है। संस्थान के निदेशक डॉ. एन.के. सिंह ने कहा, देश के लिए कुछ नया और उपयोगी बनाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष नीरज मातनहेलिया, सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री निकुंज मातनहेलिया एवं संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई दी।

# उत्तर प्रदेश विद्युतकर्मियों का निजीकरण को लेकर फूटा गुस्सा, ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति रद्द करने की मांग

## सीमा पर युद्ध की स्थिति को देखते हुए आगामी 14 मई तक कोई आंदोलन न करने का निर्णय लिया था

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने सभी वितरण निगमों से कंसल्टेंट द्वारा डेटा मांगने पर निजीकरण की आशंका जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। समिति ने अवैध रूप से नियुक्त कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति तत्काल रद्द करने की मांग की है।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि अवैध ढंग से नियुक्त ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन के एसोसिएट डायरेक्टर चंदन चटर्जी ने मुख्य अभियंता राजस्व अफेयर्स यूनिट को ईमेल भेजकर वित्तीय वर्ष 2024-25 के 31 मार्च तक पिछले पांच वर्षों का डेटा मांगा है। संघर्ष समिति ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन ने ग्रांट थॉर्टन को पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के लिए आरएफपी डॉक्यूमेंट तैयार करने हेतु नियुक्त किया था। लेकिन, कंसल्टेंट द्वारा सभी वितरण निगमों का डेटा मांगने से यह स्पष्ट हो गया है कि पावर कॉरपोरेशन सभी वितरण निगमों का निजीकरण करने की तैयारी में है। इस खुलासे से बिजली कर्मियों में भारी आक्रोश है। समिति ने सीमा पर युद्ध की स्थिति को देखते हुए आगामी 14 मई तक कोई आंदोलन न करने का निर्णय लिया था और उम्मीद जताई थी कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन भी टकराव से बचने के लिए निजीकरण की प्रक्रिया रद्द करेगा। लेकिन, कंसल्टेंट द्वारा सभी निगमों का डेटा मांगने से कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ गई है। संघर्ष समिति ने मांग की है कि झूठा शपथ पत्र देने वाले और फर्जीवाड़ा करने वाले कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन की नियुक्ति तत्काल निरस्त कर उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही, समिति ने सभी अभियंताओं और कर्मचारियों से अपील की है कि वे अवैध रूप से नियुक्त कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन को कोई भी दस्तावेज या डेटा उपलब्ध न कराएं। समिति ने कहा कि सीमाओं पर संकट के समय पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन द्वारा इस तरह का कदम उठाने से स्थिति और बिगड़ सकती है, जिसकी तीखी प्रतिक्रिया स्वाभाविक है।



## बिना मान्यता के संचालित दो विद्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज सिंह द्वारा कराया गया बंद



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सिद्धार्थनगर शैलेश कुमार के निर्देश पर आज दिनांक 10/05/2025 को विकास क्षेत्र खेसरहा के ग्राम पंचायत कुर्थिया में संचालित गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय गौतम बुद्ध एकेडमी कुर्थिया एवं श्रीराम ग्लोबल एकेडमी कुर्थिया को बंद कराया गया। गौतम बुद्ध एकेडमी का संचालन कक्षा 1 से 5 तक किया जा रहा था जिसमें 35 बच्चे अध्ययनरत थे। विद्यालय के प्रबंधक सिकंदर कुमार को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों का आगामी 5 दिवस में नजदीकी परिषदीय विद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में नामांकन कराएं एवं इसकी सूचना कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा को प्राप्त कराएं। इसी क्रम में श्री राम ग्लोबल एकेडमी, कुर्थिया का संचालन कक्षा 1 से 5 तक किया जा रहा था जिसमें 40 -45 बच्चे अध्ययनरत थे। विद्यालय के प्रबंधक आर के यादव को निर्देशित किया गया कि विद्यालय में अध्ययनरत सभी बच्चों का आगामी 5 दिवस में नजदीकी परिषदीय विद्यालयों अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन कराएं और इसकी सूचना कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी खेसरहा को प्राप्त कराएं, यदि ऐसा नहीं किया गया तो संबंधित के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई हेतु बाध्य होना पड़ेगा। खंड शिक्षा अधिकारी खेसरहा नीरज कुमार सिंह ने बताया कि अन्य गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को भी नोटिस जारी की गई है यदि वह विद्यालय बंद नहीं करते हैं तो एक अभियान चलाकर जल्द ही खेसरहा ब्लॉक के समस्त गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराया जाएगा।

## थाना समाधान दिवस पर 15 मामले आये

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को थाना समाधान दिवस पर सहजनवां थाने में अध्यक्षता तहसीलदार सहजनवा राकेश कन्नौजिया ने किया इस दौरान 7 मामले आए थे। जो राजस्व से संबंधित थे। 3 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया । हरपुर बुदहट थाने में थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार रामसूरत ने किया इस दौरान तीन मामले आए थे। जो राजस्व से संबंधित थे। 1 मामले का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। गीडा थाने में समाधान दिवस की अध्यक्षता नायब तहसीलदार दुर्गेश चौरसिया ने किया यहां 5 मामले आए थे। जो राजस्व से संबंधित थे। किसी मामले का निस्तारण नहीं हो सका। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित किया गया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह,एसओ महेश कुमार चौबे, एसओ मदन मोहन मिश्र सहित अनेक राजस्व कर्मी मौजूद थे।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी ठोकर, मौत

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सरैया हाईवे कट के पास दोपहर में एक अज्ञात वाहन ने एक बाइक को ठोकर मार दिया ।जिससे बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई।तथा दो लोगों को हल्की चोटे आई। शनिवार को संत कबीर नगर जिले के महुली थाना काली कोदवट निवासी सतेंद्र कुमार पुत्र रामनाथ उम्र 35 वर्ष अपने एक महिला रिश्तेदार सहजनवा के अड़ीलापार निवासी सीमा तथा उसकी 5 वर्षीय पुत्री को लेकर खलीलाबाद दवा करने के लिए जा रहे थे।जैसे ही स्थानीय थाना क्षेत्र के सरैया हाईवे कट के पास पहुंचे थे कि पीछे से एक अज्ञात वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया।जिससे बाइक सहित तीनों लोग सड़क पर गिर गए। बाइक चालक सतेंद्र कुमार के सिर पर वाहन का पिछला पहिया चढ़ जाने से मौके पर मौत हो गई। बाकी दो लोग दूर छिटक कर चले गए।जिससे बच्ची और उसकी मां को हल्का खरोच आया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सहजनवा सीएचसी पहुंचाया। और शव को कब्जे में ले लिया।स्वजन ने बताया कि मृतक विवाहित है। तथा उसके पास दो बच्चे है। इस बारे में एस आई मृत्युंजय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

## रिहायशी झोपड़ी में आग लगने के बाद निकाला तमंचा, ग्रामीणों ने दबोचा

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोला थाना क्षेत्र के नगवा भगवान गांव में बगल के अकोल्हा गांव का एक युवक अपने खेत की पराली जला रहा था। इसी दौरान आग गांव की रिहायशी झोपड़ी में पकड़ लिया। जिसका विरोध करने पर युवक महिला को पीटते हुए तमंचा निकाल लिया। गांव के लोगों ने युवक को तमंचा के साथ पकड़ कर धुनाई कर दी और पुलिस को सौंप दिया।



मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। पीड़िता ने तहरीर दे दी है। खबर लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ था। वैसे दोनों परिवारों के बीच पुरानी रंजिश बताई जा रही है। गांव की सुमन पुत्री रामसकल ने तहरीर में लिखा है कि शनिवार को सुबह सात बजे के लगभग इसी ग्राम पंचायत के अकोल्हा टोले का रहने वाला एक व्यक्ति हमारी झोपड़ी में आग लगा दिया। जिससे झोपड़ी पूरी तरह से जलकर राख हो गई। जब हमने विरोध किया तो उसने कट्टा निकाल कर सटा दिया, जान से मारने की धमकी देने लगा और जातिसूचक गालियां देते हुए मारने पीटने लगा तथा पास में लिए एक झाडू से आंख में चुभा दिया। सूचना पर पहुंचे भाइयों व ग्रामीणों की मदद से जान बची। पीड़िता ने बताया कि अभी एक माह पूर्व आरोपित युवक ने पीड़िता के बड़ी बहन के लड़के का मारकर पैर तोड़ दिया था। इसके बाद परिजनों ने मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र को रजिस्ट्री भेज कर कार्यवाही की मांग किया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपित पर पूर्व में भी हत्या जैसे गंभीर मामले दर्ज है। इस मामले में कोतवाल अंजुल चतुर्वेदी का कहना है कि मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## निकाली जायेगी भव्य भारत शौर्य तिरंगा यात्रा

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पूर्वक संपन्न होने पर भारतीय सेना के वीर सैनिकों के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन पर जनपद अंबेडकर नगर में दिनांक 11 मई 2025 को प्रातः 8 बजे से पटेल तिराहे से पुरानी तहसील तिराहे तक भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में माननीय जनप्रतिनिधिगणों के साथ ही समस्त विभागों के अधिकारीगण, एनएसएस, स्काउट, एनसीसी कैडेट्स के साथ-साथ बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ हाथों में तिरंगा लहराते हुए देशभक्ति के नारों के उद्घोष के साथ सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का राज्य स्तर पर शुभारंभ माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा 5 कालिदास मार्ग लखनऊ से किया जाएगा। जिलाधिकारी ने भारतीय सेवा के सम्मान में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा में सभी को सम्मिलित होने की अपील करते हुए कहा कि आइए हम सभी मिलकर एक साथ, एक ध्वज, एक स्वर में सेना को सम्मान दें।

## भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को लेकर बैठक

**उरई ( जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने शौर्य तिरंगा यात्रा को लेकर विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेनाओं के सम्मान में एक राष्ट्र, एक संकल्प की भावना को लेकर आयोजित की जा रही है। जनपद में इसका शुभारंभ 11 मई 2025 को प्रातः 08:30 बजे पुलिस लाइन से टाउन हॉल तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।

## युद्ध नहीं, तो क्या है?

बीते बुधवार और गुरुवार की रातों में पाकिस्तान ने भारत के कुल 27 शहरों पर 100 से अधिक हवाई हमले किए। यह दीगर है कि हमारे रक्षा-कवच 'एस-400 सुदर्शन चक्र' ने उन्हें नाकाम करते हुए टुकड़े-टुकड़े कर दिया। पंजाब, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान के सीमावर्ती शहरों और गुजरात में कच्छ-भुज को निशाना बनाया गया था। यह टकराव घंटों जारी रहा। पाकिस्तान ने मिसाइल, ड्रोन, रॉकेट से हमले किए, लेकिन हमारे रक्षा-कवच अभेद्य साबित हुए और दुश्मन के हमलों को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। पाकिस्तान ने हमारे सैन्य ठिकानों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों को भी निशाना बनाया। उसके तमाम हमले विनष्ट कर दिए गए और उसका आक्रमण नाकाम साबित हुआ। पाकिस्तान के करीब 50 ड्रोन हवा में ही चिंदी-चिंदी कर दिए गए। राजस्थान के जैसलमेर में 70 मिसाइलें और जम्मू में 8 मिसाइलें मार गिराई। यही नहीं, भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दो जेएफ-17 और दो एफ-16 लड़ाकू विमानों को जमीन सुंघा दी। जेएफ चीनी और एफ अमरीकी जेट विमान हैं। पाकिस्तान ने जम्मू, ऊधमपुर, पठानकोट, जैसलमेर आदि शहरों में वायुसेना के आधारों को नष्ट करने की मंशा से कई हमले किए, लेकिन सभी नाकाम, नष्ट कर दिए गए। कई शहरों में ब्लैकआउट करना पड़ा, हवाई अड्डों को बंद करने पड़ा और 'रेड अलर्ट' घोषित करना पड़ा। हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। गुरुवार रात में ही भारतीय सेनाओं ने पलटवार कर लाहौर, कराची, पेशावर, सियालकोट और राजधानी इस्लामाबाद तक के पाकिस्तान को थर्रा और दहला दिया। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय को फिलहाल बख्शा गया है, लेकिन वहां ड्रोन से हमले जरूर किए गए हैं। रावलपिंडी का स्टेडियम तहस-नहस कर दिया गया है। इन शहरों में तैनात एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह कर दिया गया है। पाकिस्तान का 'अवाक्स सिस्टम' बर्बाद कर दिया गया है। पाकिस्तान का 'रडार सिस्टम' भी विनष्ट कर दिया गया है। भारतीय नौसेना के युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' ने पाकिस्तान की व्यावसायिक-आर्थिक राजधानी कराची को दहला दिया है।

कराची में ही पाकिस्तान की सबसे बड़ी बंदरगाह और वहां का नौसेना मुख्यालय है। जब ये हमले शुरू हुए, उसके करीब दो घंटे के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक इंटरव्यू में कबूल किया कि हमले किए गए हैं और हालात युद्ध जैसे हैं। पाकिस्तान यह कथित युद्ध आधा हार चुका है, क्योंकि उसके प्रमुख डिफेंस सिस्टम और रडार प्रणाली बर्बाद हो चुके हैं। अब पाकिस्तान को हवाई हमलों की जानकारी कैसे मिलेगी और वह देश की रक्षा कैसे कर सकेगा? यही युद्ध नहीं है, तो क्या है? नुकसान दोनों तरफ कितना हुआ है, उसका हिसाब अभी सामने आना है। प्रधानमंत्री मोदी लगातार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकातें कर रहे हैं और हमलों के ब्रीफ ले रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 11 साल के अपने कार्यकाल के दौरान सुरक्षा से जुड़े मंत्रालयों के सचिवों से पहली बार, एकसाथ बैठक की और आपात स्थितियों की तैयारियों को जानने की कोशिश की। यह युद्धकालीन कवायद ही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार सुबह भी 'साउथ ब्लॉक' में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान समेत तीनों सेना प्रमुखों से एक महत्वपूर्ण मुलाकात और बैठक की है। देश के प्रमुख शहरों समेत राजधानी दिल्ली में 'आपात अलर्ट' घोषित किया गया है। दिल्ली में कुतुबमीनार और लालकिला सरीखे ऐतिहासिक स्मारकों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विदेश मंत्री जयशंकर अमरीका, इटली, स्पेन, यूरोपीय संघ आदि के विदेश मंत्रियों और नेताओं से संवाद कर चुके हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है। भारत ने अचानक और पाकिस्तान को बिन बताए कश्मीर के दो बांधों-बगलिहार और सलाल-के गेट खोल दिए हैं। नतीजतन पाकिस्तान में बाढ़ के हालात बन सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी विश्व भर से भारत को समर्थन जुटा रहे हैं। बहरहाल, युद्धविराम के नियमों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है, तो यह युद्ध नहीं है, तो और क्या है?

## भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान पस्त

**संजीव ठाकुर**

पहलगाम में 27 निर्दोष लोगों की हत्या और मासूम महिलाओं के सिंदूर को उजाड़ने के फलस्वरुप भारत सरकार और भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चला कर नौ आतंकवादियों के अड्डों और 21 ठिकानों पर जोरदार बमबारी कर उसे पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है और लाहौर, रावलपिंडी, इस्लामाबाद तथा अन्य हवाई ठिकानों को भी बम से उड़ा दिया गया है। पाकिस्तान इसके बावजूद लगातार भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, गुजरात एवं राजस्थान में 400 से ज्यादा ड्रोन हमले कर चुका है जिसे भारतीय सेवा ने नाकाम कर दिया है यह बहुत अच्छी बात है कि इसमें भारत को बहुत कम नुकसान हुआ है भारतीय फौज की कार्रवाई से पाकिस्तान पूरा का पूरा उजड़ कर दहशत में आ गया है और वहां हड़कंप मचा हुआ हैद्य इसी दौरान इंटरनेशनल मोनीटरी फंड ने लगभग 2300 अरब डॉलर पाकिस्तान को धनराशि मुहैया कराई है अब देखना यह है कि पाकिस्तान उसे अपनी जनता को खाना खिलाएगा या पुरी की पूरी धनराशि युद्ध में झोंक देगाद्य अपुष्ट खबर यह है की सेना के जनरल असीम मुनीर और वहां के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ देश छोड़कर भागने की तैयारी में है और फौजियों का मनोबल गिर चुका है वहां के फाइटर पायलट भारत के विरुद्ध विमान उड़ाने से डर कर हाथ ऊपर खड़े कर चुकें हैं। अब तो भारतीय फौज की कार्रवाई से यह तय हो गया है कि पाकिस्तान के 1971 की तर्ज में जब इंदिरा गांधी ने पूर्वी पाकिस्तान को बांग्लादेश का नाम देकर उसे स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा दिलवाया था अब भारत और भारत की सरकार और भारतीय सेना पाकिस्तान के चार टुकड़े करवाएगी तब जाकर पाकिस्तान की आत्मा को शांति मिलेगी अन्यथा वह आतंकवादियों का लगातार पालनहार बना रहेगा। न्यूज एजेंसियों के अनुसार बलूचिस्तान की लिबरेशन आर्मी ने पीओके के महत्वपूर्ण तीन चौथाई चौकिया पर अपना कब्जा जमा लिया है और वहां पर बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और पाकिस्तानी फौजियों की जबरदस्त जंग जारी है। बलोची भी विद्रोह करने में आमादा हो गए हैं ऐसे में भारत सरकार को कुछ करने की आवश्यकता ही नहीं है।

मां के मरने से तड़पने के सिवा कुछ भी नहीं।
सर से जो उठ गया साया तो रहा कुछ भी नहीं।।
बताओ मां को मैं अपनी कहां ढूंढूं ऐ दिल।
घर के हर सिम्त खामोशी के सिवा कुछ भी नहीं।
आपका साया ही बहुत था ज़िंदगी के लिए।
साथ वह ले गई आप अपने रहा कुछ भी नहीं।।
अपने आंचल में छुपा लें फिर एक बार मुझे।
बेकरार आँखों में ख़्वाबों के सिवा कुछ भी नहीं।।
हज़ारों रंज ओ ग़म झेले हैं मैने हंस हंस कर।
आंधियां आई भी तो मुझको हुआ कुछ भी नहीं।
अबकी टूटी हूं तो बिखरी हूं चूर चूर होकर।
ज़ब्त किया ऐसे के लगता है हुआ कुछ भी नहीं।।
जो दिल का दर्द था कागज़ पे लिख दिया सारा।
और क्या लिखे 'वफ़ा' अब तो बचा कुछ भी नहीं।।



**'वफ़ा लखनवी'**
**(डॉ. बिन्नो अब्बास रिज़वी नगर निगम)**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने स्पष्ट चेतावनी दे दी है। हमारी सेनाएं और अर्धसैनिक बल फिलहाल 'सुपर अलर्ट' हैं। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बहरहाल अब हमें आतंकवाद पर स्पष्ट राष्ट्रीय नीति बनानी होगी। भारत पाकिस्तान को 'आतंकी देश' और 'शत्रु देश' घोषित करे। पाकिस्तान के मारे गए फौजियों के ताबूतों पर राष्ट्रपति और सेना प्रमुख जनरल मुनीर के नाम के फूल अर्पित किए गए। ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेट कर फौजियों ने सलामी दी।**

# आतंकियों का काल बनेगा ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर का नाम पाकिस्तान में पलने वाले आतंकियों की नस्लें कई पुशतें भूल नहीं पाएंगी। आतंकी ठिकानों को तहस नहस करने के लिये भारतीय सैन्य बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की गूंज पूरी दुनिया में सुनाई पड़ रही है। आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद पाकिस्तान अपनी गलती मानने की बजाय लगातार भारतीय सैन्य ठिकानों और सिविल क्षेत्रों को अपना निशाना बना रहा है। वो तो गनीमत है कि हमारा एयर डिफेंस सिस्टम इतना मजबूत और आधुनिक है कि वो पाकिस्तान के हर हमले को नाकाम कर रहा है। बावजूद इसके पाकिस्तान लगातार भारत को युद्ध के लिए उकसाने की हरकतें कर रहा है।



**रोहित माहेश्वरी**

बात देश के सैनिकों की वीरता की कि जाए तो जांबाज सैनिकों का क्या निशाना था, क्या लक्ष्य चिह्नित किए गए। हमारी सेनाओं ने 6-7 मई की दरमियानी रात में 1.05 बजे से 1.30 बजे के मात्र 25 मिनट के समय में आतंकियों के 9 अड्डे मिट्टी में मिला दिए और 100 से अधिक आतंकियों को ढेर कर दिया। पहलगाम नरसंहार में यहीं के आतंकियों ने हमारी बहू-बेटियों के 'सिंदूर' मिटा दिए थे। एक ही प्रतिघात में 35 साल पुराने प्रतिशोध भी ले लिए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम दिया था। उनका यह कथन भी सार्थक साबित हुआ कि आतंकियों की बची-खुची जमीन को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है।

लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को भी नेस्तनाबूद कर दिया। जैश के सरगना मसूद अजहर की टिप्पणी ही हमारे हमलों की आक्रामकता की पुष्टि करती है-काश! मैं भी मर जाता, तो अच्छा होता।' ऑपरेशन में उसकी पत्नी, बेटे, बहन-बहनोई, भांजा-भांजी, भांजे की बीवी, भतीजा आदि खानदान के 10 लोगों को भी 'मिट्टी' होना पड़ा। सरगना के करीबी 4 लोग भी मारे गए। पहलगाम में आतंकियों ने भारत की बेटियों को कहा था-तुम्हें नहीं मारेंगे। जाओ और मोदी को बता दो।' पीएम मोदी को तो खुद एहसास था कि 'सिंदूर' मिटाया गया है, लिहाजा उनके आदेश पर सेनाओं ने साझा ऑपरेशन तय कर, सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर, रात के अंधेरे में 24 मिसाइलें दाग कर आतंकियों के बिल बिखेर दिए, लेकिन पाकिस्तान की हुकूमत और फौज को भनक तक नहीं लगी। पाकिस्तान का 'डिफेंस सिस्टम' सोया ही रहा। यह फौज किस आधार पर परमाणु हथियार के इस्तेमाल के दंभ भरती रही है? वाह सैनिको! तुम्हें देश का सलाम, नमन और साधुवाद! देश के लिए यह गौरव और गर्व का दिन है। हालांकि 21 आतंकी ठिकाने चिह्नित किए गए थे। अर्थात 12 आतंकी बिल अभी शेष हैं। हम अफसोस कर रहे हैं कि हाफिज सईद, मसूद अजहर, सलाहुद्दीन सरीखे आतंकी सरगनाओं को जिंदा क्यों छोड़ा गया? शायद अब वे देखेंगे कि अपनों की मौत कितनी भयावह और पीड़ादायक होती है! बहरहाल अभी तो भारत की सेनाओं ने आतंकवाद का प्रथम चरण ही 'मिट्टी' किया है। आरंभ है प्रचंड, पाकिस्तान होगा खंड-खंड! आतंक के बिलों में अब भी 'सपोले' जिंदा हैं। उन्हें भी कुचलना है।



राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने स्पष्ट चेतावनी दे दी है। हमारी सेनाएं और अर्धसैनिक बल फिलहाल 'सुपर अलर्ट' हैं। कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। बहरहाल अब हमें आतंकवाद पर स्पष्ट राष्ट्रीय नीति बनानी होगी। भारत पाकिस्तान को 'आतंकी देश' और 'शत्रु देश' घोषित करे। पाकिस्तान के मारे गए फौजियों के ताबूतों पर राष्ट्रपति और सेना प्रमुख जनरल मुनीर के नाम के फूल अर्पित किए गए। ताबूतों को पाकिस्तान के झंडे में लपेट कर फौजियों ने सलामी दी। आतंकियों को राजकीय सम्मान से 'अलविदा' कहा जाएगा, तो पाकिस्तान की आतंकी सोच बेनकाब होती है। इस ऑपरेशन से पाकिस्तान की फौज को मनोवैज्ञानिक तौर पर लकवा मार सकता है, यह विशेषज्ञों का मानना है। सेनाओं ने पाकिस्तान के भीतर 100 किलोमीटर तक हमला किया, पाक की फौज को भारत की सेनाओं की क्षमता का एहसास हो जाना चाहिए। पाकिस्तान ने कबूल किया है कि उसके 31 लोग मारे गए हैं, जबकि कई घायल हुए हैं। उसके पंजाब में आपातकाल घोषित किया गया है। हमने सिर्फ उन्हें मारा है, जिन्होंने हमारी बहू-बेटियों का 'सिंदूर' पोंछ दिया था। उन्हें 'सिंदूर' की कीमत और उसका महत्व क्या पता! बहरहाल भारतीय ऑपरेशन में किसी भी सैन्य प्रतिष्ठान, दफ्तर और रिहायशी इलाके या इमारत को खंडित नहीं किया गया है। यह आतंकियों पर ही लक्षित आक्रमण था।

मोदी सरकार, सुरक्षा से जुड़े तमाम विभागों तथा सेना के तीनों अंगों ने बेहतर तालमेल के साथ ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद पाक द्वारा किए हमलों को विफल बनाने के लिये पर्याप्त होमवर्क किया। लगातार बैठकों व संवाद के जरिये इस चुनौती के मुकाबले की रणनीति को अंजाम दिया। जिससे देश के जनमानस का भरोसा बढ़ा कि देश सही हाथों में है। अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है। लेकिन पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देना नये भारत की बदली रणनीति का पर्याय ही है। पहले पाक के परमाणु हथियार का डर दिखाकर भारत को कार्रवाई करने से रोका जाता रहा है। कालांतर में 2016 में उरी में 19 सैनिकों के मारे जाने पर नियंत्रण रेखा के पार व 2019 में पुलवामा विस्फोट के बाद बालाकोट में एयर स्ट्राइक की गई। इसी तरह पहलगाम हमले के बाद सीधी कार्रवाई करके साफ संदेश दिया कि किसी भी आतंकी हमले का जवाब आतंकवाद को सींचने वाले पाक पर भारत सीधी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले पूरी दुनिया को पुलवामा हमले की साजिश के सबूत दिए और फिर कार्रवाई की। यही वजह है कि दुनिया के तमाम देश भारत के पक्ष में खड़े नजर आए। अब भारत ने महज अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गुहार लगाना बंद कर दिया है। निश्चय ही यह रणनीति मनोवैज्ञानिक दबाव बढ़ाने के बजाय अमेरिका व इस्राइल की तर्ज पर घर में घुसकर मारने की रणनीति है। बहरहाल, भारत ने दुनिया को बता दिया कि पाक अपनी जमीन पर आतंकियों को प्रशिक्षण व समर्थन तो देता है लेकिन उनके विरुद्ध कार्रवाई से बचता है। वहीं दूसरी ओर भारत ने परंपरागत युद्ध शैली से हटकर नई तकनीकों का भरपूर उपयोग किया। भारतीय रक्षा कवच एस-400 यानी सुदर्शन चक्र आदि का पाक हमलों को विफल करना नवीनतम तकनीकों का ही प्रतिफल है। आतंकी ठिकानों के तहस नहस होने के बाद बौखलाया पाकिस्तान लगातार भारतीय सैन्य अड्डों और रिहायशी क्षेत्रों को निशाना बना रहा है।

# अहंकार पर नियंत्रण पाकर हम बेहतर जीवन जी सकते हैं

**अहंकार स्वस्थ और अस्वस्थ दोनों प्रकार का होता है, एक स्वस्थ अहंकार मनुष्य को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे अधिक यथार्थवादी लक्ष्य और अधिक सकारात्मक आत्म-छवि प्राप्त होती है, जो प्रेरणा और लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों पर नियमित रूप से चिंतन करने से हमको यह पहचानने में मदद मिल सकती है कि कब हमारा अहंकार हमारे निर्णय लेने को प्रभावित कर रहा है।**

अहंकार मानसिक स्वास्थ्य की ऐसी स्थिति है जो मनुष्य के जीवन के हर पल को प्रभावित करती है। एक हद तक यह प्रेरित करती है, लेकिन लगातार इसके बढ़ने से समस्याओं का अंबार लग जाता है, जो खुद को ही नहीं अपितु आसपास के जुड़े लोगों के जीवन को भी बुरी तरह से अस्तव्यस्त करती है। केवल स्वार्थ या मैं, मेरा विचार करना हमें मानसिक सुख से दूर करता है। इतिहास गवाह है कि इस अहंकार की भेट में राजपाट, शोहरत, दौलत लूट गए। अधिकतम युद्धों का अहंकार मुख्य कारण रहा। रोजाना अनगिनत जिंदगियां तबाह हो जाती है और इसी अहंकार के कारण आवेश में अनुचित निर्णय लेकर जीवन का सुख शांति छीन लेते है। हमारी छोटी सी अनमोल जिंदगी है इसे खुलकर सुख-शांति से जीना चाहिए, निराशा और क्रोध में इसे व्यर्थ गवाना नहीं चाहिए, वक्त निकल जाने के बाद आखिर में जीवन में पछतावे के अलावा कुछ नहीं रहता। रिसर्च से पता चला है कि हमारे अधिकांश दुखों के लिए जिम्मेदार अदृश्य अहंकारी मन से प्रभावित होना हो सकता है, जिसमें श्रेष्ठता, हीनता, पूर्वाग्रह, दूसरों का मूल्यांकन, चालाकी, क्रोध, ईर्ष्या, भय, आक्रोश, व्यसन, तनाव, हिंसा, नस्लवाद, लिंगवाद, प्रशंसा, अनुमोदन, प्रतिक्रियावादी होना, सहानुभूति की कमी, अकेलापन, निराशा, झूठा प्रचार, धार्मिक और जनजातीय युद्ध आदि की झूठी भावनाएं शामिल है। इस प्रकार के सभी नकारात्मक और विनाशकारी गुणों का हमारे व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक संबंधों और समग्र विश्व पर गंभीर परिणाम पड़ता है। कई लोग जो ईगोमेनिया अर्थात अहंकारोन्माद से पीड़ित हैं, जो मानसिक और भावनात्मक दुर्व्यवहार का एक रूप है, उन्हें यह भी पता नहीं होता कि वे इस मानसिक स्थिति का अनुभव कर रहे है।



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

हर साल 11 मई को विश्व अहंकार जागरूकता दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है, अहंकार जागरूकता आंदोलन और विश्व अहंकार जागरूकता दिवस की स्थापना 2018 में इस मानसिक स्थिति से पीड़ित सभी लोगों की सहायता करने और दूसरों को दुर्व्यवहार के इस अदृश्य रूप के प्रभावों का अनुभव करने से रोकने के लिए की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य अहंकार से जुड़े मुद्दों को उजागर करना है, सभी को जागरूक होने, अपनी जागरूकता बढ़ाने और आत्म-केंद्रित या अहंकारी व्यवहार के खिलाफ बोलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इसका लक्ष्य यह समझना है कि अहंकार किस प्रकार क्रोध, पूर्वाग्रह और हिंसा जैसे नकारात्मक व्यवहारों को जन्म दे सकता है। यह दिवस अहंकार से प्रेरित व्यवहार जैसे क्रोध, आक्रोश और हिंसा के नकारात्मक परिणामों पर प्रकाश डालता है, तथा व्यक्तियों को ऐसी प्रवृत्तियों को चुनौती देने और उन पर काबू पाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अहंकार की इस मानसिक स्थिति पर प्रत्येक व्यक्ति को काबू पाना होगा।




अहंकार स्वस्थ और अस्वस्थ दोनों प्रकार का होता है, एक स्वस्थ अहंकार मनुष्य को अपनी ताकत और कमजोरियों को समझने में मदद करता है, जिससे अधिक यथार्थवादी लक्ष्य और अधिक सकारात्मक आत्म-छवि प्राप्त होती है, जो प्रेरणा और लचीलेपन के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है। अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहारों पर नियमित रूप से चिंतन करने से हमको यह पहचानने में मदद मिल सकती है कि कब हमारा अहंकार हमारे निर्णय लेने को प्रभावित कर रहा है, साथ ही दूसरों के दृष्टिकोण को समझना और स्वीकार करना हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करने और उनकी प्रेरणाओं के बारे में धारणा बनाने से बचने में मदद कर सकता है। आत्म-सुधार के लिए प्रयास करना हमको अधिक सुरक्षित और स्वस्थ अहंकार बनाने में मदद कर सकता है। स्वस्थ अहंकार वाले व्यक्ति मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में बेहतर ढंग से सक्षम होते हैं, वे सक्रिय मुकाबला रणनीतियों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रचनात्मक तरीके से तनाव से निपटने की क्षमता को बढ़ाते है।

अस्वस्थ अहंकार हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। जो लोग स्वयं को दूसरों से श्रेष्ठ समझते हैं, दूसरों के प्रति सहानुभूति की कमी दिखाते हैं, तथा दूसरों के दृष्टिकोण का सम्मान नहीं करते, यह अस्वस्थ अहंकार के लक्षण है। अत्यधिक अहंकार के कारण आलोचना को स्वीकार करने में कठिनाई हो सकती है, तथा सहानुभूति की कमी हो सकती है, जिससे रिश्तों में तनाव आ सकता है तथा मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अहंकार व्यक्ति को आलोचना के प्रति अतिसंवेदनशील बना सकता है, नकारात्मक प्रतिक्रिया से आसानी से उत्तेजित हो सकता है, तथा आत्म-विनाश के लिए प्रवृत्त कर सकता है, या दुसरो को नुकसान पहुंचा सकता है। अस्वस्थ अहंकार, आलोचना को सहना, संघर्ष में शामिल होना, तथा सीमाओं को स्वीकार करना कठिन बनाकर दीर्घकालिक तनाव पैदा कर सकता है। अक्रियाशील अहंकार वाले व्यक्ति अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए इनकार, टालमटोल, या मादक द्रव्यों के सेवन जैसे अनुपयुक्त मुकाबला तंत्रों का सहारा ले सकते हैं। अहंकार निर्णय क्षमता को प्रभावित कर सकता है तथा आवेगपूर्ण या अविवेकपूर्ण निर्णय लेने की ओर ले जा सकता है, जिसका स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

जब अहंकार हमारे बस में होता है या अहंकार से हम समयानुसार परिवर्तनशील व लचीले होते है तब अहंकार हमें नया कुछ ज्ञान देता है, जिंदगी में कुछ सिखाता है, हम अपनी गलतियों से सीखकर खुद में बदलाव लाते है, कमजोरियों को स्वीकारते है। परंतु जब यह अहंकार हमारे आपे से बाहर हो जाता है, तब यह मनुष्य का अहंकार विनाश की ओर प्रगति का स्त्रोत है, कभी-कभी अहंकार पाप और अपराध का कारण भी बनता है। हमें सफल होने से हम खुद नहीं रोकते बल्कि हमारा अहंकार रोकता है, कुछ लोग अपने अहंकार की वजह से बहुत अनमोल रिश्ते खो देते है। अहंकार हमको यह महसूस नहीं होने देता की हम गलत है, अहंकार और ईर्ष्या करने वाले लोगों को कभी मन की शांति नहीं मिलती। अहंकार हमारे दिमाग और मन से भी ऊपर हैं, या तो हम अपने दिमाग पर राज करें या यह हमारे दिमाग पर राज करेगा। अहंकारी इंसान को न तो अपनी भूले नजर आती है ना ही दूसरों की अच्छी बातें। हम अपने अहंकार को स्वस्थ बनाएं रखने के लिए और अपने अहंकार को नियंत्रित करने के लिए, इसके मूल कारणों को समझने पर ध्यान केन्द्रित करें, विनम्रता का अभ्यास करें, तथा सहानुभूति और आत्म-जागरूकता विकसित करें। इसमें अपनी ताकत और कमजोरियों को स्वीकार करना, अपनी आलोचना को भी बुद्धिमानी से सहजतापूर्वक स्वीकार करना और दूसरों की भलाई को प्राथमिकता देना शामिल है।

# 1857 में ही स्वतंत्र हो जाता भारत तो न होता पाकिस्तान का निर्माण

**10 मई 1857 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत मेरठ छावनी से हुई, जहाँ भारतीय सैनिकों ने चर्बी वाले कारतूसों के उपयोग से इनकार कर दिया था। यह विद्रोह बाद में पूरे भारत में फैल गया और इसे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में जाना जाता है। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नई राइफलों के लिए कारतूसों का उपयोग शुरू किया था, जिनमें गाय और सूअर की चर्बी लगी होती थी। यह भारतीय सैनिकों के धार्मिक विश्वासों के खिलाफ था।**

1857 की क्रांति निर्धारित तिथि से पहले ही शुरू हो गई थी। 1857 की क्रांति 10 मई, 1857 को मेरठ में शुरू हुई थी, जबकि इसकी योजना तत्कालीन प्रमुख क्रांतिकारी नानासाहिब, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मी बाई, कुवँर सिंह, मंगल पांडे आदि ने विचार विमर्श कर 31 मई को रात 12 बजे से शुरू करने के लिए बनाई गई थी। यही कारण रहा कि क्रांति का निर्धारित समय परिवर्तन ने अनुशासनहीनता उत्पन्न कर दी। कुछ क्षेत्र 20 दिन पहले ही क्रांति शुरु कर चुके और कुछ क्षेत्रों में 31 मई की प्रतीक्षा करने के बाद ही क्रांति प्रारंभ की गई जिस कारण अंग्रेजों ने 20 दिन का समय मिलने पर ब्रिटेन से अतिरिक्त फौज बुलाकर क्रांति को कुचलकर रख दिया । यदि यह क्रांति निर्धारित समय 31 मई को ही प्रारंभ होती तो अंग्रेजी हुकुमत को संभलने का अवसर न मिल पाता और एक दिन, एक समय एक साथ पूरे देश में सामूहिक आक्रमण से अंग्रेजी हुकुमत को उखाड़कर भारत 1857 में ही स्वदेशी सरकार बनाकर स्वतंत्र हो गया होता। ऐसा होने पर पाकिस्तान की माँग का कोई औचित्य नहीं रहता, हमारे पड़ोस में एक दुश्मन देश का निर्माण न होता और हम अखंड भारत के रूप में विश्व के अग्रणी देश के रूप में स्थापित हो चुके होते। किंतु कहते हैं कि होनी बलवान है। हमें इतिहास की भूलों से सबक लेना चाहिए और वर्तमान में हमने सबक लिया भी है, कभी बिना किसी गलती के आज हम पाकिस्तान की करतूतों का उचित जवाब भी दे रहे हैं ।



**डॉ उमेश प्रताप वत्स**




उल्लेखनीय है कि 10 मई 1857 को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत मेरठ छावनी से हुई, जहाँ भारतीय सैनिकों ने चर्बी वाले कारतूसों के उपयोग से इनकार कर दिया था। यह विद्रोह बाद में पूरे भारत में फैल गया और इसे प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में जाना जाता है। ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने नई राइफलों के लिए कारतूसों का उपयोग शुरू किया था, जिनमें गाय और सूअर की चर्बी लगी होती थी। यह भारतीय सैनिकों के धार्मिक विश्वासों के खिलाफ था। 9 मई 1857 को, मेरठ छावनी में सैनिकों ने चर्बी वाले कारतूसों के उपयोग से इनकार कर दिया था जिसके लिए उन्हें सजा दी गई थी। मेरठ छावनी में 10 मई 1857 को भारतीय सैनिकों ने विरोध प्रारंभ कर दिया और अंग्रेजों के खिलाफ हथियार उठा लिए। मेरठ से शुरू हुआ विरोध धीरे-धीरे पूरे भारत में फैल गया और दिल्ली, कानपुर, लखनऊ, झांसी और अन्य शहरों में भी अंग्रेजों के विरुद्ध जबरदस्त विरोध हुआ। इस विरोध में कई भारतीय शासकों और नेताओं ने भी हिस्सा लिया। ब्रिटिश सरकार ने विरोध के रूप में इस क्रांति को को दबाने के लिए कड़ी कार्रवाई की और कई भारतीय शासकों और नेताओं को फांसी पर लटका दिया। ब्रिटिश सरकार द्वारा क्रांति को तो दबा दिया किंतु इसने भारत में राष्ट्रीयता की भावना को और मजबूत किया और भारत की आजादी की लड़ाई को और आगे बढ़ाया।

1857 की क्रांति के सबसे महत्वपूर्ण नेता रानी लक्ष्मी बाई, मंगल पांडे, नाना साहब, तांतिया टोपे, मान सिंह और कुंवर सिंह सहित कई अन्य उल्लेखनीय स्वतंत्रता सेनानियों ने संग्राम का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1857 की क्रांति में नाना साहिब, तात्या टोपे और लक्ष्मीबाई की योजना ब्रिटिश शासन के विरुद्ध एक व्यापक संग्राम करना था। नाना साहिब को कानपुर में ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना का कमांडर-इन-चीफ बनाया गया, जबकि तात्या टोपे ने रानी लक्ष्मीबाई को समर्थन दिया और गुरिल्ला युद्ध के माध्यम से अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया। तात्या टोपे ने अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष जारी रखा। 1857 के बाद भी, उन्होंने कई महीनों तक अंग्रेजों के विरुद्ध जंगलों और पहाड़ियों में युद्ध लड़ा। मई 1857 में कानपुर में ईस्ट इंडिया कंपनी को हराकर, उन्होंने जनरल विन्धम को ग्वालियर छोड़ने पर मजबूर किया। तात्या टोपे ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एक अमूल्य योगदान दिया। अंग्रेज सरकार ने तात्या टोपे को 7 अप्रैल, 1859 को पाड़ौन के जंगलों से पकड़ा । 15 अप्रैल 1859 को सैनिक अदालत में मुकदमा चलाया गया। उसी दिन फैसला सुनाकर 18 अप्रैल 1859 की शाम को फांसी दे दी गई।

1857 की क्रांति में रोटी और कमल का प्रतीकात्मक उपयोग हुआ। कमल का फूल क्रांति में शामिल होने का संकेत था और रोटी का मतलब था कि लंबी लड़ाई के लिए रसद तैयार रखना अति आवश्यक है। 1857 में भारत की आम जनता, सैनिक और देशी रियासतों के राजाओं तथा जमींदारों ने विदेशी शासन से मुक्ति पाने के लिए बहादुरी से संघर्ष किया इस कारण इसे 1857 का प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम माना जाता है। 1857 की घटनाएँ, स्वतन्त्रता संग्राम की प्रथम चिंगारी थी । इस संग्राम में सैनिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस क्रांति में अनेक क्रांतिकारियों, सैनिकों के साथ-साथ आम जनमानस ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। ऐसे ही एक देशभक्त आम आदमी अमरचंद बांठिया को इस प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का भामाशाह कहा जाता है, जो बीकानेर का निवासी था। उन्हें राजस्थान का मंगल पांडे भी कहा जाता है। उन्होंने विशेषरूप से ग्वालियर रियासत के खजाने का धन झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को देकर स्वतंत्रता सेनानियों के लिए आर्थिक सहायता की। उन्हें राजस्थान का पहला शहीद भी माना जाता है और 1857 की क्रांति में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मंगल पांडे आजादी के आंदोलन में शहीद होने वाले पहले सेनानी थे। उन्हें प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन का जनक भी कहा जाता है। उनके आंदोलन ने ब्रिटिश सरकार सत्ता को हिला कर रख दिया था। बैरकपुर छावनी में 29 मार्च, 1857 को मंगल पाण्डे नामक सैनिक ने चर्बी वाले कारतूस को भरने से इन्कार कर दिया और उत्तेजित होकर अंग्रेज अधिकारियों की हत्या कर दी। फलस्वरूप उसे बन्दी बनाकर 8 अप्रैल, 1857 को फाँसी दे दी गयी। इस प्रकार चर्बी लगे कारतूस 1857 की क्रान्ति का तात्कालिक कारण बना। उल्लेखनीय है कि 29 मार्च 1857 को बैरकपुर, कलकत्ता के ठीक उत्तर दिशा में 34वीं बंगाल नेटिव इन्फैंट्री के सिपाही मंगल पांडे ने अपने अफसरों पर हमला कर दिया। जब उनके साथियों को उन्हें रोकने का आदेश दिया गया, तो उन्होंने मना कर दिया।

# उपभोक्ता परिषद के वेबीनार में गूँजा जय जवान जय किसान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के साप्ताहिक वेबीनार में प्रदेश के अनेको जनपदों से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने जहां वेबीनार में भाग लिया वही सभी ऑनलाइन जुड़े किसानों आम उपभोक्ताओं ने एक शुर में उठाई आवाज 'जय जवान जय किसान' सभी ने कहा कि वर्तमान में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है और सीमा पर बहुत तनाव है जिसमें हमारे देश के जवान पाकिस्तान का मुंहतोड़ जवाब दे रहे है हम सभी देशवासी और प्रदेश के उपभोक्तावो को अपनी भारतीय सेना पर गर्व है। हम सभी प्रदेश के विद्युत उपभोक्ता अपनी सरकार व भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। उपभोक्ता परिषद के वेबीनार में जुड़े किसानों ने यह प्रमुख मुद्दा उठाया की वर्तमान में पूरे प्रदेश में लगभग 15 लाख किस है उसमें से अभी तक उत्तर प्रदेश सरकार की फ्री बिजली योजना का लाभ लगभग 12 लाख किसान ही उठा पा रहे हैं उन्हीं के द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है अभी तक यह कहना गलत नहीं होगा कि लगभग 3 लाख किसान जो निजी नलकूप के लिए फ्री बिजली का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं उनमें से हजारों की संख्या में वह किसान है जिनका विद्युत का बिल 31 मार्च 2023 को गलत बन गया था और पावर कारपोरेशन के बिलिंग सॉफ्टवेयर में कोई ऐसी व्यवस्था नहीं है जिससे बिल अमाउंट जो गलत बना है उसे चेंज किया जाए जिसकी वजह से वह लाभ नहीं ले पा रहे हैं क्योंकि उनके विद्युत बिलों में काल्पनिक बकाया दिख रहा है बकाया दिखने पर रजिस्ट्रेशन होना संभव नहीं है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने किसानों को अवगत कराया की यह मुद्दा पावर कारपोरेशन के सामने उठाया भी था लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ जो प्रदेश के किसानों के लिए दुर्भाग्य की बात है। वर्तमान में अनेकों जनपदों में किसानों को जब 10 घंटे से ज्यादा विद्युत आपूर्ति की आवश्यकता है तो उन्हें कृषि फीडर पर मात्र 7 घंटे विद्युत आपूर्ति मिल रही है जिस पर किसानों ने चिंता व्यक्त की और कहा तत्काल कृषि फाइटर पर काम से कम 10 घंटे विद्युत आपूर्ति कराई जाय।

# अतिक्रमण और नो पार्किंग जोन को लेकर चलाया जायेगा अभियान

अवधनामा संवाददाता

■ दुकानदारों से बार-बार कहने के बाद भी नहीं हटाया गया सामान तो होगा चालान

**ललितपुर।** शहर के प्रमुख मार्ग तुवन चौराहा से लेकर आजादचौक तक अवैध व अव्यवस्थित पार्किंग से यहां आसपास रहने वाले घरों में ही फंस जाते हैं। उन्हें अपने वाहन निकलना तो दूर, उनका खुद भी घर से निकलना दूभर हो रहा है। इन लोगों की शिकायत मिलने पर अब ट्रैफिक विभाग के पुलिस कर्मी और थाना पुलिस मौके का मुआयना करेगी। उसके बाद नियमानुसार कार्रवाई होगी। ट्रैफिक पुलिस सीओ कृष्ण कुमार मिश्रा ने बताया कि नो-पार्किंग को लेकर होने वाली समस्याओं की लगातार शहर भर से शिकायत आ रही थीं। जिसको लेकर शहर में तुवन चौराहा से लेकर घण्टाघर होते हुये प्रमुख बाजारों और अस्पताल के आसपास मुआयना किया जायेगा। नगर में देखा जा रहा है कि वहां आने वाले लोग अपने चार व दो पहिया वाहन लोगों के घरों और दुकान के सामने खड़ी कर रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को पैदल चलने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं यातायात प्रभारी आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि यातायात पुलिस वाहन चालकों को उनके वाहन सड़क के किनारे बेतरबीव तरीके से लगाने के खिलाफ अभियान चलायेगी। साथ ही लोगों को जागरूक करेगी, कि वह गाडियों की पार्किंग ठीक प्रकार से करे। कहा कि यातायात को व्यवस्थित रखना, दुर्घटनाओं से बचाना, और लोगों को सुरक्षित रूप से अपनी यात्रा करने में मदद करने के लिए ही यातायात पुलिस का कार्य है। वह यातायात के नियमों को लागू करते हैं, भीड़ को नियंत्रित करते हैं और आपातकालीन स्थितियों में भी मदद करते हैं।

# ओवरलोड डम्फरों का कहर

अवधनामा संवाददाता



■ ललितपुर में राख ढोते वाहनों से बढ़ रहीं दुर्घटनाएं
■ आरटीओ विभाग की चुप्पी पर सवाल

**ललितपुर।** जनपद में बजाज पावर प्लांट द्वारा प्रतिदिन हजारों टन राख का निस्तारण किया जा रहा है, परंतु यह कार्य जनसुरक्षा को ताक पर रखकर किया जा रहा है। प्लांट की सहयोगी कम्पनियां ऐशटेक इंडिया प्रा.लि. व वीर एसोसिएट्स भारी ओवरलोड डम्फरों के माध्यम से यह राख जनपद के विभिन्न स्थानों पर पहुंचा रही हैं। सूत्रों के अनुसार, इन डंपरों में 15-20 टन की तय सीमा के बजाय 30-35 टन तक राख भरी जा रही है। इसके अलावा, अधिक ट्रिप लगाने की लालच में चालकों द्वारा ओवरस्पीडिंग भी की जा रही है। केंद्रीय मोटर वाहन नियमावली, 1989 के नियम 96 के अनुसार किसी भी वाहन में उसकी अधिकृत पे लोड क्षमता से अधिक सामग्री ढोना अवैध है और यह मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 113 व 114 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। धारा 113 ओवरलोडिंग पर प्रतिबंध, धारा 114 वाहनों की जब्ती व भार परीक्षण की व्यवस्था, धारा 194 (1ए) ओवरलोड पाए जाने पर 20 हजार रुपये + प्रति टन 2 हजार रुपये का जुर्माना निर्धारित है। बीते 6 महीनों में जिले में ओवरलोड डंपरों से जुड़ी 15 से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें 9 लोगों की मौत और दर्जनों घायल हुए हैं। हाल ही की घटना में ग्राम कचनौंदा कलां में एक महिला की डंपर से कुचलकर मृत्यु हो गई, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इसके बावजूद परिवहन विभाग व आरटीओ कार्यालय पूरी तरह निष्क्रिय बने हुए हैं। न तो नियमित जांच अभियान चलाया जा रहा है और न ही कोई डम्फर जब्त किया गया है। यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि जनजीवन के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैये को भी उजागर करती है।

**जनता की मांग**

ओवरलोड व ओवरस्पीड वाहनों के विरुद्ध त्वरित अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही हो। आरटीओ व परिवहन निरीक्षक की भूमिका की जांच हो। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए। राख के निस्तारण हेतु वैकल्पिक व सुरक्षित व्यवस्था बनाई जाए। जनहित और जनजीवन की सुरक्षा के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रशासन बिना देरी के इस पर कठोर कार्यवाही करे।

# उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भाषा विवि को मिली एम्बुलेंस



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से एक एम्बुलेंस प्रदान की गई है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के अथक प्रयासों का परिणाम है।

चिकित्सा एम्बुलेंस छात्रों, शिक्षकों एवं विश्वविद्यालय के समस्त कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रोफेसर अजय तनेजा ने सरकार से विशेष अनुरोध किया था, जिसे सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय को एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त एम्बुलेंस गिफ्ट की है। यह एम्बुलेंस विश्वविद्यालय परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध होगी। कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने इस अवसर पर सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा, यह एम्बुलेंस न केवल आपात स्थिति में समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करेगी, बल्कि यह विश्वविद्यालय के समग्र विकास और स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सीमंधर जिनालय में हुआ शान्ति विधान

**ललितपुर।** शतायु समाजसेवी स्व.बाबूलाल दिवाकर की प्रथम पुण्य तिथि पर घंटाघर के समीप श्रीसीमंधर जिनालय में श्रीशाँति विधान का आयोजन किया गया। जिसमें मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन कर अर्घ्य समर्पित किये गये। देश की विजय की कामना की गयी। श्रीशान्ति विधान में पुजारी राजेन्द्र जैन ने अर्घ्य समर्पित कराये और ऊषा बानौनी ने मंत्रों का वाचन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं के द्वारा भारत पाकिस्तान युद्ध में देश की विजय, आतंकवाद का समापन और विश्व शान्ति की कामना की गयी। सर्वजन के कल्याण भाव से चौबीस तीर्थंकरों सहित विद्यमान बीस तीर्थंकरों को नमन कर अर्घ्य चढ़ाये गये। सभी तीर्थो की वंदना की गयी। नयी वेदी निर्माण पर चर्चा की गयी। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ.महेन्द्र जैन, प्रबंधक ऋषभ टडैया, कोषाध्यक्ष अक्षय टडैया, सुरेन्द्र दिवाकर, रवीन्द्र दिवाकर, अक्षय दिवाकर, नीलेन्द्र जैन गदयाना, शुभम दिवाकर, सजल दिवाकर, सुमेर चौधरी, राकेश आदि मौजूद रहे।

# जनपद पूरी तरह सुरक्षित, अफवाहों से बचें, सतर्क रहे : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



■ पाकिस्तान में हुए एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ़ बनाये जाने के सम्बंध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत, पेयजल, खाद्यान्न व अन्य आकस्मिक विभागों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए आवश्यक है कि जिला प्रशासन के साथ-साथ आम लोग भी सतर्क एवं जागरुक रहें, इसके लिए जनपद में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आकस्मिकता वाले विभाग अपने संसाधनों को सक्रिय व किसी भी स्थिति के लिए उपलब्ध रखें। उन्होंने सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत, खाद्यान्न सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश न दें, किसी भी स्थान पर आवश्यक वस्तुओं यथा खाद्यान, ईधन आदि का भण्डारण न होने दें, इसके लिए भण्डारण गृहों का निरीक्षण करते रहें, किसी भी स्थान पर अधिक भीड़ एकत्र न हो, जनपद में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे और निर्धारित प्वाइंट्स पर अग्निशमन वाहनों एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता रहे। इसके अलावा अति संवेदनशील क्षेत्र-बाधों, बड़ी पेयजल योजनाओं, विद्युतघरों एक्सप्लोसिव्स आदि की कड़ी निगरानी की जाए, सीसीटीवी कैमरे व स्टॉफ को संवेदीकृत किया जाए। नो ड्रोन जोन में ड्रोन प्रतिबंधित रहे, शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में ड्रोन संचालकों की बैठक कर उनसे भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करायें। उन्होंने आमजन से अपील की है कि जनपद पूरी तरह सुरक्षित है, डरने की आवश्यकता नहीं है, केवल सतर्क रहना है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक उपाय करने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अकेला भटकता हुआ बालक का सहारा बनी चाइल्ड हेल्पलाइन

**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** एक लावारिस अकेला घूमता हुआ बालक आयु लगभग 11 वर्ष को सांडी थाना क्षेत्र के ग्राम सैदापुर में मिला ग्रामीणों ने बच्चे से पूछ ताछ करने पर बालक द्वारा कोई नाम व पता नही मिल पाया, जिसके बाद ग्रामीणों ने बालक को थाना सांडी में सुपुर्द कर दिया, पुलिस द्वारा काफी प्रयास करने के उपरांत बालक का कोई परिजन नही मिला , बालक की अग्रिम कार्यवाही हेतु महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना दी गयी , मिली सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला प्रभारी अनूप तिवारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए बालक को अपनी सुपुर्द में लेते हुए सभी आवश्यक अग्रिम कार्यवाही कर परिजन न मिलने तक बालक को बाल ग्रह लखनऊ में अस्थाई आवासित करा दिया है, जिला प्रभारी अनूप तिवारी ने बताया कि यदि किसी को बच्चे के परिवार या संबंधी की कोई जानकारी मिलती है तो चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री 1098 पर या 9918229858 पर सूचना दे सकते है ताकि बच्चे को जल्द से जल्द उसके परिजनों तक पहुचाया जा सके।

### परिवार परामर्श सुलह : 12 परिवारों को मिलाया



**संभल (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में पुलिस क्षेत्र अधिकारी आलोक कुमार सिद्धू तथा सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपके विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 94 पत्रावलियों को सुनकर 35 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से दो पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 12 परिवारों को मिलाया गया तथा 19 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर विधि परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर श्रीमती संगीता भार्गव कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

### कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होगी तिरंगा यात्रा



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में कल 11 मई को 8-30 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर से निकलने वाली तिरंगा यात्रा के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह यात्रा कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारम्भ होगी तथा विभिन्न चौराहों से होते हुए शहीद उद्यान में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लोग यात्रा में अपनी प्रतिभागिता कर देश के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित करें। इसमें माननीय जन प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। सभी संगठनों को इस सम्बन्ध में सूचित किया जाये। यात्रा के दौरान एक एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मदर्स-डे पर आज होंगा मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

■ बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति करेगी समारोह का आयोजन

**ललितपुर।** मदर्स-डे को लेकर बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति के तत्वाधान में 11 मई को सिविल लाइन स्टेशन रोड स्थित होटल द ग्राण्ड सिद्धि में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झांसी की समाजसेविका सरोज आर्या होंगी। जबकि अध्यक्षता बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की अध्यक्ष गुलाबबाई सेन करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत तालबेहट की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता सोनी, समाज सेविका दीपिका सिंह, जीजीआईसी झांसी की पूर्व प्रधानाचार्या मधुलता राही, झांसी की समाजसेविका जयमित्रा राही, इटावा की समाज सेविका निशा वर्मा, झांसी की समाज सेविका संगीत वर्मा, झांसी की समाज सेविका अनुजा सक्सेना, नगर पंचायत राठ की पूर्व अध्यक्ष हीरा भारती, पूर्व ब्लाक प्रमुख बिरधा सूरजरानी निरंजन, राठ के चन्दवारी की समाजसेविका रजनी राजपूत, झांसी की समाज सेविका पूजा भारती, प्रधानाध्यापिका रिचा अग्रवाल आदि शामिल होंगी। मदर्स-डे के अवसर पर झांसी से रामप्यारी देवी आर्या, शांतिबाई जैन ललितपुर, रेनुका देवी रजक बिरधा, गीता सिंह रिटा. प्रधानाध्यापक, पुष्पा अग्रवाल, रामसखी शुक्ला, पिस्तादेवी वर्मा, शिवरानी कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, व सरोज सेन को मातृशक्ति सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी देते हुये बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की सचिव गीता सेन ने कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

### मां की ममता की महिमा रसोई से लेकर सर्वत्र पुदीने की तरह महक रही : प्रो.शर्मा

**ललितपुर।** विश्व मातृ दिवस के अवसर पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान के बाद आजाद भारत में उनका मूल परिवार उजड़ गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जमाने में महान साहित्यकार राज्यसभा सदस्य पं बनारसी दास चतुर्वेदी ने जब इस प्रकरण की जानकारी उन्हें दी तो नेहरू जी बड़े भावुक हो उठे और उन्होंने चतुर्वेदी जी से पूछा कि माता जी की क्या इच्छा है, तो उन्होंने कहा कि वे झांसी में अपने बेटे के प्रिय साथी डॉ भगवानदास माहौर के घर को ही अपना घर बनाना चाहती हैं और उन्हीं के साथ चार धाम की तीर्थयात्रा भी।

# खेत में काम कर रही महिला से अश्लीलता कर जबदस्ती करने का आरोप

**ललितपुर।** चौकी अमरपुर मण्डी अंतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। सीजेएम न्यायालय में दायर किये गये वाद में महिला ने अवगत कराया कि बीती 6 अप्रैल को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपने खेत पर गेंहू की कटाई कर रही थी। इसी बीच मोहल्ला आजादपुरा निवासी नीरभ जैन पुत्र सुमतचन्द्र जैन आया और उससे गन्दी-गन्दी बातें करते हुये अश्लील इशारे करने लगा। उसने जब नीरभ को रोका तो नीरभ उसकी वीडियो बनाते हुये उसके साथ जबरदस्ती करने लगा, विरोध करने पर नीरभ ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट पर आमादा हो गया। चीख-चिल्लाने पर पीड़िता का पुत्र समेत आसपास काम कर रहे लोग भी मौके पर आ पहुंचे, जहां उक्त लोगों ने नीरभ को पकड़ लिया और डायल 112 को फोन पर सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो नीरभ जैन पुलिस के सामने ही उसे धमकाने लगा, तब पुलिस नीरभ को पकड़ कर ले गयी।

# राजधानी में फिर सताएंगी तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं

अवधनामा संवाददाता

■ कई इलाकों में गरजेंगे बादल, चमकेगी बिजली



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गर्मी अपना सख्त मिजाज दिखाने को तैयार है। राजधानी में शनिवार का दिन चढ़ने के साथ धूप में तल्खी और उमस भरी गर्मी महसूस की गई है। तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं सताने लगेगीं। मौसम विभाग के अनुसार, 11 मई के बाद मौसम साफ़ रहने का अनुमान है, हलाकि 10 मई को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में कही कही बारिश और गरज चमक का अंदेशा जताया गया है। इस दौरान बदल गरजने और बिजली चमकाने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को चंदौली, वाराणसी, मऊ, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और बांदा जिले में बदल गरजने और बिजली चमकने की संभावना जतायी गई है। इसके अलावा चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भी गरज चमक हो सकती है।

इस बीच कानपुर, अयोध्या, बरेली, आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ, झांसी, सोनभद्र, अलीगढ़ में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। इटावा और आगरा में हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा रिकॉर्ड की गई।

# परिषदीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाया जा रहा क ख ग घ मिशन

अवधनामा संवाददाता

■ परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क, ख, ग, घ है महत्वपूर्ण आधार स्तम्भ

**संभल।** जनपद सम्भल में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन में क, ख, ग, घ मिशन चलाया जा रहा है। क, ख, ग, घ मिशन शैक्षिक क्रांति हेतु एक मिशन है जोकि भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार, निपुण भारत, कायाकल्प, पीएम श्री विद्यालय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तैयार है। इस मिशन का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या कार्यक्रम 2022 को पूर्णतः लागू करना है। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क, ख, ग, घ मिशन महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है इस मिशन के अंतर्गत बच्चों को क से कहानी, ख से खेल, ग से गीत/गतिविधि, घ से घर जैसा वातावरण में शिक्षा एवं खेल के अवसर प्रदान किया जा रहे हैं । यह मिशन 4 जुलाई 2024 को स्वामी विवेकानंद स्मृति दिवस के अवसर पर प्रारंभ किया गया। इस मिशन का उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक, भाषाई, संज्ञानात्मक, भावनात्मक, सांस्कृतिक, सामाजिक विकास के साथ-साथ जीवन में उपयोगी आवश्यक कौशलों का विकास किया जा रहा है ।31 दिसंबर 2024 तक जनपद के 16 पीएम श्री विद्यालयों और 144 संभल श्री विद्यालयों सहित 1289 विद्यालयों को इस मिशन से संतृप्त कर लिया गया है। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी क, ख, ग, घ चमक के अंतर्गत 4 जुलाई 2024 को 1762 आंगनबाड़ी केन्द्रों में यह मिशन आरंभ किया गया जिसे पुस्तकालय दिवस 23 अप्रैल 2025 को प्रतिशत संतृप्त कर लिया गया है।

# टेक्नोक्रेट्स बोले, वियरेबल गैजेट्स का होगा न्यू इरा

अवधनामा संवाददाता



■ एक दर्जन से अधिक तकनीकी सत्रों में 134 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग-एफओई के कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की ओर से मॉडर्न ट्रेंड्स इन कंप्यूटर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स पर हाईब्रिड मोड में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में नामचीन वक्ताओं ने उम्मीद जताई, आने वाला युग वियरेबल गैजेट्स का होगा। बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए एमएलएम टेक्नोलॉजी वरदान साबित होगी।

एमएलएम टेक्नोलॉजी से कम रिसोर्स में ज्यादा उत्पादन करके अधिक लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। मानव जीवन में ड्रोन के संग-संग इलेक्ट्रिक व्हीकल्स, सोलर पावर, जीपीएस सेटेलाइट के मंगल प्रवेश से नई क्रांति आई है। एक्सपर्ट्स ने उम्मीद जताई, 6जी टेक्नोलॉजी मौजूदा टेक्नोलॉजी से 10 गुना फास्ट होगी। पेरावक्साइट टेक्नोलॉजी से बनने वाले सोलर सेल ईको फ्रेंडली होंगे। कॉन्फ्रेंस में एनसीए-टी दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक श्री राजेश गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि, आईआईटी, रुड़की के एमेरिटस फेलो एवम् यूटीयू के पूर्व कुलपति डॉ. पीके गर्ग ने बतौर विशिष्ट अतिथि रहते हुए के जापान के डॉ. हुआन बी और सर्बिया के डॉ. इवो मार्कोविक ने वर्चुअली व्याख्यान दिया। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित के संग इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का श्रीगणेश हुआ। इस मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. अलका वर्मा, डॉ. गुलिस्ता खान, डॉ. शंभू भारद्वाज, श्री प्रशांत कुमार, श्री नीरज कौशिक आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में एक दर्जन से अधिक तकनीकी सत्रों में 134 रिसर्च पेपर्स प्रस्तुत किए गए। कॉन्फ्रेंस में अतिथियों ने प्रोसीडिंग का विमोचन भी किया। संचालन डॉ. इंदु त्रिपाठी ने किया।

वीसी प्रो. वीके जैन बोले, मौजूदा वक्त कोलाबोरेटिव वर्किंग का है। एलन मस्क के स्टारलिंक कंपनी के भारत की नामचीन टेलीकॉम कंपनियों के संग कोलाबोरेशन का उदाहरण देते हुए कहा, इससे भारत में सेटेलाइट इंटरनेट की सुविधा मिलेगी। साथ ही प्रो. जैन ने यूजर इंटरफेस के तहत ग्राहक की संतुष्टि को अहम बताया। डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा, यह इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन में इन्फॉर्मेशन और आइडियाज़ को साझा करने का जीवंत प्लेटफॉर्म है। समाज के पुनर्निर्माण में कंप्यूटर साइंस एवम् इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तकनीकों की बड़ी भूमिका है। कॉन्फ्रेंस में डॉ. विभोर भारद्वाज, डॉ. शुभेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. दिप्तोनिल बनर्जी, डॉ. देवंजन राय, श्री उमेश कुमार सिंह, डॉ. हिमांश कुमार, श्री राहुल विश्नोई, डॉ. सीमा मान आदि मौजूद रहे।

# दहेज निषेध कानूनों को मिलेगी सामाजिक चेतना से धार



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में बरेली-मुरादाबाद परिक्षेत्र के सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त बोले, भौतिकवादी मानसिकता के चलते ही दहेज का दानव समाज को लील रहा है। संयुक्त परिवार के अभाव में हमारी जरूरतों में बड़ा बदलाव आया है। आधी सदी पहले उपहार में रेडियो, साइकिल और घड़ी ही पर्याप्त होते थे।

यह दबाव का नहीं, बल्कि स्वभाव का विषय था। भौतिकवाद के चलते नैतिक मूल्यों और संस्कारों का पतन हुआ है। दहेज सरीखी बीमारी समाज की ही देन है और समाज में ही इसका समाधान है। कानून तो इसे रोकने का एक टूल मात्र है। हम सुधरेंगे तो जग सुधरेगा। डॉ. व्यस्त तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय की ओर से भारत में दहेज निषेध कानूनों के सामाजिक प्रभावः विकसित भारत @2047 की ओर एक कदम पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस के शुभारम्भ मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, मुख्य वक्ता प्रो. अमित सिंह, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में नेशनल कॉन्फ्रेंस का शंखनाद किया।

# विद्यालय में छात्र संख्या मानक किए दरकिनार

- नवीन संविदा कर्मियो को मई में करा रहे कार्यभार ग्रहण
- सविदाकर्मियों को नहीं मिलता जून का मानदेय
- डीआईओएस मथुरा लगा रहे सरकार को चूना

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा की कार्यशैली विवादों को जन्म दे रही है जिससे सरकार की स्वच्छ छवि जनता में विगड़ रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा मंत्री ओर सरकार की निगाह उनका काम करने का उनका तरीका चर्चा में बना रहता है। पूर्व जिलाधिकारी वर्तमान में कमिश्नर आगरा शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा उनके कार्यालय का अनेकों बार निरीक्षण किया गया था और सख्त हिदायतें दी जाती रही थी वर्तमान में निरीक्षण व मॉनिटरिंग न होने के कारण मनमर्जी चल रही है। विधालय में गर्मी की छुट्टी होने में कुछ ही दिन बचे हैं रवींद्र सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा ने दिनांक 7 मई को पत्र निकाल कर एडेड माध्यमिक विद्यालय को आदेशित किया है कि वर्ल्ड क्लास सर्विस लिमिटेड द्वारा 131 संविदा पर नियुक्त सेवकों को कार्यभार ग्रहण कराए। उन्हे भी यह जानकारी है कि मई में गर्मी की छुट्टियां हो जाती हैं और जुलाई माह में विद्यालय खुलते हैं मानव संपदा पोर्टल और यू डायस पर नवीन सत्र की छात्र संख्या अपलोड भी है जनपद के अनेकों एडेड माध्यमिक विद्यालय में एक सौ कम छात्र संख्या वाले विधालय में अनेकों संविदा कर्मियों नियुक्त कर दिया गया है जो मानकों के विपरित ओर सरकारी कोष का दुरुप्रयोग है। एडेड माध्यमिक विद्यालय में सरकारी पॉलिसी के अनुसार जून माह का मानदेय नहीं दिया जाता है। यह भी जानकारी में आया है कि सविदा कर्मियों को मानदेय एजेंसी द्वारा ही दिया जाता हैं जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा कार्यालय कर्मियों की उपस्थिति विद्यालय से प्राप्त कर एजेंसी को भेजता है तब मानदेय मिल पाता है बेरोजगार युवाओं का शोषण कर रहे हैं संविदा कर्मियों को पिछ्ले अनेकों माह का मानदेय नहीं दिया गया है दूसरी ओर अनेकों प्रिंसिपल्स द्वारा समय से उपस्थिति नहीं भेजी जाती हैं। बकि एजेंसी ऑन लाइन पोर्टल पर उपस्थित दर्ज कराए तो बीच की कड़ी में होने वालीं देरी को खतम किया जा सकता है मानदेय समय से मिल सकता हैं।

# कुल पॉच शिकायतों में निबटा समाधान दिवस, दो हुई निस्तारित

- पीड़ितों की समस्याओं का समयबद्ध ढंग से निस्तारण करें : कमलेश कुमार

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर कोतवाली परिसर में सीओ सदर व नायब तहसीलदार के नेतृत्व में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल पॉच फरियादी अपनी अपनी शिकायतें लेकर आये। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण करनें के लिये अधीनस्थों को निर्देशित करनें के उपरान्त उन्होनें कहा कि पीडितों को हर हाल मे न्याय मिलना चाहिये। शनिवार को स्थानीय कोतवाली में सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार व छिबरामऊ नायब तहसीलदार अभिमन्यु सिंह के नेतृत्व में आयोजित समाधान दिवस में तीन शिकायतें राजस्व, जबकि दो शिकायतें पुलिस से संबंधित कुल नौ शिकायतें आई। जिसमें से दो समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिये निर्देशित करनें के उपरान्त सीओ सदर कमलेश कुमार नें कहा कि राजस्व कर्मी पुलिस कर्मियों की मदद से फरियादियों की समस्याओं को शीघ्र निस्तारित करें। नायब तहसीलदार हिमांशु प्रभाकर नें कहा कि राजस्व अधिकारी शासन की मंशानुसार फरियादियों की समस्याओं का समय रहते निस्तारण करें। इस अवसर पर कानून-गो प्रेमकृष्ण मिश्रा, कस्वा प्रभारी दीपक सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी धीरेन्द्र सिंह, लेखपाल कौशल पाण्डेय, अभिषाक कटियार, अतुल प्रताप सिंह, कुलदीप यादव, हरिनरायण सहित तमाम राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

# जिला कारागार मथुरा ने लगाई बंदियों के द्वारा हस्त निर्मित समान की प्रदर्शनी

अवधनामा संवाददाता



**मथुरा।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिला कारागार में निरुद्ध बंदिओं के द्वारा स्वर्निर्मित विभिन्न प्रकार सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई जिसकी न्यायिक अधिकारियों के द्वारा प्रशंसा ही नहीं की गई बल्कि अपने प्रयोग के लिए बंधिया द्वारा तैयार किए गए सामान की खरीदारी भी की गई।

न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया उक्त अवसर पर कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित सामानों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी में कारागार के बंदियों द्वारा निर्मित हथकरघा की सूती साड़ियां, तौलिए, अंगोछा,रुई से बनाई गई बत्तियां, भगवान जी की पोशाक एवं मुकुट आदि प्रदर्शनी में लगाई गई। प्रदर्शनी में रखी गई सामग्री को जनता द्वारा खूब पसंद किया गया। उक्त प्रदर्शनी का अवलोकन विकास कुमार जिला जज व अन्य अधीनस्थ न्यायिक अधिकारियो द्वारा किया गया। उनके द्वारा बंदियों के द्वारा तैयार की गई उक्त सामग्री को बहुत पसंद करते हुए खरीदा भी गया तथा कारागार प्रशासन के उक्त कार्य की सराहना भी की गई। उनके द्वारा उक्त कार्यो को और व्यापक स्तर पर कराए जाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर जेलर अंशुमन गर्ग ने बताया जेल प्रशासन निरंतर बंदिओं को और तमाम घरेलू स्तर पर प्रयोग किए जाने वाले समान को तैयार करने के लिए प्रशिक्षित करने का काम निरंतर जारी है जेल में निरुद्ध बंदिओं के द्वारा जो सामान तैयार किया जा रहा है उसकी लगातार मांग बढ़ती जा रही है।

# एनसीसी शिविर में खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आर्मी एरिया स्थित कैप्टन मनोज पाण्डेय पीवीसी परिसर में कर्नल रजत पाण्डेय के निर्देशन में चल रहे 11 यू पी वाहिनी एनसीसी के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन, मथुरा द्वारा एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य शिविर में भाग ले रहे लगभग 450 एनसीसी कैडेटों को मिलावटी खाद्य पदार्थो से बचाव और उत्तम स्वास्थ्य बनाए रखने के बारे में शिक्षित करना था। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञानपाल सिंह ने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली विभिन्न खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता की पहचान करने के सरल तरीके उदाहरणों सहित बताए। उन्होंने खाद्य तेल, अरहर दाल, पनीर, हल्दी, दूध, घी, पीसा धनिया, काली मिर्च आदि की शुद्धता जांचने की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह और डॉ. मोहर सिंह ने कैडेटों को जंक फूड के हानिकारक प्रभावों से अवगत कराया, जिसमें उच्च वसा और स्टार्च की मात्रा लीवर को नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने पैकेटबंद खाद्य पदार्थो की खरीदारी करते समय एक्सपायरी डेट, निर्माण सामग्री और ऊर्जा की मात्रा जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी। ताराचंद दरिया और वेदांत ने भी मिलावटी खाद्य पदार्थो से बचने के विभिन्न उपायों पर अपने विचार साझा किए। शिविर के कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने कैडेटों से सतर्क रहने और इस महत्वपूर्ण जानकारी को अपने आसपास के लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन के अधिकारियों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन लेफ्टिनेंट कपिल कौशिक ने किया। इस अवसर पर कैप्टन अतुल शर्मा, कैप्टन गोविंद, लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, ऑफिसर हुकुम सिंह प्रजापति, ऑफिसर राजकुमार, सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह, सूबेदार कुमार लामा और हवलदार संदीप सिंह आदि उपस्थित थे।

## युवक से लिफ्ट मांग टप्पेबाज ने पार किये 18 हजार

**उन्नाव।** अज्ञात जेबकतरा एक युवक से लिफ्ट लेकर उसकी बाइक पर सवार हो गया। रास्ते में जेबकतरे ने बाइक चालक की जेब काटकर उसमें रखे करीब 18 हजार रुपए पार कर दिये और बाइक रुकवाकर दूसरी बाइक से भाग निकला। पीड़ित ने घटना की तहरीर चौकी गंजमुरादाबाद पुलिस को दी है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर निवासी तारिक खां पुत्र नूरुल हसन द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार वह शुक्रवार की दोपहर अपने बहनोई को रूपए देने बाइक से बांगरमऊ जा रहा था तभी गंजमुरादाबाद कस्बे के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित हीरो एजेंसी के निकट दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसकी बाइक रुकवाई और आवश्यक कार्य होने की बात बताकर आगरा एक्सप्रेस-वे के निकट तक ले चलने को कहा। उसकी खुशामद को देखते हुए तारिक खां ने अज्ञात युवक को बाइक पर बिठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद रास्ते में रघुरामपुर पुलिया के निकट युवक बाइक रुकवाकर उतर गया। बाइक से उतरते ही अज्ञात युवक आनन-फानन विपरीत लेन पर खड़ी दूसरी बाइक पर बैठकर भाग निकला। जब तारिक खां ने अपनी जेब देखी तो वह कटी हुई थी और जेब से 18 हजार 100 रुपए नगदी गायब मिली।

# पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जनपद हरदोई के एसपी ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में वार्षिक निरीक्षण के तहत प्रधान लिपिक शाखा का निरीक्षणकिया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के अभिलेखों की स्थिति, रख-रखाव और कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने अभिलेखों को व्यवस्थित, अद्यतन और डिजिटलीकरण करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि कार्यालयीन कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित की जा सके। एसपी का यह वार्षिक निरीक्षण पुलिस कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधान लिपिक शाखा में मौजूद विभिन्न रजिस्टरों, फाइलों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। विशेष रूप से, अपराध रिकॉर्ड, शिकायतों से संबंधित अभिलेख, और कर्मचारियों के प्रशासनिक दस्तावेजों पर ध्यान केंद्रित किया गया। एसपी ने अभिलेखों के रख-रखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कर्मचारियों को नियमित रूप से रिकॉर्ड अपडेट करने और सुरक्षित रखने की हिदायत दी।एसपी ने आधुनिक तकनीक के उपयोग पर बल देते हुए कहा कि अभिलेखों का डिजिटलीकरण समय की मांग है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी महत्वपूर्ण दस्तावेजों को डिजिटल प्रारूप में संरक्षित किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने कार्यालय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने की सलाह दी।निरीक्षण के दौरान एसपी ने कर्मचारियों के कार्यो की सराहना भी की, जहां उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी कमियों को समय रहते ठीक कर लिया जाए तो कार्यालय की कार्यक्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि वे नवीनतम प्रशासनिक प्रक्रियाओं और तकनीकों से अवगत रहें। एसपी ने इस अवसर पर यह भी दोहराया कि पुलिस कार्यालय का सुचारू संचालन जनपद में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि अभिलेखों का उचित प्रबंधन न केवल प्रशासनिक कार्यो को सुगम बनाता है, बल्कि अपराध नियंत्रण और जांच प्रक्रिया में भी सहायता प्रदान करता है। निरीक्षण के अंत में, उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा और लगन से करने का आह्वान किया।

## बाइको की भिड़न्त में युवक घायल

**उन्नाव।** बाइक से ससुराल जा रहे युवक की बाइक में विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सफीपुर विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पावा निवासी रघुनंदन का लगभग 30 वर्षीय सुनील कुमार शुक्रवार को पत्नी रोशनी को लेकर अपनी ससुराल थाना क्षेत्र के ग्राम बूचागाड़ा जा रहा था। पत्नी रोशनी ने बताया कि उसे कस्बा फतेहपुर चौरासी में दवा लेनी थी तो पति सुनील उसे कस्बे में उतारकर ग्राम बूचागाड़ा चले गए। अनिल अभी बूचागाड़ा के सामने पहुंचा ही था कि तभी सामने से आ रही अज्ञात बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे सुनील सड़क के किनारे गिरकर घायल हो गया। वह दूसरी बाइक सवार भाग निकलने में सफल रहा। घायल को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन पर विहिप ने बढ़ाया हौसला



**उन्नाव।** भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य प्रदर्शन को देख उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए विश्व हिन्दू परिषद और भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा बड़े चौराहे पर एकत्र होकर भारतीय सेना जिंदाबाद के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के जिला कार्यवाह रघुवंश मणि त्रिवेदी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष कुश सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। कुश सिंह ने कहा कि ये अब वो भारत नही है जो घटनाओ की निंदा करने तक ही सीमित रहता था आज का भारत दुश्मनों की नींद हराम करके उन्हें जमीदोज करने का काम करता है और उनके घर मे घुस के उन्हें जहन्नुम पहुंचने का काम भरतीय सेना पूरी शिद्दत से कर रही है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विश्व हिन्दू परिषद के विभागध्यक्ष सुरेश पाण्डेय, गोलू चन्देल, रंगु सिंह, अभीत सिंह, सतीश सिंह, वंश, करन त्रिपाठी, उत्कर्ष अवस्थी, शुभम शर्मा, राघवेंद्र, शुभम जायसवाल, विक्की सिंह आदि लोग रहे।

## श्वेता सिंह ने परिवार का नाम किया रोशन



**गजरौल ा( अमरोहा)** गजरौला क्षेत्र ही नहीं बल्कि जनपद की राजनीति में अति सम्मानित रहे गजरौला के स्वर्गीय पूर्व चेयरमैन जसराम सिंह की परपोती श्वेता सिंह ने न केवल अपने खानदान का बल्कि एक बार फिर जनपद भर में नाम रोशन कर ये साबित कर दिया है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है। गजरौला के बस्ती निवासी स्वर्गीय जसराम सिंह गजरौला के चेयरमैन रहे। तथा निकाय बनने से पहले गजरौला के प्रधान भी रहे तथा निकाय बनने के बाद गजरौला के चेयरमैन भी रहे । श्वेता सिंह श्रद्धेय जसराम सिंह के भतीजे स्वर्गीय हरपाल सिंह की पोती है हरपाल सिंह पुलिस विभाग में थे जो पुलिस सब इंस्पेक्टर से सेवानिवृत हुए थे। श्वेता सिंह स्वर्गीय हरपाल सिंह के बड़े बेटे धर्मेंद्र सिंह की पुत्री है। बेटियां चाहे तो क्या कुछ नहीं कर सकती अगर उन्हें मौका दिया जाए यह बात एक बार फिर एक बेटी ने सच करदी है गजरौला की रहने वाली मुरादाबाद मे स्थित आईएफटीएम विश्वविद्यालय की एक छात्रा स्वेता सिंह ने किया सन 2025 में की गई आयोजित आईआईटी रुड़की द्वारा आयोजित अभियांत्रिकी स्नातक अभिक्षमता गेट 2025 की परीक्षा पास की है। ऐसा कर उन्होंने अपने विश्वविद्यालय, माता पिता तथा अपने संग साथियों का नाम भी रोशन किया है।

## घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला गांधीनगर व गौरी नवादा निवासी दिलशाद खान पुत्र इरशाद खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 02 मई को 08 बजे वह अपने गोरी नवादा स्थित घर पर था। तभी मोहल्ला गर्दाबाद निवासी सलमान पुत्र इरफान, मुशर्रफ पुत्र नाटू उर्फ अनीश, नायाब पुत्र मेहफिल, सास जैबुंनिशा, शबाना पुत्री इरफान आदि ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए उसके घर में घुसकर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा उसे घर में बंधक बना लिया और तोड़फोड़ की। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से युवक घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम लालपुर पूर्वी चियासर निवासी हरि शरन पुत्र राम चरन शाक्य द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि 07 मई को 05 बजे गंगा की कटरी में तरबूज की रखवाली कर रहे उसके पुत्र राजकुमार के पड़ोसी थाना तालग्राम के ग्राम बिचपुरवा निवासी अजय पुत्र शिवमंगल सिंह ने अनियंत्रित गति से ट्रैक्टर चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## सडक दुघर्टना में तीन लोगों की हुई मौत तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के ग्राम नगला अनूप निवासी रतेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 21 अप्रैल को 04 बजे ग्राम औराई के सामने जीटी रोड पर त्रिपाठी होटल के निकट अनियंत्रित गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने वेगनर कार में टक्कर मार दी। जिससे नेहा पत्नी सुशील कुमार व रानी पत्नी यशपाल सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि दिनांक 24 अप्रैल को सनी यादव पुत्र यशपाल की इलाज दौरान मृत्यु हो गई। वहीं घायलों सुशील कुमार व गुड़िया एवं सिया का इलाज चल रहा है। पीड़ित की तहरीर पर दुर्घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# देश की सेवा को समर्पित युवा कांग्रेसजनों ने किया रक्तदान

अवधनामा संवाददाता




**मथुरा।** युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष दुर्गेश बघेल और प्रदेश सचिव अनाम धन्य तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के साथियों द्वारा विशाल रक्त शिविर का आयोजन गोवर्धन चौराहा स्थित सदभावना ब्लैड बैंक में किया गया। करीब एक दर्जन कार्यकर्ताओं ने अपना रक्त दान दिया, ये आयोजन प्रतिदिन चलता रहेगा मुल्क पर संकट है, सरहद पुकार रही हैं ऐसे समय में नेता विपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी के सिपाहियों ने ठाना है कि हम हर कोने में रक्तदार शिविर लगाकर देश के लिए अपना फर्ज निभाएंगे चाहे बॉर्डर राज्य हो या कोई और हिस्सा कांग्रेस का हद कार्यकर्ताएक सैनिक की तरह देश की सेवा में जुटा है वैसे भारत एक सशक्त देश है ऐसी स्थिति नहीं आएगी कि देश में रक्त की कमी हो और आपातकालीन स्थिति आ जाए परंतु अनहोनी कहकर नहीं आती पूरे देश का युवक कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता ब्लड बैंकों में जाकर रक्तदान कर रहा है देश का लाखों करोड़ों युवा कांग्रेस का कार्यकर्ता लाखों करोड़ों ब्लड यूनिट को भारत में जमा कर रहा है रक्त की कमी किसी भी सूरत में नहीं आनी चाहिए जरूरत पड़ने पर एक-एक कार्यकर्ता भारतीय सीमाओं पर बंदूक चला ने का भी काम कर सकता है देश के लिए बलिदान अमर शहीदों ने दिया हम देश के सच्चे नागरिक हैं हमारा फर्ज बनता है देश की प्रति समर्पित होना इस मौके पर सदस्य पीसीसी प्रवीण ठाकुर, प्रदेश सह संयोजक वरुण अरोड़ा,दीपक पंडित, आकाश सक्सेना एडवोकेट, देवेंद्र चौधरी एडवोकेट, सोमिल कुलश्रेष्ठ, ठ्ह्यह्वद्व जिलाध्यक्ष हरीश पचौरी, सतेंद्र परिहार, हिमांशु भारद्वाज, नरेश पाल ठाकुर, सलमान कुरैशी, दिलशाद खान, नीरज सनवाल आदि उपस्थित रहे।

## स्टैंडर्ड स्लॉटर हाउस के मैनेजर पर 50 हजार हड़पने का आरोप

**उन्नाव।** जिले के चर्चित स्टैंडर्ड स्लॉटर हाउस में एक बार फिर से भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मैनेजर अमित मौर्या समेत कई लोगों पर नौकरी दिलाने के नाम पर 50,000 की रकम हड़पने का आरोप लगा है। पीड़ित ने बताया कि उसने झूल डक्सा क्रय करने और नौकरी की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए स्टैंडर्ड स्लॉटर में 50,000 बतौर सिक्योरिटी मनी जमा किए थे लेकिन दो साल बीत जाने के बावजूद न तो उसे नौकरी मिली, न ही पैसा वापस किया गया। बीते दिवस पीड़ित ने दही थाने में मैनेजर अमित मौर्या, साहिल वर्मा समेत अन्य के खिलाफतहरीर दी। पुलिस को तहरीर दिये जाने की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया है और स्टैंडर्ड स्लॉटर हाउस के जीएम अमित मौर्या भी हरकत में आ गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह बीते दो वर्षो से सिक्योरिटी मनी वापसी के लिए स्लॉटर हाउस के चक्कर काट रहा था लेकिन हर बार उसे टाल दिया गया। अब कानून का सहारा लेकर उसने न्याय की गुहार लगाई है।

# एसपी ने थाना ठठिया का गहनता से किया वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

- एसपी ने थाना ठठिया का गहनता से किया वार्षिक निरीक्षण
- अभियानों व कार्यों की समीक्षा कर विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये

**कन्नौज।** बीतीशाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा थाना ठठिया का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कंप्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक एवं सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके द्वारा थाना कार्यालय के अभिलेखों की जांच की गई और उन्हें सुव्यवस्थित एवं अपडेट रखने हेतु समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना ठठिया पर नियुक्त सभी उपनिरीक्षक व निरीक्षक के कार्यो एवं अभियानों की समीक्षा करनें के उपरान्त एसपी ने लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया। साथ ही अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था के अंतर्गत चलाए जा रहे। तथा थाना पर तैनात बीट आरक्षियों की बीट बुक को चैक कर उनसे बीट क्षेत्र से संबंधित जानकारी ली गयी तथा बीट बुक को अध्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, निरीक्षण के दौरान एसपी ने ग्राम प्रहरी (गांव पुलिस) से वार्ता कर उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और अनुशासित रहने के निर्देश दिए। इसके बाद बीतीशाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना ठठिया पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र में महत्वपूर्ण चौराहे/तिराहे, बाजारों में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं आमजनमानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया तथा थाना ठठिया प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा को महत्वपूर्ण स्थानों पर और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का जिला जज ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

- 77224 वादो का निस्तारण



**उन्नाव।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल की अध्यक्षता में सुनील कुमार वर्मा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, रामायण शर्मा अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत तथा नित्यानंद श्रीनेत्र, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सोनम सिंह सी.ओ. सिटी उन्नाव एवं सुशील कुमार गोंड अपर जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ प्रातः 10 बजे जनपद न्यायालय के केन्द्रीय हॉल में दीप प्रज्जवलित कर किया गया जिसमें मो0असलम सिद्दीकी अपर जिला जज, डॉ. सत्यवान सिंह अपर जिला जज, ममता सिंह अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, विवेकानन्द विश्वकर्मा अपर जिला जज, रामराज अपर जिला जज, शिप्रा आर्या अपर जिला जज, मनीष निगम अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूनम अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वितीय, जयवीर सिंह नागर अपर जिला जज, शैलेन्द्र सिंह यादव अपर जिला जज, रवि प्रकाश साहू अपर जिला जज एफटी.सी-1, स्वतंत्र प्रकाश अपर जिला जज फ़स्ट ट्रैक, बार एसोसिएशन उन्नाव के वर्तमान अध्यक्ष गिरीश कुमार मिश्र एवं महामंत्री अनुज कुमार बाजपेयी, पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला, भव्या तिवारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा अन्य सभी सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण व पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ करते हुये जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में जनपद न्यायालय के विभिन्न न्यायालयों के न्यायिक अधिकारीगण द्वारा जिसमें मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 33 वाद एवं मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वादों में 31074000 प्रतिकर अवार्ड किया गया। वैवाहिक वाद 66, बैंक रिकवरी 768 वाद का निस्तारण किया गया जिनमें 9746600 धनराशि की अदायगी हेतु तय की गयी। बी.एस.एन.एल एवं फाइनेंस कंपनी के कुल 65 वाद में 572538 धनराशि की अदायगी हेतु तय की गयी। उत्तराधिकार के 38149 06.78 के प्रमाण पत्र जारी किये गये। विविध दीवानी 41 वाद तथा आपराधिक शमनीय 4309 वादों में 194625 अर्थदंड, एन.आई.एक्ट के 01 वाद एवं अन्य 393 वाद का निस्तारण किया गया। राजस्व के 48418 परिवार न्यायालय द्वारा वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन के 08 वाद तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव द्वारा 05 वैवाहिक प्रि-लिटिगेशन वाद निस्तारण किया गया। अन्य प्रि-लिटीगेशन वादों जिसमें विद्युत से सम्बन्धित 22220 मामलों का प्रि-लिटीगेशन के वादों का भी निस्तारण किया गया। अन्य लघु वाद का विशेष लोक अदालत में कुल 71 वादों का निस्तारण किया गया। वैवाहिक वादों में से 20 जोड़ों ने आपसी सुलह-समझौते के आधार पर पुनर्मिलन के लिए सहमत हुए और भविष्य में बिना किसी मतभेद के एक साथ जीवन जीने के वादे के साथ एक-दूसरे को माला पहनाई और अपनी कानूनी लड़ाई समाप्त कर दी। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में लगभग 77224 वादों का निस्तारण किया गया।

## केले के कपकेक बनाते समय ये छोटे-छोटे टिप्स आएंगे बेहद काम

घर पर केले के कपकेक बनाने के लिए आपको किसी खास सामान की ज़रूरत नहीं है और ना ही किसी एक्सपर्ट वाली बेकिंग स्किल की आवश्यकता होती है। बस आप कुछ सिंपल टिप्स अपनाकर केले के कपकेक बना सकते हैं।

कपकेक खाना बच्चों से लेकर बड़ों तक हर किसी को काफी अच्छा लगता है। अमूमन लोग अपने घर पर तरह-तरह के कपकेक खाना व बनाना पसंद करते हैं। इन्हीं में से कहै केले के कपकेक। ये बेहद ही नरम और मीठे होते हैं, जिन्हें बनाना भी काफी आसान होता है। अगर आपके पास कुछ ज्यादा पके हुए केले पड़े हैं, तो उन्हें फेंकने की जगह आप कपकेक बनाकर खा सकते हैं। घर पर केले के कपकेक बनाने के लिए आपको किसी खास सामान की ज़रूरत नहीं है और ना ही किसी एक्सपर्ट वाली बेकिंग स्किल की आवश्यकता होती है। बस आप कुछ सिंपल टिप्स अपनाकर केले के कपकेक बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर बेहद ही टेस्टी बनाना कपकेक बना सकते हैं-



**पकेहुए केले का इस्तेमाल करें**

जब आप केले का कपकेक बना रहे हैं तो ऐसे में पके हुए केलों का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, ज्यादा पके केले मीठे और नरम होते हैं, जिससे कपकेक का स्वाद और नमी दोनों बढ़ते हैं। अक्सर केले पर काले दाग देखकर हम उन्हें फेंक देते हैं, लेकिन इनसे केले के कपकेक बनाना यकीनन बेहद अच्छा विचार है।

**केले को अच्छे से मैश करें**

केले का कपकेक बनाते समय केले को अच्छी तरह मैश करना चाहिए। कभी भी इसमें बड़े टुकड़े ना छोड़ें। दरअसल, स्मूद केले का पेस्ट बैटर में अच्छे से मिक्स होता है। जबकि बड़े टुकड़े नीचे बैठ सकते हैं या फिर कपकेक का टेक्सचर खराब कर सकते हैं।

**बैटर को ज़्यादा मत मिलाएं**

कपकेक बनाने के लिए आप जो बैटर तैयार करते हैं, उसे ओवर मिक्स करने से बचना चाहिए। इसे बहुत ज़्यादा मिलाने से आटे में ग्लूटन एक्टिव हो जाता है, जिससे कपकेक सख्त और चबाने वाले हो जाते हैं। इसलिए ध्यान रखें कि आप इसे बस उतना मिलाएं कि सब चीजें मिक्स हो जाएं।

**रूम टेंपरेचर पर हो सामान**

केले का कपकेक बनाते समय उसमें अंडा, मक्खन व दूध जैसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है।

## जूतों को कंफर्टेबल बनाने के लिए जरूर ट्राई करें ये हैक्स, आसानी से पैरों में होंगे फिट

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके ढीले या बड़े जूतों को पैरों में फिट कराने में सहायता कर सकते हैं। वहीं इस हैक्स में किसी महंगे उपकरणों या किसी अन्य खास सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

शू स्टोर पर जाकर जूते लाना उतना आसान नहीं होता है। जूते खरीदने के दौरान डिजाइन, कलर और साइज जैसी कई समस्याओं पर ध्यान देना पड़ता है। क्योंकि कई बार हम जल्दबाजी में ऐसे जूते खरीद लेते हैं, जो देखने में अच्छे लगते हैं। लेकिन फिर वही पसंदीदा और महंगे जूते हमारे पैरों में ठीक से फिट नहीं होते हैं। तो यह दर्द देते हैं और हजारों का नुकसान भी करा देते हैं। ऐसे में अगर आपके पसंदीदा जूते भी पैरों में फिट नहीं हो रहे हैं, तो आप उनको फेंकने के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको रुकना चाहिए।

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे हैक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके ढीले या बड़े जूतों को पैरों में फिट कराने में सहायता कर सकते हैं। वहीं इस हैक्स में किसी महंगे उपकरणों या किसी अन्य खास सामग्री की जरूरत नहीं पड़ेगी।

अगर आपके जूते साइज में छोटे हैं, तो आप ब्लो ड्रायर की सहायता ले सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने पैरों में मोटी सॉक्स पहनें। अगर मोटे सॉक्स नहीं हैं, तो आप एक के ऊपर एक दो जोड़ी जुराब पहन लें। फिर जूता पहनें। इसके बाद हेयर ड्रायर को मीडियम सेट पर लगाकर जूतों को 20-30 सेकेंट के लिए हवा दें। अब 5 मिनट के लिए ड्रायर को रोक दें और फिर 20 से 30 सेकेंड तक जूतों को हेयर ड्रायर से ब्लो ड्राई करें। इससे जूतों में स्पेस बन सकता है और जूता फिट हो सकता है।

**वॉटर बैग**

जूतों का साइज बड़ा करने में वॉटर बैग भी आपकी सहायता कर सकता है। इसके लिए सबसे पहले दो जिपलॉग बैग लें, फिर इनमें पानी भरें और उनको जूतों के अंदर रख दें। इन जूतों को रातभर के लिए फ्रीजर में रख दें। जब फ्रीजर का पानी जमने लगे तो वह जूतों में अपनी जगह भी बनाएगा।



इस उपाय को करने से टाइट जूते भी ढीले हो सकते हैं।

**अखबार की गीली बॉल्स**

टाइट जूतों को ढीला करने के लिए अखबार की गीली बॉल्स में मदद कर सकती है। सबसे पहले अखबार लें और उनकी बॉल्स बनाएं। अब इन बॉल्स को गीला करके जूतों में भर दें। जब तक यह बॉल्स सूख न जाएं, तब तक इनको जूतों में ही रहने दें। ऐसा करने से जूते ढीले हो सकते हैं।

**पहनकर घूमें**

अगर आप भी जूते पहनने में अनकंफर्टेबल हैं, तो आप पहले इनको पहनकर थोड़ी देर घर में घूम सकते हैं। ऐसा करने से जूतों में पैर अपना स्पेस बना लेंगे। ऐसे में जब आप वह जूता पहनकर बाहर जाते हैं, तो आपको कम समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**पैर में फिट हो सकते हैं ढीले जूते**

अगर आपके जूते ढीले हैं, तो आपको पैरों में फिट करने के लिए टिश्यू पेपर, रूई या फिर सूती कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। जूतों को फिट करने के लिए आप जिस भी चीज का इस्तेमाल करें, उसको टो एरिया यानी जूतों के अगले हिस्से में भर दें, इसके बाद जूता पहनें। इस तरीके से जूते पैरों में फिट हो सकते हैं।

अगर जूता साइज में बड़ा होने के कारण से फिसल रहा है, तो हील ग्रिप्स भी सहायता कर सकती है। यह एक सॉफ्ट पैड्स की तरह होता है, जिनको जूते के पीछे चिपकाया जाता है। इससे ढीला जूता पैरों में फिट बैठ सकता है।

## बच्चे को लंच बॉक्स में बनाकर दें लौकी के अप्पे, चट कर जाएंगे पूरा टिफिन

अगर आपका बच्चा भी हरी सब्जियां खाने में आनाकानी करता है और वह हर रोज टिफिन बॉक्स बचाकर ले आता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए एक हेल्दी टिफिन बॉक्स रेसिपी लेकर आए हैं।

हर बच्चा खाना खाने में आनाकानी करता है। ऐसे में बच्चे को खाना खिलाना एक बड़ा और मुश्किल टास्क बन जाता है। वहीं बच्चे हरी सब्जियां खाने से भागते हैं। जबकि उनको बाहर का जंक फूड खाना बहुत पसंद होता है। ऐसे में मां के लिए बहुत बड़ी मुश्किल यह होती है कि वह बच्चे को ऐसा क्या बनाकर दें, जोकि खाने में टेस्टी होने के साथ हेल्दी भी हो। क्योंकि यह तो हम सभी जानते हैं कि हरी सब्जियां सेहत के लिए फायदेमंद होती है। फिर चाहे वह बच्चा हो या बड़ा।

बॉडी ग्रोथ से लेकर शरीर में कई तरह के पोषक तत्वों की कमी को दूर



करने के लिए हरी सब्जियां बेहद फायदेमंद होती है। इसलिए इन हरी सब्जियों को किसी न किसी रुप में बच्चे को जरूर खिलाना चाहिए। अगर आपका बच्चा भी हरी सब्जियां खाने में आनाकानी करता है और वह हर रोज टिफिन बॉक्स बचाकर ले आता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके लिए एक हेल्दी टिफिन बॉक्स रेसिपी लेकर आए हैं। जिसको आप अपने बच्चे को बनाकर दे सकती हैं। आप अपने बच्चे को टिफिन में लौकी के अप्पे बनाकर दे सकती हैं, यह स्वादिष्ट होने के साथ हेल्दी डिश भी है।

**ऐसे बनाएं लौकी के अप्पे**

सबसे पहले एक बर्तन में सूजी ले लें। फिर इसमें खट्टा दही या छाछ डालकर मिक्स करें और थोड़ी देर फूलने के लिए छोड़ दें।

सूजी के फूल जाने के बाद इसमें चने की दाल भूनकर, करी पत्ते, राई और नमक डालकर मिक्स करें। अब इसमें थोड़े से ड्राई फ्रूट्स भूनकर डालें और नारियल पाउडर डाल दें। इसके बाद ऊपर से लौकी का पेस्ट और कद्दूकस की लौकी डालकर थोड़ा सा पानी मिलाकर अच्छे से मिक्स करें।

फिर इसमें बेकिंग सोडा या ईनो डालें। अब इस मिश्रण को अप्पे पैन में तेल लगाकर डालें।

**इन बातों का रखें खास ध्यान**

अप्पे का मिश्रण बनाने के दौरान हमेशा खट्टी दही या छाछ का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे अप्पे फूलते हैं।

अप्पे के मिश्रण में थोड़ी सी चने की दाल डालने से इसका टेस्ट बढ़ जाता है।

लौकी के अप्पे बनाने के लिए लौकी को कद्दूकस या फिर पेस्ट दोनों तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

लौकी के अप्पे बनाने के लिए सूजी के घोल को थोड़ी देर के लिए फूलने को रख दें।

## एक परफेक्ट समर ट्रीट है मैंगो ग्रीन टी पॉप्सिकल्स घर पर जरूर करें ट्राई

जब आम की मिठास और ग्रीन टी की सुकून देने वाली ठंडक पॉप्सिकल्स में एक साथ मिलती है, तो गर्मी को मात देने के लिए एक बेहतरीन कूल कॉम्बिनेशन बनता है, जो न सिर्फ आपके मन को खुश करेगा बल्कि आपके शरीर को भी तरोताजा कर देगा। तो चलिए, जानते हैं इसे घर पर कैसे बनाएं।

गर्मी की तपती धूप में अगर कुछ ठंडा, तरोताजा और स्वाद से भरपूर मिल जाए तो दिन बन जाता है। इसीलिए गर्मियों को खास, मजेदार और ठंडा बनाने के लिए हम आपके लिए एक अनोखी और हेल्दी रेसिपी लेकर आए हैं। ये है मैंगो ग्रीन टी पॉप्सिकल्स। जब आम की मिठास और ग्रीन टी की सुकून देने वाली ठंडक पॉप्सिकल्स में एक साथ मिलती है, तो गर्मी को मात देने के लिए एक बेहतरीन कूल कॉम्बिनेशन बनता है, जो न सिर्फ आपके मन को खुश करेगा



बल्कि आपके शरीर को भी तरोताजा कर देगा। तो चलिए, जानते हैं इसे घर पर कैसे बनाएं। ग्रीन टी लेयर के लिए सामग्री- 1 चम्मच माचा ग्रीन टी पाउडर, ? कप फुल-फैट कोकोनट मिल्क (या लाइट) और 1-1.5 चम्मच मेपल सिरप, एगेव या शहद आम की लेयर के लिए सामग्री- 1 कप ताजा आम, द कप लाइट कोकोनट मिल्क (या फुल-फैट) और ड्ट मध्यम नींबू का रस मैंने पहले ग्रीन टी की लेयर ऊपर और आम की नीचे रखने का फैसला किया। इसलिए, मैंने एक ब्लेंडर में माचा, कोकोनट मिल्क और स्वीटनर मिलाकर ग्रीन टी की लेयर तैयार की और इसे सिल्की होने तक ब्लेंड किया। इस मिश्रण को पॉप्सिकल मोल्ड्स में आधा भरकर डाला और थोड़ा जमने के लिए 30 मिनट तक फ्रीज किया। इसके बाद, मैंने ताजे आम के टुकड़ों को कोकोनट मिल्क और नींबू के रस के साथ ब्लेंड कर आम की लेयर तैयार की और इसे जमी हुई ग्रीन टी की परत पर डाला।

## टॉयलेट की गंदी सीट साफ करने के लिए ट्राई करें लहसुन वाली ट्रिक, आसानी से होगा साफ



अगर टॉयलेट सीट पर पीले धब्बे पड़ चुके हैं और आप इसको साफ करना चाहते हैं, तो आपको लहसुन वाला हैक जरूर ट्राई करना चाहिए। इसलिए आज हम आपको लहसुन वाला हैक बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से टॉयलेट सीट के दाग आसानी से साफ हो जाएंगे। गंदी टॉयलेट सीट देखकर हर किसी का दिमाग खराब हो जाता है। क्योंकि अगर टॉयलेट सीट साफ न हो तो कई तरह की बीमारियों का खतरा अधिक हो जाता है। बैक्टीरिया टॉयलेट सीट पर सबसे अधिक होते हैं, जो आपके परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए घर के बाथरूम के साथ ही टॉयलेट की सफाई भी बहुत जरूरी होती है। यह सेहत के लिहाज से भी बहुत जरूरी होता है। टॉयलेट को क्लीन करने के लिए लोग तरह-तरह के क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके बाद भी सीट पर लगे दाग साफ नहीं हो पाते हैं। ऐसे में अगर टॉयलेट सीट पर पीले धब्बे पड़ चुके हैं और आप इसको साफ करना चाहते हैं, तो आपको लहसुन वाला हैक जरूर ट्राई करना चाहिए। इसलिए आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लहसुन वाला हैक बताने जा रहे हैं, जिसकी मदद से टॉयलेट सीट के दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

टॉयलेट की सफाई के लिए सबसे पहले लहसुन की कलियों को छील लें। फिर इनको छोटे-छोटे हिस्सों में काट लें। अब कटे हुए लहसुन को गरम पानी में डाल दें। इससे पानी में लहसुन का फ्लेवर मिक्स हो जाएगा। अब पानी की मात्रा के बराबर विनेगर मिलाएं। इस आसान तरीके से सफाई वाला लिक्विड तैयार हो जाएगा।

इसके बाद यह क्लीनिंग लिक्विड कम्बोड में डाल दें और ब्रश की मदद से कम्बोड को घिसकर साफ करें। जहां पर पीलापन है वहां पर ब्रश को लिक्विड के साथ रब करें। इस आसान तरीके से टॉयलेट सीट अच्छे से क्लीन हो जाएगी।

बता दें कि लहसुन बैक्टीरिया मारने के साथ-साथ टॉयलेट सीट को भी साफ करने में सहायता करेगा। लहसुन टॉयलेट को ब्लीच करने का काम करता है और यह इसके चारों ओर मौजूद पीलेपन को भी हटाने में सहायता करता है।

## सफेद बालों को छिपाने में मदद करेगी ये देसी चाय, हेयर कलर की नहीं पड़ेगी जरूरत

कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं।

कई बार आइने में देखते हुए बालों के बीच कुछ सफेद बाल नजर आते हैं, हमारे चेहरे पर शिकन आ जाती है। खासकर यदि 30 साल की उम्र के बाद सफेद बाल दिखाई देने लगें, तो यह काफी खराब लगता है। अक्सर हम इन सफेद बालों को छिपाने का तरीका ढूंढते हैं और बालों को सफेद करने के लिए हेयर कलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप सफेद बालों को छिपाने की बजाय इनको कम करने पर ध्यान देना चाहिए।

बता दें कि कम उम्र से ही बालों का सफेद होना तनाव और शरीर में कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी की ओर इशारा करता है। ऐसे में आप अपनी लाइफस्टाइल और डाइट में



कुछ बदलाव करके इसको रिवर्स करती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी चाय के बारे में बताने जा रहे हैं, जो सफेद बालों की समस्या को कम कर सकती है।

बता दें कि मेथी के बीज हेयर फॉलिकल्स को मजबूती देने का काम करता है और यह बालों के समय से पहले सफेद होने से रोकता है।

मेथी के बीजों में विटामिन ए, विटामिन सी और विटामिन के पाया जाता है। साथ ही इसमें पोटैशियम, आयरन और फोलिक एसिड भी भरपूर मात्रा में होता है। मेथी बालों को पोषण देने का काम करता है और इसके इस्तेमाल से बाल मजबूत होते है, साथ ही समय से पहले सफेद भी नहीं होते हैं।

वहीं हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जोकि स्कैल्प की हेल्थ में सुधार करता है। हल्दी में कॉपर और आयरन भरपूर मात्रा में पाया जाता है और यह बालों को काला करने में मददगार होता है।

हल्दी में कर्क्युमिन पाया जाता है और यह बालों को मजबूत करता है और इससे बालों का झड़ना भी कम होता है।

गुड़हल की चाय का सेवन करने से बालों का झड़ना कम होता है और इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाया जाता है, जो बालों को समय से पहले सफेद होने से रोकता है।

सेंधा नमक में कई जरूरी मिनरल्स पाए जाते हैं, जो हमारे बालों को मजबूती देते हैं।

गुड़हल के फूल का पाउडर हेयर फॉलिकल्स को मजबूत करने के साथ मेलानिन के प्रोडक्शन को सपोर्ट करता है।

## गर्मियों में सेहत के लिए वरदान से कम नहीं सत्तू का शरबत, नोट करें बिहारी स्टाइल रेसिपी

सत्तू के शरबत पोषक तत्वों से भरपूर होता है और आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायत साबित हो सकता है। लेकिन क्या आपने कभी बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाया है। आज हम आपको बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाने के रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

गर्मियों के मौसम में हम सभी को अपनी सेहत का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। ऐसे में शरीर को अंदर से ठंडा रखने और स्वस्थ रहने के लिए सत्तू के शरबत को पीने की सलाह दी जाती है। सत्तू हमारी सेहत के लिए कितना फायदेमंद होता है, यह तो आप सभी जानते होंगे। आप गर्मियों में सत्तू के शरबत का सेवन कर सकते हैं। यह पोषक तत्वों से भरपूर होता है और आपके शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायत साबित हो सकता है। लेकिन क्या आपने कभी बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत



बनाया है। अगर नहीं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिहारी स्टाइल सत्तू का शरबत बनाने के रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शरबत बनाने के लिए सबसे पहले एक बाउल में सत्तू लें और फिर इसमें थोड़ा-थोड़ा करके पानी मिलाते रहें। इसको तब तक घोलते रहें, जब तक इसके घोल में गांठ न बचें। अब इस मिक्सचर में आपको थोड़ा सा नींबू का रस मिलाएं और फिर भुना जीरा और काला नमक मिलाएं। यह दोनों चीजें इसके स्वाद को बढ़ाने का काम करता है। फिर बारीक कटी हरी मिर्च और हरा धनिया मिलाएं। अंत में आपको इस मिक्सचर में ठंडा पानी मिलाना है। इस आसान तरीके से सत्तू का टेस्टी और हेल्दी सत्तू का शरबत बनकर तैयार हो जाएगा। बता दें कि अब आप गिलास में छानकर सत्तू के शरबत को सर्व कर सकती हैं। अधिक ठंडा बनाने के लिए आप चाहें तो इसके कुछ बर्फ के टुकड़े एड कर सकते हैं।

## सिर पर हो गई हैं घमौरियां तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खा

गर्मियां शुरू होते ही लोग घमौरियों से परेशान रहने लगते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आप कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन घरेलू नुस्खों को आजमाने से आपके बाल भी खराब नहीं होंगे और इसका अपना फायदा भी पूरा मिलेगा।

गर्मियां शुरू होते ही शरीर से पसीना पानी की तरह पहना शुरू हो जाता है। इस मौसम में लोग घमौरियों से परेशान रहने लगते हैं। गर्मियों में यह एक आम बीमारी है, जोकि सही देखभाल से कम की जा सकती है। लेकिन कई बार पीठ, पेट और हाथों के साथ-साथ सिर पर भी घमौरियां हो जाती हैं। जिसकी वजह से सिर में खुजली, जलन और कई बार दर्द होने लगता है। हालांकि इस परेशानी से निजात पाने के लिए मार्केट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आप कुछ घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन घरेलू नुस्खों को आजमाने से आपके बाल भी खराब नहीं होंगे और इसका अपना फायदा भी पूरा मिलेगा।



पुदीने की पत्तियों का पानी में रात भर के लिए भिगो दें और फिर अगली सुबह उसी पानी से बालों को धो लें। आप सप्ताह में 2 से 3 बार ऐसा करना चाहिए। इससे स्कैल्प पर होने वाली घमौरियां ठीक हो जाएंगी।

पुदीने के इस्तेमाल से हेयर फॉलिकल्स में मोटापन आता है और बालों की ग्रोथ तेज होती है।

इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी फंगल होता है। स्कैल्प में किसी भी तरह का इंफेक्शन हो, तो पुदीने के इस्तेमाल से कम जाता है।

पुदीने के पानी से बाल धोने से स्कैल्प की त्वचा में सूदनेस आ जाती है और इससे खुजली और जलन की समस्या नहीं होती है।

**नारियल के तेल से मसाज**

गर्मियों के मौसम में बालों में सिर्फ नारियल के तेल का इस्तेमाल करना चाहिए। बहुत से लोग कैस्टर ऑयल और सरसों का तेल भी लगाते हैं। लेकिन यह दोनों थिक ऑयल होते हैं। इसको बालों में लगने के बाद निकालना बहुत मुश्किल होता है। इसलिए 10 मिनट तक नारियल के तेल से बालों की मालिश करें। वहीं गर्मियों में बालों में पूरी रात ऑयल रखने की जरूरत नहीं होती है। आप तेल लगाने के 2 घंटे बाद वॉश कर देना चाहिए।

नारियल तेल लगाने के फायदे

बालों की नारियल तेल से डीप मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और इससे स्कैल्प की हेल्थ भी अच्छी होती है।

अगर स्कैल्प अधिक ड्राई है, तो घमौरियां होने के चांस अधिक बढ़ जाते हैं। ऐसे में आप नारियल तेल से मसाज करके स्कैल्प को मॉइश्चराइज रख सकती हैं।

प्रोटीन लॉस की वजह से भी स्कैल्प की त्वचा ड्राईनेस और फ्लेकी स्किन हो जाती है। ऐसे में नारियल तेल से मसाज करके इस समस्या को कम किया जा सकता है।

नारियल तेल लगाने से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, इसलिए आपको सप्ताह में 1 बार बालों में नारियल तेल जरूर लगाना चाहिए।

**गुलाब जल लगाएं**

स्किन के लिए गुलाब जल एक नेचुरल टोनर और मॉइस्चराइजर की तरह काम करता है। इसको फेस और स्कैल्प दोनों जगह पर लगाया जा सकता है। स्कैल्प पर गुलाब जल लगाने से घमौरियां कम हो जाती हैं और बालों में शाइन आता है। आप चाहें तो इसको डायरेक्ट लगा सकती हैं, या फिर एलोवेरा जेल के साथ मिलाकर लगा सकती हैं। यह आपकी स्कैल्प को ठंडक देने के साथ ही घमौरियों की भी कम करता है।

**गुलाब जल के फायदे**

गुलाब जल बालों की फ्रिजीनेस को कम करने के साथ इनको सॉफ्ट बनाता है। अगर आप बालों में गुलाब जल पूरी रात लगाकर छोड़ देंगी तो इससे बालों में गजब की चमक आएगी।

साथ ही यह स्कैल्प के पीएच बैलेंस को बनाता है और डैमेज बाल भी रिपेयर होते हैं।

# 'मैं पाकिस्तान को जीत के एहसास का कोई मौका नहीं देना चाहता', हिट 3 की सक्सेज पार्टी पर बोले नानी

भारत-पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ते तनाव के चलते अब देश में कई आयोजनों को भी स्थगित किया जा रहा है। जिसमें आईपीएल प्रमुख है। इसके अलावा कई फिल्मों की भी रिलीज और उनके कार्यक्रम टाले जा रहे हैं। इस बीच तेलुगु अभिनेता नानी की 'हिट 3' की सक्सेज पार्टी हैदराबाद में आयोजित की गई। जिसकी आलोचना भी की गई। अब एक्टर नानी ने ऐसे वक्त में इवेंट करने के पीछे की वजह बताई। साथ ही पाकिस्तान को लेकर भी बयान दिया है। 'हिट 3' की सक्सेज पार्टी की हो रही आलोचनाओं के बीच अभिनेता नानी का कार्यक्रम में नानी ने अपने इवेंट करने और पाकिस्तान को संदेश देने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान एक्टर ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर समारोह को रद्द नहीं करने का फैसला किया। इस समारोह में बोलते हुए नानी ने कहा, ÷मैं पाकिस्तान को जीत का अहसास करने का कोई कारण नहीं देना चाहता था। यह कार्यक्रम आयोजित करना एक संदेश भेजने का तरीका था कि बढ़ते तनाव के बावजूद, वो भारत में किसी फिल्म समारोह को बाधित नहीं कर सकते। नानी





के इस बयान को सुनकर साफ है कि एक्टर ने ये फैसला पाकिस्तान को संदेश भेजने के इरादे से लिया था। लेकिन कुछ यूजर्स नानी के इस सक्सेज पार्टी करने के फैसले से नाखुश हो गए और उन्होंने नानी की आलोचना करना शुरू कर दिया। हालांकि, इस दौरान एक वर्ग नानी का समर्थन करता भी दिखा। 1 मई को रिलीज हुई नानी की 'हिट 3' अपने दूसरे हफ्ते में भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म अब तक 65.25 करोड़ की कमाई कर चुकी है। फिल्म में नानी के साथ श्रीनिधि शेट्टी प्रमुख भूमिका में नजर आई हैं। नानी फिल्म के प्रदर्शन से रोमांचित थे और उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक शुरुआत है और उन्हें भी नहीं पता कि यह कितना आगे तक जाएगा। उन्होंने कहा, ÷यह सिर्फ शुरुआत है, हम खुद नहीं जानते कि यह यात्रा कितनी दूर तक जाएगी। इसलिए, हम अभी कोई बड़ा बयान देने से बच रहे हैं। लेकिन हां, हमें इसे कम से कम चार या पांच बार मनाना होगा!÷ उन्होंने आगे बताया कि %हिट 3% निर्देशक सैलेश कोलानू के सच्चे विजन का एक टीज़र मात्र है। फिल्म की सफलता पर दिग्गज निर्माता दिल राजू ने खुशी जताई और कहा कि तेलुगु फिल्म उद्योग को आखिरकार एक धीमी अवधि के बाद एक हिट देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने कई फिल्में रिलीज होने के बावजूद दर्शक सिनेमाघरों में जाने से हिचकिचा रहे थे और %हिट 3% ने अपने असाधारण स्वागत से उनमें फिर से उत्साह भर दिया है

# भारत-पाक तनाव पर सेलेब्स की चुप्पी, अभिनव ने साधा निशाना




हाल मे भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का माहौल है। बीते दो दिनों से पाकिस्तान ने भारत के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेनाओं ने इसे पूरी तरह से नाकाम कर दिया। इस संघर्ष के चलते कई बॉलीवुड एक्टर्स ने सेनाओं का हौसला बढ़ाया और अपनी प्रतिक्रिया दी है, लेकिन अभी भी कुछ कलाकारों ने चुप्पी साध रखी है। उन पर प्रहार करते हुए टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला ने कटाक्ष किया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। टीवी एक्टर अभिनव शुक्ला ने शुक्रवार की रात अपने एक्स अकाउंट पर एक ट्वीट किया। इसमें उन्होंने कहा, 'तथाकथित चर्चित बॉलीवुड नायक चुप हैं और भारत-पाक तनाव पर सोशल मीडिया में क्या कहना हैं, क्या नहीं? इसे लेकर सावधान हैं। एक बार जब यह संघर्ष समाप्त होगा, तब स्टूडियो और निर्माता इस पर कई फिल्म बनाने की होड़ में होंगे। वो चाहेंगे कि जल्द से जल्द ऑपरेशन सिंदूर या हमारे सैनिकों द्वारा बलिदानों पर फिल्म बनाया जाए, जो एक ट्रेडमार्क बन सके। आगे ट्वीट में टीवी एक्टर ने लिखा, 'इन बेहद शांत बॉलीवुड सितारों से मेजर, विंग कमांडर आदि की भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया जाएगा। मेरा विश्वास करें, वे अपनी आधी फीस में काम कर लेंगे, लेकिन यह चाहेंगे कि साउंडट्रैक देशभक्ति की भावनाओं से ओतप्रोत हो, जो उनके पसंदीदा संगीतकार द्वारा बनाया गया हो। क्या आप कोई विरोधाभास देख सकते हैं? अभिनेता के करियर की बात करें तो उन्हें %गीत-हुई सबसे पराई%, %एक हजारों में मेरी बहना है%, %बदलते रिश्तों की दास्तां% जैसे टीवी सीरियल से जाना जाता हैं। इसके अलावा अभिनेता %खतरा खतरा खतरा%, %बिग बॉस 14% और %खतरों के खिलाड़ी 11% समेत कई रियलिटी शो का हिस्सा भी रह चुके हैं। साथ ही आपको बतात चलें कि कि अभिनव शुक्ला टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक के पति हैं।

# एक खास काम के लिए लंदन पहुंचे राम चरण, एक्टर को देख फैंस हुए दीवाने

एसएस राजामौली की साउथ इंडियन फिल्म 'आरआरआर' के जरिए राम चरण को विदेशों में भी अच्छी-खासी पहचान मिली। हाल ही में यह एक्टर एक खास काम के लिए लंदन पहुंचा। इस दौरान फैंस एक्टर को देखकर दीवाने हो गए। सोशल मीडिया पर ऐसी कई तस्वीरें वायरल हैं, जिनमें फैंस राम चरण को देखकर काफी एक्साइटेड नजर आए। अपने परिवार के साथ राम चरण लंदन आए हैं, उनके साथ पिता चिंरजीवी को भी देखा गया। राम चरण मैडम तुसाद म्यूजियम में अपने वैक्स स्टैच्यू के उद्धाटन के लिए लंदन पहुंचे हैं।

लंदन में जब फैंस ने राम चरण को देखा तो गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। राम चरण के वैक्स स्टैच्यू का उद्धाटन कल होगा। लंदन में फैंस ने राम चरण को देखकर खूब सीटियां मारीं और एक्टर का नाम बार-बार पुकारा। फैंस का यह प्यार देखकर राम चरण भी काफी खुश नजर आए। फैंस और राम चरण का रिएक्शन सोशल मीडिया पर कई तस्वीरों के जरिए वायरल हो रहा है। राम चरण के भारतीय फैंस ने भी इन तस्वीरों को खूब पसंद किया है। इस साल राम चरण की एक पैन इंडिया फिल्म 'गेम चेंजर' रिलीज हुई, इस फिल्म में उनके साथ कियारा नजर आईं। इन दिनों वह अपनी एक आने वाली फिल्म 'पेड्डी' की शूटिंग भी कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी कपूर भी नजर आएंगी।



# तनाव के बीच अभिनेत्री गुल पनाग ने पाकिस्तान की उड़ाई धज्जियां, आईएमएफ लोन पर सुनाई खरी-खोटी



भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता गुल पनाग ने पाकिस्तान को आईएमएफ लोन मिलने पर करारा हमला बोला। एक्ट्रेस ने कहा कि भारत को ऐसे पैसों की जरूरत नहीं, लेकिन पाकिस्तान को है। गुल पनाग का ये ट्वीट सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दरअसल, पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से आर्थिक सुधार कार्यक्रम के तहत लगभग एक अरब डॉलर यानी करीब 8,542 करोड़ रुपये की अगली किश्त मिली है। पाकिस्तान के एक वरिष्ठ पत्रकार शाहबाज राणा ने लोन मिलने का दावा करते हुए इसे भारत की हार बताया है। एक्स पर पोस्ट करते हुए शाहबाज ने लिखा, 'ढ्ढरूस्न बोर्ड ने भारत के विरोध के बावजूद इस मदद को मंजूरी दे दी।' इस पर गुल पनाग ने जवाबी ट्वीट करते हुए कहा, 'बधाई हो एक और लोन पर। हमें इसकी जरूरत नहीं है, लेकिन आपको है। आपकी जानकारी के लिए बता दें, भारत ने साल 1993 के बाद से आईएमएफ से कोई आर्थिक मदद नहीं ली है और 2000 में सभी बकाया चुकता कर दिए थे।' गुल पनाग की यह टिप्पणी न सिर्फ कटाक्ष से भरी थी बल्कि भारत की आर्थिक आत्मनिर्भरता की भी ओर इशारा करती है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात और आईएमएफ पर उसकी निर्भरता लंबे समय से चर्चा में रही है। वहीं, भारत का रुख हमेशा से सख्त रहा है, खासकर तब जब मामला सीमा पार आतंकवाद और वैश्विक संस्थाओं की भूमिका पर सवाल उठाने का हो। बता दें पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है। भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया पाकिस्तान लगातार बॉर्डर पर कायराना हमले कर रहा है।

## कभी भी तुर्की और अजरबैजान नहीं जा रहा हूं

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते हुए तनाव के बीच भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारों ने देश की सेना का समर्थन किया। साथ ही पाकिस्तान की नापाक हरकत के लिए उसकी आलोचना भी की। हाल ही में पाकिस्तान ने तुर्की के ड्रोन इस्तेमाल करते हुए भारत पर हमला किया, जिसे भारतीय एयरडिफेंस द्वारा सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया गया। इस बीच मशहूर सिंगर विशाल मिश्रा ने तुर्की और अजरबैजान के पाकिस्तान को सपोर्ट करने पर प्रतिक्रिया दी। सिंगर ने घोषणा की कि वह अब तुर्की और अजरबैजान में म्यूजिक कॉन्सर्ट नहीं करेंगे। शुक्रवार को सिंगर विशाल मिश्रा ने ट्विटर (एक्स) पर एक पोस्ट करते हुए लिखा, कभी भी तुर्की और अजरबैजान नहीं जा रहा हूं। कोई फुर्सत नहीं, कोई संगीत कार्यक्रम नहीं! मेरे शब्दों को याद रखना! कभी नहीं!' इससे पहले विशाल ने कहा था कि वह इस बात की परवाह नहीं करते कि लोग उन्हें और उनके परिवार को गाली दें। वह अपने देश के साथ खड़े रहेंगे। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच विशाल ने अपने पहले ट्वीट में लिखा, 'यह मेरे दिमाग में है और ईमानदारी से मुझे समझ में नहीं आता! एक खास वर्ग के लोग सशस्त्र बलों के साथ एकजुटता क्यों नहीं दिखाते

# इंडिया के लिए बनी भारत के रजवाड़ों की कहानी

## ईशान के सिक्स पैक एब्स और भूमि की उतरती जवानी

कोई 10 साल पहले 'द रॉयल्स' नाम की एक वेब सीरीज अमेरिका में बनी। एलिजाबेथ हर्ले के नाम के सहारे इसका हल्ला भी खूब हुआ। 'फालिंग फॉर हैमलेट' नामक उपन्यास से प्रेरित इस सीरीज के खींचतान के चार सीजन बने भी लेकिन इसका नामलेवा अब कोई नहीं बचा है। इसी नाम की एक नई सीरीज अब नेटफ्लिक्स पर उतरी है। प्रीतीश नंदी के निधन के बाद रिलीज हो रही उनकी ये वेब सीरीज उस दुनिया में दर्शकों को ले जाती हैं जहां पुराने राजा-महाराजाओं के घरानों की मौजूदा पीढ़ियों के तेवर देखते बनते हैं। कॉरपोरेट घरानों में नए नए विचारों को लेकर होने वाले हंगामे होते हैं। सब दिन भर चमकते दमकते कपड़े पहने रहते हैं और कपड़े नहीं भी पहने होते हैं तो उनके शरीर की मांस पेशियां इतनी चमकती रहती हैं कि सोफ पर लेटे लेटे इन्हें देख रहा शख्स एक बार तो खुद पर ही शरमा जाए।

नेटफ्लिक्स की इस सीरीज के तकनीशियनों की लिस्ट देखकर लगता तो यही है कि महिला सशक्तीकरण का अपना कोई विचार हिंदी सिनेमा में स्थापित करने के लिए ये सीरीज बनाई गई है। या फिर हो ये भी सकता है कि जिन कलाकारों का बड़े परदे से हिंदी सिनेमा में बोरिया बिस्तर करीब करीब बंध चुका है, उनको सहारा देने के लिए ये सीरीज बनी हो। बस दर्शकों को कोई मनोवैज्ञानिक सहारा देने की कोशिश नेटफ्लिक्स की क्रिएटिव टीम इन दिनों नहीं कर रही है। पहले इसकी ओरिजनल मूवीज टीम ने



'नादानियां' और 'ज्वेल थीफ' जैसी फिल्मों से पकाया, अब रिले रेस का बैटन ओरिलिजन सीरीज टीम ने थाम लिया है। पहली नजर में तो यही लगता है कि जैसे 'नादानियां' ही हम फिर से देखने बैठ गए बस हीरो हीरोइन बदल गए हैं। और, हीरो हीरोइन यहां भी ऐसी एक्टिंग करते शुरू के 15 मिनट में दिखते हैं कि रिव्यू न लिखना हो तो सीरीज देखना वहीं बंद कर दिया जाए। कहा यही जाता रहा है कि किसी भी सीरीज के पहले दो एसिपोड कहानी का ताम झाम सेट करने के लिए बिखरे बिखरे हो सकते हैं, और इसी कहावत को याद करते हुए छह एपिसोड और देखने का जतन किया भी गया लेकिन पूरी सीरीज देखन के बाद लगता यही है कि इससे अच्छा मनोरंजन तो इन दिनों नॉन फिक्शन में हो रहा है। सोफिया शेखर और अविराज सिंह की लव एंड हेट रिलेशनशिप पर बनी ये सीरीज अपने टेकऑफ में ही मात खा जाती है। घोड़े पर भागते ईशान खट्टर जैसे ही घूमकर देखते हैं, जवानी के दिनों के डीनो मोरिया जैसे दिखने लगते हैं।

डीनो मोरिया की सीरीज मे कास्टिंग की वजह भी यही हो सकती है। सीरीज में कास्टिंग के नाम पर पुराने पटाखों की भरमार है। लेकिन, नोरा फतेही का होना इस सीरीज का सबसे कमजोर कास्टिंग प्वायंट है। नहीं तो जीनत अमान, साक्षी तंवर ने अपना पूरा मजमा तो जमा ही दिया था। सुमुखी सुरेश और लीजा मिश्रा का एक कांड यहां अलग ही बनता बिगड़ता रहता है और बाकी के कलाकार ऐसे हैं कि आप आखिर तक उनको पहचानने का केबीसी खेलते रह सकते हैं।





मलाइका अरोड़ा को सैलून के बाहर किया गया स्पॉट, एक्ट्रेस ने पहनी ऐसी ड्रेस कि खुद हुई अनकंफरटेबल

## द रॉयल्स में दिखा नोरा फतेही का हॉट अवतार

ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की हालिया रिलीज सीरीज 'द रॉयल्स' को दर्शकों को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आठ एपिसोड की नेटफ्लिक्स की इस सीरीज में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आ रही है। शाही राजघराने की कहानी को दिखाती यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा सीरीज है। इस सीरीज में ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर के अलावा नोरा फतेही भी अहम भूमिका में नजर आई हैं। अब सीरीज के रिलीज होने के बाद से ही नोरा फतेही का लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल है। सीरीज से नोरा की कई तस्वीरें लगातार वायरल हैं और सुर्खियां बटोर रही हैं। सीरीज में नोरा फतेही सीमित भूमिका में हैं। लेकिन अपनी छोटी सी ही भूमिका में नोरा ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। सीरीज में नोरा ने राजकुमारी आयशा का किरदार निभाया है। अब इस किरदार से नोरा की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सीरीज से नोरा के एक पूलसाइड सीक्वेंस की तस्वीरें काफी वायरल हैं। इनमें गोल्ड बिकनी टॉप और मैचिंग शॉर्ट्स पहने नोरा शर्टलेस ईशान खट्टर के साथ एक हॉट अवतार में नजर आ रही हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर के डायरेक्टर ने मांगी माफी

फिल्म ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा के बाद से ही सोशल मीडिया पर विवादों का सिलसिला शुरू हो गया है। भारतीय सेना की हालिया सैन्य कार्रवाई पर बेस्ड इस फिल्म का पोस्टर आते ही लोगों ने फिल्ममेकर्स की मंशा पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कई यूजर्स ने इसे एक संवेदनशील मुद्दा बताया जिसके बाद अब फिल्म के डायरेक्टर उत्तम माहेश्वरी ने सार्वजनिक तौर पर माफी मांग ली है। फिल्म %ऑपरेशन सिंदूर% का पोस्टर 9 मई को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। इस फिल्म का पोस्टर आते ही बवाल मच गया। यह फिल्म उस सैन्य अभियान से प्रेरित बताई जा रही है, जिसमें भारतीय सेना ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए थे। फिल्म का निर्देशन उत्तम माहेश्वरी कर रहे हैं और इसे विकी भगनानी फिल्म्स और द कंटेंट इंजीनियर प्रोड्यूस कर रहे हैं। पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर इसकी टाइमिंग को लेकर भारी विरोध शुरू हो गया। कई लोगों ने कहा कि जब देश एक गंभीर स्थिति से गुजर रहा है, तब एक फिल्म को बनाना पूरी तरह से गलत है। कुछ यूजर्स ने पोस्टर को एआई-जनरेटेड करार दिया। विवाद बढ़ता देख निर्देशक उत्तम महेश्वरी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखते हुए सार्वजनिक माफी मांगी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को बनाने का उद्देश्य पैसा या पॉपुलेरिटी कमाना नहीं था, बल्कि यह भारतीय सेना के साहस, बलिदान और नेतृत्व को श्रद्धांजलि देने की एक






कोशिश है। उत्तम माहेश्वरी ने अपने पोस्ट में लिखा, %मैं भारतीय सेना के %ऑपरेशन सिंदूर% से प्रेरित होकर एक फिल्म की घोषणा करने के लिए माफी मांगता हूं। मेरा मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था। एक फिल्ममेकर होने के नाते मुझे लगा कि सेना के शौर्य और बलिदान को पर्दे पर दिखाना चाहिए। इसलिए इस फिल्म की घोषणा हमारी इंडियन आर्मी के लिए प्यार और इज्जत के चलते हुई ना कि पैसे और फेम के लिए।% उत्तम माहेश्वरी ने आगे लिखते हुए कहा, %हालांकि मैं समझता हूं कि ऐसे वक्त पर फिल्म की घोषणा करने से काफी लोग खुश नहीं हैं, इसलिए मुझे खेद है। ये सिर्फ एक फिल्म नहीं बल्कि पूरे देश के जज्बात हैं। मैं अपने देश की आर्मी और पीएम मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं हमें गर्व महसूस कराने के लिए। जहां एक तरफ कुछ लोग फिल्म को टाइमिंग के लिहाज से असंवेदनशील मान रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोग इसे भारतीय सेना को समर्पित एक साहसिक पहल बता रहे हैं। लेकिन अभी के माहौल में फिल्म के भविष्य को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। क्या यह फिल्म जनता के दिल तक पहुंचेगी या सिर्फ विवादों में ही उलझ कर रह जाएगी, यह आने वाला वक्त ही बताएगा।

# पीवीआर आइनॉक्स ने मैडॉक फिल्म्स पर ठोंका 60 करोड़ का दावा

फिल्म भूल चूक माफ की थियेटर रिलीज रोक देने पर पीवीआर आइनॉक्स ने इसे बनाने वाली दिनेश विजन की कंपनी मैडॉक फिल्म्स पर 60 करोड़ रुपये का दावा ठोंक दिया है। फिल्म की एडवांस बुकिंग लगी ही नहीं। मैडॉक का कहना रहा है कि देश के हालात नई रिलीज के लिए ठीक नहीं हैं। वहीं पीवीआर आइनॉक्स का कहना है कि फिल्म की रिलीज के सारे इंतजाम हो जाने के बाद फिल्म को सिनेमाघरों में दिखाने के लिए उपलब्ध कराने के वादे से मैडॉक के मुकर जाने से उन्हें बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। फिल्म 'भूल चूक माफ' को इसे बनाने वालों ने 8 मई को एकाएक सिनेमाघरों में रिलीज करने से मना कर दिया। हलचल यही रही कि फिल्म निर्माता कंपनी मैडॉक फिल्म्स को इसके लिए ओटीटी कंपनी अमेजन प्राइम से बहुत 'मोटी डील' ऑफर हुई है। वहीं कुछ लोगों का कहना ये भी रहा कि चूंकि इस फिल्म में अमेजन प्राइम की फिल्म निर्माण कंपनी एमजीएम स्टूडियोज का ही पैसा लगा है लिहाजा उसी ने इसे सिनेमाघरों में रिलीज करने की बजाय ओटीटी पर दिखाना बेहतर समझा। 'भूल चूक माफ' की रिलीज के एक दिन पहले तक फिल्म को लेकर न तो दर्शकों में और न ही ट्रेड में किसी तरह का कोई माहौल दिख रहा था। इसके बावजूद की फिल्म की लीड कास्ट राजकुमार राव और वामिका गब्बी तकरीबन आधा देश इसका प्रचार करने के लिए घूम आए। लगातार दो ब्लॉक बस्टर फिल्में 'स्त्री 2' और 'छावा' रिलीज कर चुकी निर्माता दिनेश विजन की कंपनी मैडॉक फिल्म्स ने अपनी अगली फिल्म 'भूल चूक माफ' अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के लिए बनाई और इसे सिनेमाघरों मे रिलीज करने का फैसला रिलीज के ठीक एक दिन पहले कैंसिल कर दिया। गौरतलब है कि भारतीय सिनेमाघरों में किसी भी फिल्म को रिलीज करने से पहले निर्माताओं को एक निश्चित रकम सिनेमाघर मालिकों व मल्टीप्लेक्स चेन मालिकों को देनी होती है, इसके बाद ही कोई भी फिल्म सिनेमाघरों मे दिखाई जा सकती है।



# जयवीर सिंह ने पर्यटन विकास कार्यों का किया शिलान्यास



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ग्राम रसेमर में रू. 136.81 लाख की लागत से श्री हनुमान मंदिर एवं उझैया फकीरपुर स्थित ठाकुर दास जी महाराज के पर्यटन विकास कार्यों का शिलान्यास तथा रू. 140.98 लाख की लागत से कुरावली स्थित प्राचीन कुरैट मंदिर के पर्यटन विकास कार्यों का लोकार्पण एवं गमा देवी मंदिर में अवस्थापना सुविधाओं विकास कार्यों शिलान्यास करते हुये कहा कि पूर्व में परियोजनाओं के शिलान्यास के पश्चात पत्थर लग जाया करते थे लेकिन परियोजनाएं कभी समय से पूर्ण नहीं होती थी लेकिन आज शिलान्यास के दिन ही कार्य पूर्ण करने की तिथि निर्धारित कर दी जाती है और इन परियोजनाओं का कार्य मार्च 26 में पूर्ण कराकर आप लोगों को समर्पित होगी। उन्होंने कहा कि कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी कि पर्यटन विभाग द्वारा करोड़ों रु. की लागत से मंदिरों का पर्यटन विकास कराया जाएगा लेकिन आज यह धरातल पर सच साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि मैनपुरी की ऑन- बान-शान के साथ मैनपुरी के गौरवमयी इतिहास, ऋषि-मुनियों के इतिहास को संरक्षित रखने के लिए ऑडिटोरियम, म्यूजियम का निर्माण कार्य संचालित है। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन संस्कृति विभाग मिला तो यहां के लोगों में निराशा थी लेकिन आज इस विभाग के माध्यम से जनपद के पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक महत्व की धरोहरों के जीर्णोद्धार का कार्य हो रहा है, सनातन परंपरा के साथ-साथ सांस्कृतिक विरासत, धरोहरों का सम्मान हो रहा है।

# जंगी जहाजों के लिए फिर से तैयार हो रही पड़िला हवाई पट्टी

**रिजर्व एयर बेस का काम करेगी अतिक्रमण मुक्त कराई गई एअर स्ट्रिप**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सेंट्रल एयर कमांड के अंतर्गत आने वाले प्रयागराज में पंडिला स्थित फाफामऊ हवाई पट्टी को एक बार फिर से तैयार किया जा रहा है। अंग्रेजों ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान 1942 में 1,094 एकड़ में फैली इस हवाई पट्टी का निर्माण कराया था। इसका प्रयोग द्वितीय विश्वयुद्ध के साथ ही 1971 में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई जंग में भी किया गया था। अब भारत-पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से जंग जैसे हालात हैं। ऐसे में रक्षा संपदा विभाग की ओर से इस हवाई पट्टी के आसपास 30 बीघे में हुए अतिक्रमण को खाली गया है। माना जा रहा है कि अगर भारत पाकिस्तान के बीच पूर्ण युद्ध की स्थिति बनती है तो इसको रिपेयर कर फिर से इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। फाफामऊ हवाई पट्टी जंग की



स्थिति में मध्य वायु कमान के लिए रिजर्व एयर बेस का काम करेगी। हवाई पट्टी का निर्माण 1942 में अंग्रेजों ने किसानों से जमीन लेकर करवाया था। इस एयरबेस की भूमिका 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान अहम रही थी। यहां पर लड़ाकू विमान, मालवाहक जहाज और एयरफोर्स का डिपो बनाया गया था। उस समय एयरफोर्स ने रनवे की जमीन को दुरुस्त किया था। माना जा रहा है कि इसे एक बार फिर से भारतङ्कपाक के बीच बढ़ रही टेंशन को देखते हुए दुरुस्त किया जा रहा है। रक्षा संपदा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी अरविंद कुमार यादव का कहना है कि रक्षा मंत्रालय की ओर से हवाई पट्टी को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश हुआ है। इसी क्रम में फाफामऊ स्थित पंडिला हवाई पट्टी के आसपास हुए अतिक्रमण को खाली कराया गया है। कुछ अवैध रूप से बनाए गए स्थायी निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया है। जो भी अतिक्रमण है, उसे हटाया जा रहा है। इसमें अभी कुछ दिन और लगेगा। जो अतिक्रमण है वह हवाई पट्टी की बाउंड्री के आसपास है। हवाई पट्टी से कुछ ही दूर स्थित दुआरी गांव के रहने वाले 84 साल के नंद किशोर मिश्र ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध देखा है। नंद किशोर मिश्र ने बताया कि भारतङ्कपाकिस्तान के बीच हुई लड़ाई में इस हवाई पट्टी का उपयोग हुआ था। तब केवल कांटों के तार से यह हवाई पट्टी कवर की गई थी। उस समय बाउंड्रीवॉल नहीं थी। बाउंड्रीवॉल 2015 में बनाई गई है। उस समय आसपास के गांव से हवाई पट्टी साफ-साफ देखी जा सकती थी। यह हवाई पट्टी हमारे गांव से 15 मीटर दूर ही है। उस समय के जिलाधिकारी ने गांव वालों को रात में रोशनी न करने के आदेश दिए थे।

## अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, चल रही चेकिंग

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत के आपरेशन सिंदूर के बाद बढते तनाव को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान शुरू किया है।

एसीपी मनोज कुमार के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान में होटल, लॉज और धर्मशालाओं में ठहरे लोगों की जांच की जा रही है। होटल स्टाफ को निर्देश दिए गए हैं कि जम्मू-कश्मीर से आए या लंबे समय से ठहरे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। सुरक्षा एजेंसियां होटल के कमरों की तलाशी ले रही हैं। साथ ही वहां ठहरे लोगों के दस्तावेज और पहचान पत्रों की भी जांच कर रही हैं। एसीपी मनोज कुमार ने कहा कि यह निगरानी हालात सामान्य होने तक जारी रहेगी। आशंका जताई जाती है कि पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई से आतंकी संगठन देश के अन्य हिस्सों में सक्रिय हो सकते हैं। इसलिए प्रयागराज जैसे धार्मिक शहरों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

# पीयू में प्रो. वंदना राय और डॉ. विद्युत को दी गई विदाई



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में सेवानिवृत्त होने पर बायोटेक विभाग की प्रोफेसर वंदना राय एवं विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय प्रभारी रहे डॉ. विद्युत कुमार मल्ल के विदाई समारोह का आयोजन किया गया. शिक्षकों और कर्मचारियों ने 25 वर्षो की सेवा की यादों को साझा किया और अंगवस्त्रम, स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया। विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रो. मानस पाण्डेय ने कहा कि प्रोफेसर वंदना राय ने अपने शिक्षण एवं शोध कार्य से दुनिया के दो प्रतिशत साइंटिस्ट सूची में शामिल होकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। साथ ही साथ डॉ. विद्युत कुमार मल्ल ने पुस्तकालय के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। शोध गंगा की सफलता और पुस्भीतकालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस तक ले जाने के लिए उन्हें बधाई दी। प्रो. वंदना राय ने कहा कि आज विश्वविद्यालय निरंतर प्रगति कर रहा है और सुविधाओं का भी विस्तार हुआ है. आने वाले समय में और भी ऊंचाई हासिल करेगा ऐसी पूरी उम्मीद है. उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. विद्युत कुमार मल्ल ने कहा कि दुसरे प्रदेश के होने बाद भी यहाँ के लोगों ने अपना बना लिया और अब वह बंगाली भाषा के साथ साथ भोजपुरी भी बोल लेते है. उन्होंने छात्रों के लिए सन्देश दिया कि जब भी समय मिले पुस्तकालय जरुर जाये. कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर अविनाश पाथर्डीकर ने किया। इस अवसर पर प्रो. देवराज, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मुराद अली, प्रो. रवि प्रकाश, प्रो. संतोष कुमार, डॉ. श्याम कन्हैया सिंह, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. वनिता सिंह, कर्मचारी संघ ने महामंत्री रमेश यादव समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन क्लब ने वितरित कहीं नित्य उपयोगी वस्तुएं



**प्रयागराज।** ताराचंद संस्थान, एलेनगंज, प्रयागराज में रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन क्लब द्वारा खाद्यान्न एवं स्नैक्स का वितरण किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंदों को आटा, चावल, बड़ी मात्रा में बिस्किट एवं अन्य स्नैक्स, दैनिक आवश्यकता की वस्तुएं, कुछ आवश्यक दवाइयां वितरित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सहायता पहुँचाना और उनकी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति करना था। रोटरी क्लब के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए इस कार्य को सफल बनाया। रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन क्लब समय-समय पर इसी प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर राधा सक्सेना, मनु सक्सेना, विनय गोयल, आशीष चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार मोटर साइकिल ने किशोर को कुचला, मौत

**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र में उस्मापुर नेशनल हाईवे सर्विस रोड पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक किशोर ऊष्मा पुर थाना उतराव निवासी जहीर शाह का बेटा था। जहीर शाह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। जहीर शाह का मकान नेशनल हाईवे सर्विस रोड पर स्थित है। शनिवार को किशोर सर्विस रोड से गुजर रहा था। इसी दौरान हंडिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मार कर मौके का फायदा उठा कर बाइक लेकर फरार हो गया। टक्कर के बाद किशोर सड़क पर गिर गया। परिजन उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से मां तबस्सुम और अन्य परिजन शोक में डूबे हैं।

## पति और तीन बच्चों को छोड़ प्रेमी संग फरार हुई युवती

**प्रयागराज।** उतराव थाना क्षेत्र के भदवा गांव से एक महिला अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। महिला अपने पति और तीन बच्चों को छोड़कर गई है। साथ ही घर से नगदी और जेवरात भी ले गई है। पति राजू ने उतराव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। राजू हडिया थाना क्षेत्र के दुबेपुर गांव का रहने वाला है। उसकी शादी 15 साल पहले भदवा गांव की महिला से हुई थी। राजू ने बताया कि पहले वह अपनी ससुराल हंडिया में रहता था। वहां पति-पत्नी में विवाद होता था। इसलिए पत्नी के मायके भदवा में किराए का कमरा लेकर रहने लगे। कुछ दिन पहले राजू अपने घर गया था। इसी दौरान उसकी पत्नी भदवा गांव के ही एक युवक के साथ फरार हो गई। पति राजू ने बताया कि उसकी पत्नी का पहले से ही भदवा गांव के एक युवक से अवैध संबंध था। जिसको लेकर उसने कई बार विरोध भी किया था तथा शिकायत भी की थी। पर उसकी पत्नी द्वारा गुमराह कर उसे अंधेरे में रखा। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। पति ने पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे पर होगी कार्यवाही : जिलाधिकारी

**भूमि संम्बन्धी विवादों मौके पर जाकर किया जाये निस्तारित, दुबारा कब्जा करने वालों के विरूद्ध दर्ज करायी जाये प्राथमिकी : अंजनी कुमार**

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर कोतवाली सदर, थाना बिछवां में फरियादियों की शिकायतें सुनने के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि थाना दिवस में अधिकांश शिकायतें सार्वजनिक, निजी भूमि पर अवैध कब्जों की प्राप्त हो रही है, राजस्व, पुलिस विभाग अधिकारी, कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करें, किसी भी दशा में कहीं भी सार्वजनिक भूमि यथा चकरोड, विद्यालय की भूमि, खलिहान, चारागाह, खाद के गड्ढों, तालाब की भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न रहे। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार निर्देशों के बाद भी सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा की शिकायत है प्राप्त हो रही है, जिससे प्रतीत होता है कि राजस्व कर्मियों द्वारा धरातल पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जे की शिकायतें प्राप्त हुई तो संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित कर दंडात्मक कार्यवाही होगी। श्री सिंह ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों पर थाने से ही राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाय और यथासम्भव उसी दिन समस्या का निदान किया जाये ताकि फरियादी को तत्काल राहत मिले, और आमजन के बीच संदेश पहुंचे कि शासन-प्रशासन उनकी शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के प्रति संवेदनशील है। थाना बिछवां में जन शिकायतें सुनने के दौरान जब शाहजहांपुर नि. रघुनाथ सिंह सेवानिवृत्त हवलदार ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि आर.सी.सी सार्वजनिक मार्ग पर गांव के दबंग योगेंद्र, टिंकू ने पक्की नॉद बनाकर रास्ते में जानवर बांधकर रास्ते को अवरुद्ध किया गया है जिस कारण आवागमन में असुविधा हो रही है, सार्वजनिक मार्ग को खुलवाने के लिए कई प्रार्थना पत्र दिए जा चुके हैं लेकिन अभी तक सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया है, जिस पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आम रास्ते आम लोगों के आवागमन के लिए हैं, आम रास्तों पर किये गये अनाधिकृत कब्जों को तत्काल हटवाया जाए साथ ही दबंगई के बल पर सीसी मार्ग पर नाद, खूटा लगाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए।

## प्रेमी संग फरार हुई शौच के बहाने निकली दुल्हनिया

**प्रयागराज।** शुक्रवार शाम सुल्तानपुर से विदाई के बाद कौशाम्बी लौट रही एक बरात के साथ रही वधू लघुशंका का बहाना बनाकर वाहन से उतरी और अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। इस दौरान बराती करीब एक घंटे तक मऊआइमा फोरलेन हाईवे पर उसका इंतजार करते रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशाम्बी से एक बरात बृहस्पतिवार को सुल्तानपुर गई थी। वधू का किसी और से प्रेम प्रसंग था, जिसके चलते वह जयमाल और सात फेरों के लिए तैयार नहीं थी। हालांकि, परिजनों के दबाव में आकर वह तैयार हो गई, जिसके बाद सभी रस्में पूरी कराई गई। शुक्रवार को विदाई के समय भी वधू ने जमकर ड्रामा किया। हालांकि, समझा बुझाकर उसकी विदाई करा दी गई। वर-वधू कार से कौशाम्बी के लिए निकले और साथ ही अन्य बरातियों के वाहन भी चलते रहे। वर-वधू की कार मऊआइमा फोरलेन हाईवे स्थित गणेशगंज के पास पहुंची तो वधू ने लघुशंका की बात कही। इसपर वर ने एक बोतल में पानी देकर उसे थोड़ी दूर पर स्थित झाड़ियों की ओर भेज दिया। बताते हैं कि लघुशंका के बहाने गई वधू एक घंटे तक नहीं लौटी। इसके बाद वर और उसके दोस्तों ने झाड़ियों में तलाश की लेकिन वधू का कहीं पता नहीं चला।

# भारत की विजय के लिए शत्रु विनाशक अनुष्ठान

**शत्रु को पराजित करने के लिए सभी वेद विद्यालयों में पूजा-पाठ**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार तनावपूर्ण जैसी बनी हुई है। इस कारण से भारत की जीत के लिए विभिन्न प्रकार के आयोजन किया जा रहे हैं। इसी क्रम में महर्षि सांदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित देश भर के समस्त राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालयों समस्त वेद पाठशालाओं में शत्रु विनाशक अनुष्ठान चल रहा है।

भारतीय जवानों की सुरक्षा, मनोबल वृद्धि, सैन्य बल की शक्ति संवर्धन, राष्ट्र रक्षा, राष्ट्रीय एकता तथा पाकिस्तान रूपी शत्रु पर भारतीय सेना की संपूर्ण विजय प्राप्ति के उद्देश्य से यह अनुष्ठान किया जा रहा। वेदों में ऋषियों द्वारा दृष्ट शत्रु पराजय, शत्रु नाशन सूक्तों- मन्यु सूक्त, अप्रतिरथ सूक्त आदि सूक्तों, विविध मंत्रो का पाठ तथा उन मंत्रो से संकल्प पूर्वक हवन आदि करने की बात कही गई है।

भारतीय सेना के मनोबल बढ़ाने एवं भारतीय सेना की विजय के लिए श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय में सामूहिक वेद मंत्र जाप, अभिषेक का आयोजन किया गया।

इसके पहले वेद विद्यालय के छात्रों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारतीय सेना द्वारा आतंकी ठिकाने ध्वस्त किये जाने और सेना द्वारा सामरिक दृष्टि से पाकिस्तान को बड़े पैमाने पर मजबूती से हमलों का जवाब देने की कार्रवाई पर वैदिक छात्रों ने तिरंगा लहराया। झूसी स्थित श्री स्वामी नरोत्तमानन्द गिरि वेद विद्यालय के वेद छात्रों ने पूरे जोश के साथ देश की सेना को बधाई देते हुए भारत माता की जय के नारे लगाए।

# पांच वें दिन भी जारी रहा उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ का अनिश्चितकालीन धरना

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) के तत्वावधान में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर स्मिथ इण्टर कालेज अजमतगढ़ और जनपद के अध्यापकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 05 अप्रैल से चलाया जा रहा हैं। अनिश्चितकालीन धरना आज 5वें दिन भी संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जामवन्त निषाद की अध्यक्षता में जारी रहा। धरने का संचालन स्मिथ इण्टर कालेज अजमतगढ़ के प्रवक्ता रामजनम यादव ने किया। धरने को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक जिलाध्यक्ष जामवन्त निषाद ने कहा कि वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक की हठधर्मिता के कारण आज 5वें दिन भी अध्यापक एवं कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने पर चिलचिलाती हुई धूप में बैठे हुए थे। उन्होनें कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बैठे हुए थे लेकिन जब उन्होंने देखा कि अब अध्यापक एवं कर्मचारी धरने पर बैठने जा रहे है तो वह कार्यालय से चले गये जिला विद्यालय निरीक्षक सच का सामना नहीं कर पा रहे हैं। उनके कार्यालय से जाते समय जिला मंत्री पंकज कुमार सिंह ने पूछा कि आप कार्यालय में आयेंगे की नहीं तो उन्होंने कहा कि अभी कुछ देर में आता हूँ और शिक्षक कर्मचारियों की जो लम्बित समस्याएं हैं उनका समाधान करूँगा। लेकिन जिला विद्यालय निरीक्षक 05:00 बजे तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर नहीं आये। धरने को सम्बोधित करते हुए शिक्षणेत्तर संघ के जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह ने कहा कि वर्तमान जिला विद्यालय निरीक्षक को अपने पद की जरा सी भी गरिमा नहीं है नहीं तो वह धरना स्थल पर झूठ बोलकर नहीं जाते कि मैं अभी कुछ देर में आऊँगा और समस्याओं का समाधान करूँगा। जिलाध्यक्ष इन्द्रसेन सिंह ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक के झूठ बोलने से आज जनपद के अध्यापकों और कर्मचारियों में बहुत काफी आक्रोश है और निर्णय लिया गया कि 10,11 व 12 मई को अवकाश के कारण कार्यालय बन्द है मंगलवार को धरना जारी रहेगा।आज के धरने में पंकज कुमार सिंह, बब्लू राम, उमेश सरोज, बाबूनाथ चौहान, दिवाकर सिंह, अतुल सिंह, महमूद इरफान, बाबू राम पाल, बेलाल अहमद, अभिषेक श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आनन्द यादव, रामधनी, प्रदीप मौर्य, लालसाहेब, राजकपूर मिश्र, लालचन्द कुमार, अखिलेश यादव सहित आदि उपस्थित थे।

# सेन्ट जेवियर्स में धूम-धाम से मना मातृदिवस

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सेन्ट जेवियर्स हाई स्कूल एलवल, आजमगढ़ के प्रांगण में मातृदिवस (मदर्स डे) धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रशांत चन्द्रा, आवासीय प्रबंधक अनिरूद्ध जायसवाल, प्रद्युम्न जायसवाल एवं प्रबंध निदेशिका स्नेहा जायसवाल, अनीता जायसवाल, रिंकी जायसवाल तथा प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण मातृ शक्ति से सुशोभित रहा जिसमें विद्यालय के होनहार एवं प्रतिभावान छात्रों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया। सर्वप्रथम बच्चों ने सरस्वती वंदना के माध्यम से कार्यक्रम की शुरूआत की और अपने गीत, नृत्य आदि के माध्यम से मातृ महिमा का वर्णन करते हुए प्रांगण में उपस्थित समस्त छात्र-छात्राओं एवं विद्वतजनों का मन मोह लिया। स्वागत की कड़ी में विद्यालय प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव, विद्यालय समन्वयक धीरेन्द्र भारद्वाज एवं सह समन्वयक यामिनी अरोरा ने प्रबंध निदेशक व निदेशिका महोदया को हस्त निर्मित छवियाँ एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत मातृवंदना, नृत्य, मातृमहिमा से संबंधित गीत, श्लोक, भाषण आदि की अप्रतिम प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय-प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने माँ की महिमा, शक्ति धैर्य, साहस, समर्पण, त्याग आदि का वर्णन करते हुए कहा कि जब-जब इस धरती पर परिस्थितियाँ, सामर्थ्य व क्षमता के प्रतिकूल हुई है तब-तब मातृ शक्ति ने ही इस चराचर जगत को अमोघ कवच प्रदान कर मानवता की प्रतिस्थापना की है। जननी जन्म भूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसीष् का जिक्र करते हुए उन्होने कहा कि माँ की महिमा अतुल्य है अतः इसका शब्दों में वर्णन करना सूरज को दीपक दिखाना है।

## टूर्नामेंट एवं क्लब पंजीकरण अब एसीए के कार्यालय से

**प्रयागराज। सत्र 2025-**2026 के लिए इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के अंतर्गत टूर्नामेंट पंजीकरण एवं क्लब पंजीकरण अब सिर्फ एसीए के जोनल कार्यालय, तमन्ना नर्सिंग इंस्टीट्यूट, हाशिमपुर रोड में डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त संयोजक (एसीए कार्यालय) द्वारा किया जाएगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुरेश द्विवेदी ने बताया कि पंजीकरण सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच (रविवार को छोड़कर) होगा। एसीए कार्यालय के अतिरिक्त अन्य किसी के द्वारा दी गई स्वीकृति मान्य नहीं होगी।

# हंसवाहिनी संस्था ने किया लोक गायन कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महर्षि विद्या मंदिर कालिंदीपुरम प्रयागराज में हंसवाहिनी संस्था द्वारा आयोजित छह दिवसीय लोक गायन कार्यशाला में विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट सहभागिता निभाई। उक्त लोक गायन कार्यशाला में प्रख्यात प्रशिक्षिका हेम श्रीवास्तव के निर्देशन में 25 बच्चों ने लोक गायन कार्यशाला में प्रतिभाग किया। कार्यशाला का समापन 13 मई को होगा। कार्यशाला समापन के अवसर पर बच्चों के द्वारा लोग गायन की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। जिसके मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी, महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य डॉक्टर नितिन प्रधान एवं हंसवाहिनी संस्था के महासचिव शैलेंद्र मधुर, संस्था सचिव डॉक्टर आभा मधुर श्रीवास्तव, आकाशवाणी के प्रख्यात रंगकर्मी विनय श्रीवास्तव, तथा प्रशिक्षिका हेम श्रीवास्तव, कार्यक्रम प्रभारी विभा पांडे होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## जमीन के बंटवारे को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**जौनपुर (खेतासराय)** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरोपरशुरामपुर में पैतृक जमीन के बंटवारे व रास्ते को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। विवाद की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों से चार लोगों को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही की। जानकारी के अनुसार, अहिरोपरशुरामपुर निवासी इन्द्रसेन पुत्र ललई, इन्द्रकला पत्नी इन्द्रसेन और उग्रसेन पुत्र ललई,नीलम पत्नी उग्रसेन के बीच शनिवार को पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद ने देखते ही देखते गाली-गलौच और मारपीट का रूप ले लिया। सूचना पर तत्काल एसआई कपिलदेव व हेड कांस्टेबल राकेश यादव, महिला हेड कांस्टेबल रीना देवी, कांस्टेबल मौके पर पहुंचकर विवाद कर रहे इन्द्रसेन, इन्द्रकला, उग्रसेन और नीलम को हिरासत में लेकर थाने लाई। पुलिस ने चारों के विरुद्ध शांति भंग की धारा में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

## डीएम ने समाधान दिवस पर सुनी जनसमस्याएं



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में थाना सिकरारा में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के समक्ष कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से पांच 05 का निस्तारण किया गया और शेष शिकायतो पर संबंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद सम्बन्धी तथा गंभीर प्रकरण की शिकायतों को प्राथमिकता पर रखते हुए पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## खेतासराय पुलिस ने तीन का किया चालान

**जौनपुर (खेतासराय)** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत खेतासराय पुलिस ने शनिवार को आठ लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। खेतासराय थानाध्यक्ष रामाश्रय राय बताया कि थाना क्षेत्र के तीन आरोपितों के खिलाफ विभिन्न न्यायालय से वारंट जारी हुआ था। अदालत द्वारा इन्हें कई सूचना दी गई । फिर भी ये न्यायालय में लंबित अपने मुकदमे में हाजिर नहीं हुए। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक अनिल कुमार पाठक, रविंद्रनाथ, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, अंबिका यादव, राकेश यादव के साथ पुलिस टीम गठित कर टीम ने धीरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ काजू निवासी गोला बाजार,वअब् दुल कादिर उर्फ झिनकू निवासी बाराकला, जय नारायण यादव निवासी ग्राम मनेछा के रूप में हुई है।

## ई रिक्शा पिकअप की जोरदार टक्कर में आंगनबाड़ी सहायिका की मौत एक घायल

**जौनपुर।** सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के धवरईल ग्राम निवासी आंगनबाडी सहायिका मीरा देवी विश्वकर्मा 45 वर्ष पत्नी गुलाबचंद की मौके पर मौत घायल ई रिक्शा चालक प्रेम बहादुर 39वर्ष आज शनिवार की सुबह लगभग 11:30 बजे मीरा देवी कुछ सामान खरीदने उसी थाना क्षेत्र के धवरईल बाज़ार गई थी सामान खरीद के जब घर वापस लौटने लगी जैसे ही ई रिक्शा उसी थाना क्षेत्र के धराई मंदिर के पास से पहुंची पिकअप और रिक्शे की जोरदार टक्कर हो गई जिसमें मीरा देवी की मौके पर मौत हो गई ई रिक्शा चालक प्रेम बहादुर बुरी तरह घायल हो गया स्थानिय लोगों ने पिकअप को पकड़ लिया है लेकिन ड्राइवर फरार हो गया स्थानिय लोगो ने 108 एम्बुलेंस द्वार जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने देखते ही मीरा देवी को मृत्यु घोषित कर दिया घायल ई रिक्शा चालक प्रेम बहादुर का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया है पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

## चोरी की बाइकों से छिनैती करने वाले गैंग का भंडाफोड़



**प्रयागराज।** प्रयागराज में चोरी की बाइकों से छिनैती करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने चोरी की आठ मोटर साइकिलों के साथ छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चार सोने की चेन, चार मोबाइल फोन भी मिले हैं। सिविल लाइंस, धूमनगंज, पूरामुफ्ती और कैंट पुलिस की ओर से चलाई गई संयुक्त कार्रवाई के दौरान यह भंडाफोड़ हुआ है। यह आरोपी जनपद सहित आसपास के जनपदों में चेन स्नेचिंग, लूट, बाइक चोरी आदि घटनाओं को अंजाम देते थे। इन लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज है। पुलिस काफी दिनों से इनकी तलाश कर रही थी। अधिकारियों ने शनिवार को आरोपियों को मीडिया के सामने पेश किया।

# आरबीआई का एसबीआई पर एक्शन, 1.72 करोड़ रुपये का लगाया जुर्माना, निर्देशों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से भारतीय स्टेट बैंक पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। जानकारी के मुताबिक, आरबीआई ने एसबीआई पर 1.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ये कार्रवाई निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) पर 1.72 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना आरबीआई के कुछ निर्देशों का ठीक से पालन नहीं करने पर लगाया है। यह जुर्माना बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के तहत लगाया है। आरबीआई के बयान के अनुसार एसबीआई से आरबीआई के ऋण और अग्रिम वैधानिक व अन्य प्रतिबंध ग्राहक संरक्षण अनधिकृत, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन में ग्राहकों की देयता को सीमित करना और बैंकों की तरफ से चालू खाते खोलना अनुशासन की आवश्यकता पर जारी किए गए कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया है।

**आरबीआई ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब**




दरअसल, आरबीआई ने 31 मार्च 2023 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के बारे में पर्यवेक्षी मूल्यांकन वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2023) किया। इस दौरान पता चला कि एसबीआई आरबीआई के निर्देशों के पालन नहीं कर रही है। इसके बाद से एसबीआई को एक नोटिस जारी कर कारण बताने के लिए कहा गया है। इसके साथ ही यह भी कहा गया है कि निर्देशों का पालन नहीं करने पर आरबीआई आप पर क्यों जुर्माना न लगाए। इसके बाद एसबीआई ने आरबीआई के नोटिस का जवाब दिया फिर व्यक्तिगत सुनवाई के बाद से आरबीआई ने एसबीआई पर जुर्माना लगाया है।

**एसबीआई पर क्या लगे हैं आरोप?**

स्टेट बैंक पर यह आरोप था कि उसने एक संस्था (इकाई) को ब्रिज लोन यानी एक तरह का अस्थायी कर्ज दिया, जो केंद्र या राज्य सरकार से मिलने वाली सब्सिडी या भुगतान के बदले में दिया गया था। इसके साथ ही बैंक पर एक अन्य आरोप यह लगा था कि उसने विनियामक आवश्यकताओं के उल्लंघन करते हुए कुछ चालू खाते खोल रखे थे।

आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई विनियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है। इसका उद्देश्य बैंक की तरफ से अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल उठाना नहीं है। इसके अलावा, मौद्रिक जुर्माना आरबीआई की तरफ से एसबीआई के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना लगाया गया है।

## सैटेलाइट सेवाओं पर कंपनियों को देना पड़ सकता है राजस्व का चार फीसदी शुल्क

**नई दिल्ली।** ट्राई ने कहा कि सैटेलाइट के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन सिर्फ पांच साल तक होगा, जिसे दो साल तक बढ़ाया जा सकता है। स्टारलिंक ने स्पेक्ट्रम की न्यूनतम 15 साल की वैधता मांगी थी। सिफारिश के मुताबिक, 8 फीसदी का प्राधिकरण शुल्क भी लागू होगा, जो दूरसंचार ऑपरेटरों और फिक्स्ड लाइन इंटरनेट प्रदाताओं के लिए लागू होता है।

दूरसंचार नियामक ट्राई ने एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी उपग्रह संचार सेवा प्रदाता कंपनियों पर सालाना राजस्व का चार फीसदी स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क लगाने की शुक्रवार को सिफारिश की। इसके साथ ही, प्रति शहरी ग्राहक 500 रुपये का वार्षिक शुल्क भी देना होगा। ये सिफारिशें एलन मस्क की स्टारलिंक के भारत में आने से पहले की गई हैं। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कहा, सैटेलाइट नेटवर्क पर उपलब्ध कुल बैंडविड्थ बहुत कम है।

# एआई अपनाने से IT क्षेत्र की भर्तियों में 16 फीसदी का उछाल, भारत-न्यूजीलैंड के बीच FTA पर हुई

**नई दिल्ली।** आईटी क्षेत्र में अप्रैल में भर्तियां सालाना आधार पर 16 फीसदी बढ़ी हैं। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को अपनाने, क्लाउड आधुनिकीकरण और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के निरंतर विस्तार जैसे कारकों से प्रेरित है। द फाउंड्इट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले महीने भारत में आईटी नियुक्तियों में वृद्धि हुई है, जो पिछले वर्षों के उतार-चढ़ाव से तेज वापसी को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, जीसीसी ने इस भर्ती वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने 2024-25 में 1,10,000 से अधिक नई तकनीकी नौकरियों का योगदान दिया है। डाटा इंजीनियरिंग, डेवऑप्स और एंटरप्राइज आर्किटेक्चर जैसी भूमिकाओं की मांग को भी बढ़ाया है। कौशल आधारित नियुक्ति अब भी हावी है और 62 फीसदी नियोक्ता औपचारिक योग्यताओं की तुलना में व्यावहारिक विशेषज्ञता को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारत और न्यूजीलैंड के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर शुक्रवार को पहले दौर की बातचीत सफल रही। लगभग एक दशक बाद यह बातचीत फिर से शुरू हुई है। अधिकारियों का मानना है कि वार्ता



के नए दौर से दोनों देशों के व्यापारिक संबंधों में तेजी आएगी और व्यापार व निवेश के नए द्वार खुलेंगे। सूत्रों ने बताया कि राजधानी दिल्ली में पांच दिनों तक दोनों देशों के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता में समझौते के लिए जरूरी आपसी महत्व के कई मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत और न्यूजीलैंड ने 16 मार्च को घोषणा की थी कि वे व्यापक और आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को फिर से शुरू करेंगे। यह वार्ता सबसे पहले अप्रैल, 2010 में शुरू हुई थी, लेकिन फरवरी, 2015 में दसवें दौर के बाद बिना किसी ठोस नतीजे के रुक गई थी।

वार्ता की बहाली ऐसे वक्त में हुई है, जब दोनों देशों के बीच व्यापार में लगातार वृद्धि हो रही है। अप्रैल, 2024 से इस साल जनवरी में द्विपक्षीय व्यापार एक अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर गया।

सरकार ने स्टार्टअप के लिए ऋण गारंटी योजना यानी सीजीएसएस के संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसमें प्रति उधारकर्ता गारंटी कवर सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ रुपये कर दी गई है। इस संशोधित योजना से स्टार्टअप को कर्ज देने से जुड़ा जोखिम कम होगा।

## इक्विटी म्यूचुअल फंड में चौथे माह भी गिरावट, एसआईपी में रिकॉर्ड 26632 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड (एमएफ) में निवेश अप्रैल, 2025 में 3.24 फीसदी घटकर 24,269 करोड़ रुपये रह गया। यह लगातार चौथा महीना है, जब इक्विटी एमएफ में निवेश घटा है। हालांकि, म्यूचुअल फंड योजनाओं में शुद्ध निवेश लगातार 50वें महीने सकारात्मक बना रहा। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने शुक्रवार को आंकड़े जारी कर बताया, पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव से शेयर बाजार में जारी अस्थिरता के कारण यह गिरावट आई है। पिछले महीने इक्विटी एमएफ में निवेश मार्च के 25,082 करोड़, फरवरी के 29,303 करोड़, जनवरी के 39,688 करोड़ और दिसंबर, 2024 के 41,156 करोड़ रुपये से काफी कम है।

आंकड़ों के मुताबिक, इक्विटी एमएफ में गिरावट के बावजूद सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेशकों का आकर्षण बना हुआ है। अप्रैल में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के चार महीने के निचले स्तर से उबरते हुए रिकॉर्ड 26,632 करोड़ रुपये पहुंच गया। मार्च में एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश मामूली घटकर 25,926 करोड़ और फरवरी में 25,999 करोड़ रुपये रहा था।

## इक्सिगो ने किया बड़ा फैसला, अब टर्की जाने के लिए फ्लाइट बुकिंग की रद्द

**नई दिल्ली।** यह भारतीय ट्रैवल कंपनियों, ईजमाईट्रिप और कॉक्स एंड किंग्स द्वारा भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच तुर्की और अजरबैजान के भारत विरोधी रुख के बीच इसी तरह के कदम की घोषणा के कुछ घंटों बाद आया है। बता दें कि ईजमाईट्रिप ने पर्यटकों को इन दोनों देशों की यात्रा केवल तभी करने की दृढ़तापूर्वक सलाह दी जब बिल्कुल आवश्यक हो का सुझाव जारी किया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है। भारत सरकार के अलावा एहतियात के लिए कई जगह पर अलग अलग नियम लागू किए जा रहे है। वहीं ऑनलाइन सर्विस दिए जाने में भी कई बदलाव किए गए है। इसी बीच इक्सिगो ने ऐसा ऐलान किया है जिसने सभी का ध्यान खींचा है।

इक्सिगो के ग्रुप सीईओ आलोक बाजपेयी ने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने घोषणा की कि वे अपने ऑनलाइन ट्रैवल पोर्टल पर तुर्की, चीन और अजरबैजान के लिए सभी फ्लाइट और होटल




बुकिंग को निलंबित कर रहे हैं। पोस्ट में ग्रुप के सीईओ ने कहा, ÷बस बहुत हो गया! खून और बुकिंग एक साथ नहीं बह सकते।

यह भारतीय ट्रैवल कंपनियों, ईजमाईट्रिप और कॉक्स एंड किंग्स द्वारा भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच तुर्की और अजरबैजान के भारत विरोधी रुख के बीच इसी तरह के कदम की घोषणा के कुछ घंटों बाद आया है। बता दें कि ईजमाईट्रिप ने पर्यटकों को इन दोनों देशों की यात्रा केवल तभी करने की दृढ़तापूर्वक सलाह दी÷ जब ÷बिल्कुल आवश्यक हो का सुझाव जारी किया है। वहीं अन्य ट्रैवल कंपनी कॉक्स एंड किंग्स ने अज़रबैजान, उज्बेकिस्तान और तुर्की के लिए सभी नई यात्रा पेशकशों को अस्थायी रूप से रोकने का फैसला किया।

दो दिन पहले, गोवा में लक्जरी अवकाश किराये वाली कंपनी गोवा विलास और वैश्विक स्तर पर कार्यरत भारतीय यात्रा एवं आवास ब्रांड गो होमस्टेज ने सभी तुर्की ग्राहकों के लिए अपनी सेवाएं प्रतिबंधित कर दी थीं। गो होमस्टेज़ ने एक्स से बात करते हुए कहा, हम भारत के प्रति उनके असहयोगी रुख के कारण तुर्की एयरलाइंस के साथ अपनी साझेदारी आधिकारिक तौर पर समाप्त कर रहे हैं। आगे चलकर, हम अपने अंतरराष्ट्रीय यात्रा पैकेजों में उनकी उड़ानों को शामिल नहीं करेंगे। जय हिंद।

गोवा विलास ने भी एक्स पर एक पोस्ट में घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान से जुड़े वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में तुर्की के असहयोगी रुख के कारण, वे गोवा में तुर्की नागरिकों को कोई आवास सेवा प्रदान नहीं करेंगे।

तुर्की और अज़रबैजान ने पाकिस्तान के प्रति समर्थन जताया है, भले ही वह भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद का समर्थन करता रहा हो और पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर हमले के बाद उसकी शत्रुतापूर्ण कार्रवाइयों को भी समर्थन दिया हो।

## दावा निपटारे के लिए डेढ़ अरब डॉलर का भुगतान करेगी गूगल

**नई दिल्ली।** पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया।

दिग्गज टेक कंपनी गूगल, अमेरिकी राज्य टेक्सास को 1.4 अरब डॉलर का भुगतान करेगी। यह भुगतान दावे के निपटारे के लिए किया जाएगा। दरअसल टेक्सास ने गूगल के खिलाफ यूजर्स की मंजूरी के बिना उनका डेटा इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था। टेक्सास के स्टेट अटॉर्नी जनरल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अटॉर्नी जरनल केन पैक्सटन ने बताया कि यह समझौता टेक कंपनियों के लिए एक संदेश है कि हम हमारे अधिकारों और आजादी को बेचकर उन्हें पैसे नहीं कमाने देंगे। पैक्सटन ने कहा कि टेक्सास में, बड़ी तकनीकी कंपनियां कानून से ऊपर नहीं हैं। वर्षों तक गूगल ने लोगों की गतिविधियों, निजी सर्च और यहां तक कि उनके वॉइस प्रिंट्स और फेसियल ज्योमेट्री को भी अपने उत्पादों और सेवाओं के लिए इस्तेमाल किया। यह समझौता टेक्सास द्वारा गूगल के खिलाफ किए गए जियो-लोकेशन, गुप्त सर्च और बायोमीट्रिक डेटा से संबंधित कई दावों का निपटारा करता है। गूगल के प्रवक्ता जोस कास्टानेडा ने कहा कि यह समझौता पुराने दावों की एक श्रृंखला का निपटारा है, जिनमें से कुछ उत्पाद नीतियों से संबंधित हैं जिन्हें कंपनी पहले ही बदल चुकी है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि समझौते के लिए किसी भी नए उत्पाद परिवर्तन की आवश्यकता नहीं है। पैक्सटन ने कहा कि 1.4 अरब डॉलर इस प्रकार के डेटा-गोपनीयता उल्लंघनों पर गूगल के साथ समझौते में किसी भी राज्य द्वारा जीती गई सबसे बड़ी राशि है।

## आकाश डिफेंस सिस्टम कंपनी के शेयर पहुंचे आसमान पर

**नई दिल्ली।** डिफेंस सेक्टर के स्टॉक में तेजी देखने को मिली है। इसका असर कंपनी के मार्केट कैप पर भी देखने को मिला है। कंपनी का मार्केट कैट अब बढ़कर 56150 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं



बीडीएल के शेयर में भी तेजी देखने को मिली है। इसके शेयर रॉकेट की रफ्तार से भागे है। डिफेंस स्टॉक शुक्रवार को 305 रुपये के साथ खुले थे।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और संघर्ष कम होता नहीं दिख रहा है। दोनों देशों के बीच स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। भारत पर लगातार पाकिस्तान मिसाइल और ड्रोन अटैक कर रहा है। भारत भी पाकिस्तान के इन हमलों का जवाब दे रहा है। इन हमला को नाकाम करने में स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने भारतीय सेना की मदद की है।

स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के दम पर ही भारत पाकिस्तान को धूल चटा रहा है। पाकिस्तान भी स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को देखर हैरान है और उसके हमले भी विफल होते जा रहे है। वहीं मिसाइल पाकिस्तान के दांत खट्टे करने के लिए काफी है। इस मिसाइल को बनाने वाली कंपनी भी लगातार गदर मचा रही है। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी मगर कंपनी के शेयर 10 फीसदी बढ़ गए है।


आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली और आकाश हथियार प्रणाली का निर्माण भारतीय कंपनियां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने किया है। पाकिस्तान के हमलों में आकाश मिलाइस ने करारा जवाब दिया है। इसने पाकिस्तान की मिसाइलों और ड्रोन को बुरी तरह से तहस नहस कर दिया है। वहीं कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को इन कंपनियों के शेयर ने मार्केट में धमाका कर दिया। एक तरफ शेयर नीचे गिर रहे थे वहीं दूसरी ओर इस कंपनी के शेयरों ने धमाल मचा दिया।

वहीं बीएसई पर बीडीएल के शेयर कारोबार के दौरान 9.73 फीसदी की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके सेयर का कारोबार 1455 रुपये पर शुरु हुआ था जो कि 1595 पर पहुंच गया था।

# बॉन ग्रुप के ला अमेरिकाना गॉरमेट ने अपना पोर्टफोलियो बढ़ाते हुए प्रोटीन ब्रेड और रागी मिलेट ब्रेड पेश किए

**नई दिल्ली।** क्लीन लेबल ब्रेड और बेकरी रेंज के साथ क्लीन ईटिंग में अपनी पहचान बनाने के बाद ला अमेरिकाना गॉरमेट ने न्यूट्रिशन पर केंद्रित होकर ज़ीरो मैदा प्रोटीन ब्रेड और ज़ीरो मैदा रागी मिलेट ब्रेड पेश किए हैं। ये नए ब्रेड उन ग्राहकों के लिए हैं, जो अपने दैनिक आहार में प्राकृतिक सामग्री के साथ भरपूर प्रोटीन और फाइबर चाहते हैं।

इस लॉन्च के बारे में बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के ग्रुप मार्केटिंग हेड, श्री दविंदर पाल ने कहा हमारी क्लीन लेबल रेंज की सफलता के साथ, प्रोटीन से भरपूर और मिलेट-बेस्ड उत्पादों की मांग बढ़ी है। यह लॉन्च पारंपरिक बेकरी उत्पादों के विकल्प के रूप में ज्यादा प्राकृतिक और स्वस्थ उत्पाद प्रदान करने के हमारे सफर की एक बड़ी उपलब्धि है।




ला अमेरिकाना प्रोटीन ब्रेड, अपनी फिटनेस का ध्यान रखने वाले लोगों के लिए बनाया गया है। यह उन लोगों के लिए है, जो अपने दैनिक आहार में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं। इसके हर निवाले में 40 ग्राम प्रोटीन मिलता है और 4 स्लाइस दैनिक प्रोटीन की 25त्न जरूरत को पूरा कर देते हैं। इसे बनाने में मैदा, अतिरिक्त इमल्सीफायर या पाम ऑयल का उपयोग नहीं किया गया है। यह ब्रेड अपनी अच्छी क्वालिटी के साथ सक्रिय जीवन जीने में मदद करता है। इस लॉन्च के बारे में बॉन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर, श्री अमरिंदर सिंह ने कहा आज के ग्राहक खाने-पीने की चीजों को लेकर ज्यादा सावधान हो गए हैं, वो इन्हें बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री के बारे में पारदर्शिता चाहते हैं। हमारे प्रोटीन ब्रेड और रागी मिलेट ब्रेड इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बनाए गए हैं। इनमें बेहतरीन स्वाद के साथ पोषण भी है। हम आहार की वर्तमान जरूरत के मुताबिक स्वच्छ, उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

वहीं, रागी बाजरा ब्रेड अनाज की शक्ति के साथ न्यूट्रिशन प्रदान करता है। रागी, मिलेट और जैगरी से बना यह ब्रेड, फाइबर, कैल्सियम और न्यूट्रिशन से भरपूर है। यह सामान्य ब्रेड का एक पौष्टिक और प्राकृतिक विकल्प है। इसमें रिफाइंड शुगर, प्रिजर्वेटिव और मैदा बिल्कुल नहीं हैं। इसलिए यह संतुलित पोषण के लिए उत्तम है।

प्रोटीन ब्रेड और रागी मिलेट ब्रेड दिल्ली, एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड में उपलब्ध हैं। जल्द ही इन्हें अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराया जाएगा।


ये उत्पाद ग्राहकों को अग्रणी रिटेल स्टोर्स और ज़ेप्टो पर उपलब्ध हैं। इस लॉन्च के साथ, ला अमेरिकाना गॉरमेट ने स्वच्छ, पौष्टिक और इनोवेटिव उत्पाद सभी को उपलब्ध कराने का अपना उद्देश्य प्रदर्शित किया है, जिससे एक स्वस्थ भविष्य का मार्ग तैयार होगा।

# यूपी एनर्जी एक्सपो 2025 का उत्साह के साथ समापन

# सोलर ऊर्जा का उपभोग घरेलू आवश्यकताओं के लिए ही अधिकाधिक करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ऊर्जा एक्सपो 2025 का शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य समापन हुआ, जिसने उत्तर प्रदेश को भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित किया। पीएचडीसीसीआई, फर्स्टव्यू और यूपीनेडा , उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित इस तीन दिवसीय आयोजन ने 8 हजार से अधिक उपस्थितगणों को आकर्षित किया, जिनमें उद्योग नेता, उद्यमी और नीति निर्माता शामिल थे, जो सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और ऊर्जा भंडारण में नवीनतम नवाचारों को देखने के लिए एकत्र हुए थे।

अंतिम दिन चार विचारोत्तेजक पैनल चर्चाओं का आयोजन किया गया, जो राज्य में सौर ईपीसी, इलेक्ट्रिक फ्लीट, ऊर्जा भंडारण और ग्रिड आधुनिकीकरण के भविष्य पर केंद्रित थीं।




उत्तर प्रदेश में सौर ईपीसी के विस्तार पर बोलते हुए, दीपक रायजादा, मुख्य अभियंता, यूपीपीसीएल ने कहा, उत्तर प्रदेश सरकार भारत के अन्य राज्यों की तुलना में बैटरी स्टोरेज सिस्टम में सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रही है। हम निवेशकों को राज्य में बैटरी स्टोरेज प्लांट स्थापित करने का आह्वान करते हैं, और उन्हें पूर्ण सरकारी समर्थन का आश्वासन देते हैं। राज्य में विद्युत आपूर्ति की कोई कमी नहीं है, और आईआईटी कानपुर और बीएचयू की मदद से हम सौर ईपीसी के लिए मजबूत फीडर्स और बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं।

पैनलिस्टों ने राज्य के 2030 तक नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत नीति समर्थन की आवश्यकता पर बल दिया और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति, भूमि अधिग्रहण और कुशल श्रमिकों की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया। राज्य एजेंसियों के बीच गहरी साझेदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया, ताकि देश भर से अधिक निवेश आकर्षित किया जा सके।

वाणिज्यिक और सार्वजनिक परिवहन फ्लीट के विद्युतीकरण पर चर्चा करते हुए यह माना गया कि 2050 तक भारत के कार्बन-न्यूट्रल लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ईवी अपनाने में तेजी लाने की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश पहले ही भारत के कुल ईवी उपयोग में 15त्न योगदान दे चुका है, और राज्य 2030 तक इलेक्ट्रिक बसों के बेड़े का चरणबद्ध रूप से रोलआउट पूरा करने की योजना बना रहा है। इस दौरान, राजमार्गों पर पीपीपी मॉडल के तहत ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना की योजना बनाई गई है, जिनमें से कई यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित किए जाएंगे। हालांकि, बैटरियों की उच्च लागत को एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में चिन्हित किया गया, और बैटरी तकनीक में सुधार और लागत को कम करने के लिए समर्थन की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

ऊर्जा भंडारण और ग्रिड आधुनिकीकरण पर सत्र में योगेश कुमार, वाणिज्यिक निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने टिप्पणी की, हमारी विद्युत आपूर्ति अब भी थर्मल पावर पर निर्भर है, और गर्मियों में दोपहर और शाम के समय पावर डिमांड सबसे अधिक रहती है। हमें ऑफ-पीक घंटों में उत्पन्न अतिरिक्त ऊर्जा को संग्रहीत करने की आवश्यकता है ताकि शिखर समय में कमी को रोका जा सके और ग्रिड को स्थिर किया जा सके। सरकार बिजली भंडारण के लिए उपकेंद्रों का निर्माण करने की योजना बना रही है।

एक महत्वपूर्ण बिंदु यह भी उठाया गया कि जो घर उच्च स्तर की सौर ऊर्जा उत्पादन करते हैं, उन्हें अपनी अधिक ऊर्जा का घरेलू उपयोग करना चाहिए, बजाय उसे ग्रिड में वापस भेजने के, ताकि स्थानीय ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ सके।

## सरकारी बैंकों का मुनाफा 1.79 लाख करोड़ के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 में 12 सरकारी बैंकों ने कुल 1.79 लाख करोड़ का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया, जो पिछले साल से 27% ज्यादा है। सबसे ज्यादा मुनाफा SBI ने 70,901 करोड़ कमाया। वहीं PNB का लाभ 101% बढ़ा।

एनपीए घटने, कारोबार बढ़ने और बेहतर मार्जिन के दम पर सभी 12 सरकारी बैंकों ने बीते वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 1.79 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 1.41 लाख करोड़ के रिकॉर्ड मुनाफे से 27 फीसदी अधिक है। रुपये के लिहाज से कुल मुनाफे में से अकेले एसबीआई की हिस्सेदारी 70,901 करोड़ रुपये रही। बैंक ऑफ बड़ौदा 19,581 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर रहा। पंजाब नेशनल बैंक का प्रतिशत के रूप में मुनाफा सबसे अधिक 101 फीसदी बढ़कर 16,630 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंट्रल बैंक 78 फीसदी वृद्धि के साथ दूसरे और पंजाब एंड सिंध बैंक 71 फीसदी के साथ तीसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर काबिज यूनियन बैंक को 17,987 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। केनरा बैंक 17,540 करोड़ के साथ चौथे और पंजाब नेशनल बैंक 16,630 करोड़ के साथ पांचवें स्थान पर है। छह बैंक ऐसे हैं, जिन्होंने सालाना 10,000 करोड़ से अधिक फायदा कमाया है। सालाना आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा है।

चौथी तिमाही यानी जनवरी-मार्च के बीच बैंकों का फायदा 48,451 करोड़ रहा, जो 2023-24 की समान तिमाही में 42,847 करोड़ था। इसमें से एसबीआई का अकेले 18,643 करोड़ है। तिमाही आधार पर सभी बैंकों का लाभ बढ़ा, लेकिन एसबीआई का 10 फीसदी गिर गया। सबसे अधिक फायदा कमाने में 124 फीसदी के साथ पंजाब एंड सिंध बैंक है। बैंक ऑफ इंडिया का 82 फीसदी, पंजाब नेशनल बैंक का 52 फीसदी, केनरा का 28 फीसदी, इंडियन बैंक का 32 फीसदी और इंडियन ओवरसीज बैंक का 30 फीसदी मुनाफा बढ़ा है।

# डंफर की ठोकर से बाइक सवार बड़े भाई की मौत, छोटा भाई गंभीर

## हाटा कप्तानगंज मार्ग पर मोहम्मदगंज मवन नाले के पास हादसा

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** हाटा कप्तानगंज मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार को ठोकर मार दिया जिससे बाइक चला रहे व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि पीछे बैठा उसका छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी हाटा भर्ती कराया तथा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। उधर घटना को अंजाम देने के बाद डंफर सहित चालक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कैलाश सिंह पुत्र मगनू सिंह उम्र (55) निवासी बसंतपुर (बैतालपुर) जिला देवरिया अपने छोटे भाई चंद्रभान सिंह के साथ महराजगंज जिले के निचलौल रिश्तेदार के यहां गए थे। शनिवार को बाइक से घर वापस लौट रहे थे। अभी वह हाटा कप्तानगंज मार्ग पर स्थित बेलवा सुदामा से पहले मोहम्मदगंज मवन नाला के कुछ ही दूरी पर पहुंचे ही थे कि एक डंफर ने जोरदार ठोकर मार दिया, जिससे मौके पर ही कैलाश की मौत हो गई जबकि बाइक पर बैठे छोटा भाई चंद्रभान गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची डायल 112 तथा हाटा पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजवाया आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। उधर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में कोतवाल हाटा रामसहाय चौहान ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी पुलिस

**बसंतपुर देवरिया निवासी दोनों भाई निचलौल रिश्तेदारी से वापस घर लौट रहे थे**

## रोजगार सृजन के मामले में फेल हुई मनरेगा

**अमेठी।** मांग आधारित स्कीम मनरेगा, रोजगार की मांग के मामले में पूरी तरह फेल है। मार्केट रेट से मजदूरी कम होने के कारण ग्राम प्रधानों को मनरेगा के कार्यों के लिए मजदूर नहीं मिल रहें हैं। नब्बे फीसदी जाब कार्ड खाली पड़े हुए हैं। मनरेगा ग्रामीण अंचल के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने के लिए संचालित की गई थी। भुगतान का आनलाइन सिस्टम होने के बाद इस योजना की प्रगति और अधिक खराब हुई है। भ्रष्टाचार जरूर बढ़ा है। लेबर और मैटेरियल पेमेंट कभी समय से न होने और मजदूरी कम होने के कारण ग्रामीण अंचल के मजदूर रोजी रोटी की तलाश में शहरों की तरफ तेजी से पलायन कर रहे हैं। ग्राम प्रधानों को मजदूर ढूंढे नहीं मिल रहे। पिछले महीने केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा के अवशेष भुगतान के लिए 24,अरब रुपए की धनराशि जारी की थी। इस धनराशि में से जिले को जो भी बजट जारी हुआ,वह तीन दिन में ही समाप्त हो गया। मनरेगा के अवशेष भुगतान पूरे नहीं हो पाए।

# विद्युत चोरी के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विद्युत चोरी रोकने व बकाया राजस्व की वसूली के उद्देश्य पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम अन्तर्गत पडरौना विद्युत वितरण खण्ड द्वारा शनिवार को नगर के जमालपुर मुहल्ले में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिजली चोरी करने वाले पांच लोगो के खिलाफ जहा मुकदमा दर्ज कराया गया वही 74 बकायेदारों से चार लाख पच्चासी हजार रुपए राजस्व जमा कराई गई।

बता दें कि बिजली विभाग द्वारा चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में शनिवार को चार टीम गठित कर 301 परिवारों के घर में विद्युत चेकिंग किया गया। इस दरम्यान 43 उपभोक्ताओं पर कुल 11 लाख 65 हजार रुपए बकाया होने के विद्युत विच्छेदित किया गया। इसके अलावा 16 उपभोक्ताओं के मीटर आर्मड केबिल लगाकर परिसर के बाहर मीटर लगाया गया। 16 उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाया गया। इसी कडी मे 9 उपभोक्ताओं के खराब मीटर बदले गए। 13 घरों में अधिक भार विद्युत उपयोग करते हुए पाया गया जिनकी भार वृद्धि की गई। इतना ही नही विभाग ने पांच लोगो के खिलाफ विद्युत चोरी के आरोप मे मुकदमा भी पंजीकृत कराया है यह लोग अवैध रूप से बिजली उपयोग कर रहे थे। इसमें नूर जहां पत्नी इशितयाक जमालपुर, लक्ष्मण प्रसाद पुत प्रदुल जमालपुर, मोती लाल पुत्र गणेश मुहल्ला साहबगंज, रामचन्द्र पुत्र केशरी साहबगंज व राजबली खाडी चौराहा शामिल है। इसके अलावा विद्युत सघन चेकिंग अभियान में विभाग ने 74 बकायेदारों से कुल चार लाख पच्चासी हजार रुपए बकाया धनराशि भी जमा कराया। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता संजय सागर कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्ता, अवर अभियन्ता शुभम गौंड व दिलीप कुमार ने संयुक्त रूप से उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध रूप से बिजली का उपयोग करें और समय से अपना विद्युत बिल जमा करे। उन्होने कहा कि बिजली चोरी किसी करने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



**74 बकायेदारों से जमा कराया गया 4 लाख 85 हजार रुपए**

# एकादश रूद्र महायज्ञ की निकली कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सुकरौली विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरपुर सुक्खड़ में स्थित शिव मंदिर पर शनिवार से प्रारंभ हो रहे ग्यारह दिवसीय रूद्र महायज्ञ का कलशयात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई।

हरपुर सुक्खड़ के अकटहवां टोले पर आयोजित 11 दिवसीय महारुद्र यज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें कुंवारी कन्याओं ने अपने सिर पर कलश लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया। इस कलशयात्रा में हाथी-घोड़ा ढोल-नगाड़े गाजे-बाजे के युवा हाथों में ध्वज पताका लेकर हर हर महादेव के जयघोष के साथ कलशयात्रा की अगुवानी कर रहे थे। यह कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर लच्छीराय मुजाहना, जगदीशपुर बरडीहा चौरहा महुअवा खुर्द, कुस्महां, बेलहिया होते हुए ग्राम हरपुर सुक्खड़ में काली माता स्थान के समीप स्थित सरोवर के पास पहुंचा इसके बाद विद्वान पंडितों के मुखारविंद द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल भरकर पुनः यज्ञ स्थल पहुंचे। इस दौरान सर्व प्रथम यज्ञाचार्य कपिल मुनि उपाध्याय के द्वारा अग्नि प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना शुरू किया गया। जिसके बाद देर शाम तक पूजा-अर्चना की गई। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि यह यज्ञ ग्यारह दिनों तक चलेगा जो 10/05/2025 दिन शनिवार से प्रारंभ होगा तथा 20/05/2025 दिन मंगलवार को पुर्णाहुति एवं विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न होगा। प्रतिदिन सुबह यज्ञाचार्य द्वारा यज्ञ पूजन दिन में 10 बजे से प्रवचन एवं 1 बजे से 5 बजे तक रामलीला का आयोजन किया जाएगा।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय हिरनही का बाउंड्रीवाल गिरा, जिम्मेदार मौन

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय हिरनही में विगत कई महीनों से बाउंड्रीवाल जगहङ्कजगह गिर गया है। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि बाउंड्रीवाल के पीछे ट्रैक्टर ट्राली से क्षतिग्रस्त होने उपरांत लगभग 40 मीटर तक गिरा हुआ है, जिसका मरम्मत कार्य समय से नहीं किया गया, स्थिति ये है कि गिरे हुए दिवाल का ईट भी धीरे धीरे गायब हो गया। इसके अलावे अराजक तत्वों द्वारा रात में लगभग 70-80 मीटर तक गिरा दिया गया परन्तु विद्यालय/विभाग द्वारा इस पर कभी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई।

ज्ञातव्य हो कि आवासीय बालिका विद्यालय की सुरक्षा से संबंधित विस्तृत गाइड लाइन सरकार द्वारा जारी किया गया है इसके बावजूद विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी धृतराष्ट्र बने हुए हैं, तथा सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का खुला धज्जियां उड़ा रहे हैं। इस संबंध में विभागीय आदेश भी निर्गत किया गया है कि जहां भी विद्यालय के बाउंड्री वाल जर्जर या टूटे हैं उसकी नीलामी कराकर बाउंड्री करा दिया जाय। ग्रामवासियों द्वारा यह भी बताया गया कि विगत कुछ माह पूर्व बीएसए द्वारा नीलामी किए जाने का आदेश निर्गत हुए थे परंतु जब नीलामी का समय आया तो बीएसए द्वारा ही यह कह कर नीलामी रुकवा दिया गया कि जब पूरा बाउंड्रीवाल जर्जर हो जाएगा तभी नीलामी की जाएगी, जो अब तक नीलामी नहीं की गई। प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि आदेश नहीं मिलने के कारण नीलामी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही हैं। विद्यालय में नया हॉस्टल कक्षा 9- 10 के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। नामांकन की प्रक्रिया भी चल रही है, परंतु बाउंड्री वाल के लिए अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है जो शायद किसी घटना के इंतजार में हैं। संविलयन उप्र विद्यालय के व्यवस्थाओं आदि के संबंध में पूछे जाने पर ग्राम वासियों द्वारा बताया गया कि खाना बनता है दूध कभी नहीं बंटता है एक दो माह से फल भी वितरण नहीं किया जा रहा है, अध्यापक गण समय से आते जाते हैं शिक्षण कार्य में कोई शिकायत नहीं मिली।



**बेटियों की सुरक्षा भगवान भरोसे, विभाग ने अब तक नहीं ली सुधि**

## मिल रहे धान की प्रजातियों के बीज राजकीय बीज भंडारों पर नहीं पहुंचे बीज

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** रबी की फसल की कटाई के बाद किसान अब पूरी तरह धान की खेती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। धान की अगेती खेती करने वाले किसान इस समय थान की नर्सरी डालने के लिए खेतों को तैयार करने में जुट गए हैं। तमाम किसान खाली खेतों की जुताई भी कर चुके हैं। सांभर मंसूरी की खेती करने वाले किसान नर्सरी पिछले सप्ताह ही डाल चुके हैं। इस समय धान की नर्सरी खेतों में हरी भरी दिखाई दे रही है। नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक खाद बीज भंडारों पर नई-नई प्रजातियों के धान के बीज भी आ गए हैं। इस समय किसान रिसर्च धान के बीज के साथ हाइब्रिड के बीज भी खरीद रहे हैं। शनिवार को बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्राली से खेतों में गोबर की खाद पहुंचाते देखे गए। धान की खेती करने वाले कई किसानों ने बताया कि सांभर मंसूरी की खेती करने वाले किसानों की धान की नर्सरी लगभग पड़ चुकी है। अन्य प्रजातियों की नर्सरी डालने की भी तैयारी चल रही है। धान की बिक्री करने वाले किसान भी हाइब्रिड के साथ पतले धान की रोपाई कराते हैं। राजकीय बीज भंडारों पर अभी धान के बीज नहीं आए हैं। केवल प्राइवेट बीज भंडारों पर ही बीज मिल रहे हैं। **आग उगल रहा सूरज, धान की नर्सरी बचाना मुश्किल हुआ** – खरीफ की मुख्य फसल धान की अगेती खेती करने वाले किसानों को इस समय नर्सरी को सूखने से बचाने के लिए शाम को बार बार सिंचाई करनी पड़ रही है।तेज धूप के कारण तमाम किसानों ने 20मई तक धान की नर्सरी डालने का काम रोक दिया है। उधर राजकीय कृषि बीज भंडारों पर अभी तक धान की उन्नतिशील प्रजातियों के बीज नहीं आए हैं।



## अज्ञात लोगों ने काट दिए आम के चार पौधे

**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति के खेत में लगे आम के चार पौधे काट देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। शनिवार को कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर उक्त गांव निवासी मेराज ने अपने खेत में आम का आधा दर्जन पौधा लगाए थे जो सभी पेड़ फल भी दिए थे। शुक्रवार की रात अज्ञात लोगों ने आम के चार पौधे काट दिया। शनिवार सुबह इसकी जानकारी हुई तो मैं दंग रह गया। पीड़ित ने अविलंब कार्रवाई की मांग किया है।



## राज्य महिला आयोग की सदस्य का दौरा 14 मई को

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या का दो दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम 14 व 15 मई 2025 को प्रस्तावित है। सदस्य द्वारा 14 मई को महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिका की सुगमता की दृष्टि से महिला उत्पीड़न मामलों की समीक्षा, महिला जनसुनवाई प्रात प्रातः 11 बजे से निरीक्षण भवन गौरीगंज में करेंगी, तत्पश्चात 1:30 बजे महिला जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी, अपराह्न 3 बजे से कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी। दिनांक 15 मई 2025 को जिला अस्पताल व आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।



## सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** महर्षि देवराहा बाबा स्वशासी मेडिकल कॉलेज, देवरिया में वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों और उनके बचाव पर आधारित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक चिकित्सकों, विशेषज्ञों और मेडिकल छात्रों ने भाग लेकर वायु प्रदूषण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषण एक गंभीर समस्या है, जिससे हर व्यक्ति प्रभावित हो सकता है। इसके प्रभाव से बचने और प्रदूषण को कम करने के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी पर भी जोर दिया। मुख्य सत्र में लंग केयर फाउंडेशन के संस्थापक एवं ट्रस्टी तथा डॉ. बी. सी. रॉय पुरस्कार विजेता डॉ. अरविंद कुमार ने वायु प्रदूषण के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी। वहीं, प्रबंधन सलाहकार एवं लेखक डॉ. राजीव खुराना ने चुनौतीपूर्ण मामलों के प्रबंधन एवं उपलब्ध आधुनिक उपचार विधियों पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल और डॉ. अनुराग शुक्ला ने सभी विशेषज्ञों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दोहराई।

# घास की रोटियां खानी पड़ी, फिर भी मुगल सत्ता के सामने नहीं झुके महाराणा प्रताप

## महाराणा प्रताप जयंती पर क्षत्रिय समाज ने शौर्य यात्रा निकाली गई

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** पराक्रम, शौर्य और स्वाभिमान के प्रतीक महाराणा प्रताप की जयंती जिले में देशभक्ति के नारों की गूंज के साथ मनाई गई। अमेठी और मुसाफिरखाना में शौर्य यात्राएं निकालकर लोगों ने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्षों का स्मरण किया।

सोशल मीडिया पर भी लोगों ने एक दूसरे को महाराणा प्रताप की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन किया। क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष संत बख्श सिंह ने महाराणा प्रताप की जयंती पर देश वासियों को शुभकामनाएं दी । उन्होंने कहा कि महा राणा प्रताप का जीवन दर्शन हमें विपरीत परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा और स्वाभिमान से जीवन जीने का संदेश देता है। शुक्रवार को महाराणा प्रताप जयंती पर क्षत्रिय समाज ने शौर्य यात्रा निकाली गई। यात्रा देवीपाटन मंदिर से शुरू होकर सगरा तिराहा होते हुए रामलीला मैदान में समाप्त हुई। इस यात्रा में क्षत्रिय समाज के साथ अन्य समाज के सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। यात्रा के दौरान डीजे पर देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगे, लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।

भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से पूरा वातावरण देशभक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में गुंजन सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप ने राष्ट की रक्षा के लिए घास की रोटियां खाई। लेकिन मुगल सत्ता के सामने कभी नहीं झुके। उनका जीवन देश के स्वाभिमान और स्वतंत्रता का प्रतीक रहा है। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह और सिपाही संदीप मिश्र समेत पूरा पुलिस बल मौजूद रहा। यात्रा में कोतवाल सिंह, गुंजन सिंह, मुन्ना सिंह, राजेंद्र सिंह, महेश सोनी, अनुज सिंह और शैलेंद्र सिंह सहित कई प्रमुख लोग शामिल हुए।



## मंत्री ने एएमयू छात्रों की रैली की सराहना की

**अलीगढ़।** भारत सरकार के शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (अमुवि) द्वारा कल निकाली गई 'राष्ट प्रथम' अभियान की रैली की सराहना की है, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की नापाक हरकत के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई कार्रवाई के प्रति एकजुटता व्यक्त करना था। श्री प्रधान ने आज अपने एक्स प्रोफाइल पर एएमयू छात्रों द्वारा देश की संप्रभुता और शांति की रक्षा में लगे वीर सैनिकों के प्रति दिखाई गई स्पष्ट और मजबूत एकजुटता की सराहना की। एएमयू की भागीदारी की प्रशंसा करते हुए श्री प्रधान ने लिखा, रुराष्टप्रथम' की भावना को आगे बढ़ाते हुए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्रों ने जो समर्थन भारतीय सेना को दिया है, वो पूरे देश के लिए प्रेरणा है। यही भावना हर गली, हर मोहल्ले, हर स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी में होनी चाहिए। मैं देश के सभी केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों से अपील करता हूँ कि इस राष्ट्रीय एकजुटता के समय में एक साथ आकर न सिर्फ़ अपने इलाकों में जागरूकता फैलाएं।

## नवसृजित थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस मनाया गया

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** नवसृजित थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस मनाया गया जिसमें पुलिस सहित राजस्व के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। बताते चलें कि थाना चंदापुर में पहला थाना दिवस आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता थाना अध्यक्ष चंदापुर प्रशांत द्विवेदी ने की तो वहीं कुल पांच शिकायती पत्र आए जिसमें तीन शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। दो शिकायती पत्रों को जांच कर निस्तारित करने की बात कही गई है। इस मौके पर एस आई रवि पवार, एस आई अशोक कुमार, दीवान संतोष कुमार, लेखपाल रणविजय सिंह, राजेंद्र भारती सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। तो वही महराजगंज कोतवाली परिसर में भी थाना दिवस का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता करते हुए तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने उपस्थित राजस्व कर्मियों व पुलिस विभाग के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी लोग आए हुए शिकायती पत्रों का वरीयता के आधार पर निस्तारण करें जिससे कि आए हुए फरियादियों को न्याय मिल सके जिसमें कुल 11 शिकायती पत्र आए राजस्व के 9 पुलिस विभाग के 02 एक भी शिकायती पत्र का निस्तारण मौके पर नहीं हो सका। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया, एस आई दिनेश गोस्वामी,एस आई उत्कर्ष केसरवानी,एसआई सुनील कुमार चौहान, कानूनगो आबिद अली, अहमद अली, लेखपाल राजीव मिश्रा, विवेक सिंह, राजेश कुशवाहा, अमित शुक्ला सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 108083 वादों का किया गया निस्तारण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वाधान में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ सुशील कुमार शशि, जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर, गुलाब सिंह-।।, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मोहम्मद रिजवान अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं.1/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं रितेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत में 108083 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें फौजदारी के 8664 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें जुर्माने के रूप में रूपया 57610 की धनराशि वसूल कर राजकीय कोष में जमा कराई गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित 27 क्लेम वादों का निस्तारण करते हुए मृतकों एवं घायलों के आश्रितों को रू0-16895000 मुआवजा दिलवाया गया। पारिवारिक न्यायालयों द्वारा 50 वादों का निस्तारण करते हुए 06 जोड़ों को एक साथ विदा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक ऋण से सम्बन्धित वादों का प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंको द्वारा कुल 1040 बैंक ऋण वादों का निस्तारण करते हुए रू0-90472319 टोकन मनी के रूप में ऋण धारियों से वसूल की गई तथा 751 राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों के कुल 06 मामलों में सुलह कराकर पति-पत्नी को एक साथ न्यायालय परिसर से विदा कराया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कुशीनगर से 04 मामले, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय से सत्यप्रकाश सिंह बनाम संध्या सिंह तथा प्री लिटिगेशन स्तर पर 01 मामला यानी कुल 06 जोड़ों ने सुशील कुमार शशि जनपद न्यायाधीश, गुलाब सिंह प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मोहम्मद रिजवान अहमद, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मोहम्मद आजाद अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कुशीनगर की उपस्थिति में पति-पत्नी एक-दूसरे को माला पहनाए। उक्त सभी अधिकारीगण द्वारा सभी जोड़ों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं सहित विदा किया गया। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 108083 वादों का निस्तारण किया गया।

**मोटर दुर्घटना से संबंधित 27 वादों का निस्तारण कर मृतक आश्रितों को दिलाया गया 16,89,5000 मुआवजा**



# मंडलों के गठन हेतु जिला प्रवासी ने ली बैठक

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला प्रवासी एवं कुशीनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा ने भाजपा जिला पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों की बैठक ली तथा मंडलों के गठन हेतु विभिन्न निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल में 61 की मंडल कार्यसमिति बनानी है जिसमें आरक्षण के आधार पर कम से कम 2 महिला, 2 अनुसूचित अवश्य हों । उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्य ही मंडल के पदाधिकारी होंगे जिसमें मंडल अध्यक्ष को छोड़कर 15 मंडल पदाधिकारी के साथ शक्ति केंद्र संयोजकों का भी गठन करना है । जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने ये तय किया है कि देश की सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए आने वाले दिनों में जिले में तथा जिले की हर विधानसभाओं में तिरंगा यात्रा निकाला जाय जिसमें सभी वर्ग के लोग सम्मिलित हों । मंदिरों, गुरुद्वारों और अन्य धार्मिक स्थलों पर प्रार्थना, हवन कर देश की खुशहाली और सेना के उत्साह को बढ़ाने का कार्य करें । उन्होंने कहा कि इस समय पाकिस्तान में पल रहे आतंकवाद को जड़ से उखाड़ कर फेंकने के लिए हमारे देश की तीनों सेनाएं बहादुरी से लड़ रही हैं । सेना के जवानों के घायल होने या किसी सिविलियन को अगर खून की जरूरत पड़े ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बल्ड डोनेशन के लिए जांच कराकर अपना नंबर वहां नोट करा देना है ताकि जरूरत पड़ने पर उनकी जान बचाई जा सके । जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जितने भी अभियान और कार्यक्रम तय किए गए हैं उन सभी कार्यक्रमों में पार्टी के पूर्व, वर्तमान पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ साथ आम नागरिक भी भारी संख्या में शामिल हों इसका प्रयास हमे करना चाहिए । उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा अभियान का संयोजक जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा और सह संयोजक गोविंद चौरसिया तथा अंकुर राय को बनाया गया है । इसके लिए वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक टीम इन कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग करेगी । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह एडवोकेट, अजय कुमार दुबे, गंगा सिंह कुशवाहा, निर्मला गौतम, महेश मणि, अभिषेक जायसवाल, प्रभाकर तिवारी, रमाशंकर राजभर, अंकुर राय, रमेश वर्मा, ऋषि सिंह, अरविंद चौहान, दिलीप जायसवाल, वैभव सिंह शोले, राजेश निषाद, रामसंतोष शुक्ला, सत्यप्रकाश पांडे सहित सभी मंडल अध्यक्ष गण उपस्थित रहे ।

# ट्रामा सेंटर में चिकित्सीय सेवाओं का हुआ शुभारंभ






■ सांसद आनंद और एमएलसी प्रज्ञा की मौजूदगी में हुई शुरुआत

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के मोहल्ला चांदपुरा चौराहा पर स्थित नवनिर्मित ट्रामा सेंटर में चिकित्सीय सेवा का शुभारंभ आज सांसद बहराइच आनंद कुमार गौड़ ने फीता काटकर किया। इस ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सीय सेवा शुरू होने से जनपद वासियों को चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर लाभ मिलेगा।बताते चले यह ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास वर्ष 2016 में समाजवादी नेता पूर्व मंत्री डॉ वकार अहमद शाह की प्रेरणा से बहराइच के पुराने अस्पताल में यूपी के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार परिवहन विभाग यासर शाह द्वारा किया गया था जिसका निर्माण सीएनडीएस संस्था जल निगम उत्तर प्रदेश द्वारा कराया गया था। इस ट्रामा सेंटर के चालू होने का इंतजार जनपद वासी काफी दिनों से कर रहे थे उनके इंतजार की घड़ी आज उस समय समाप्त हो गई जब भारतीय जनता पार्टी के युवा सांसद आनंद कुमार गौड़ ने एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा की मौजूदगी में ट्रामा सेंटर में चिकित्सा सेवा का शुभारंभ फीता काट कर किया।इस सेंटर में प्रभारी के रूप में डॉक्टर अनुराग वर्मा तथा चिकित्सकों में डॉक्टर पटेल डॉक्टर शिशिर डॉक्टर अब्दुल सहित ईएमओ के स्थान पर डॉक्टर भारत सहित छह स्टाफ नर्स चार फार्मासिस्ट तथा दो लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की गई।इस अवसर पर सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि जमुनहा श्रावस्ती ब्लॉक प्रमुख शिवम जायसवाल डीएचआईओ बृजेश सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ईश्वर से प्रार्थना लोगों को ट्रामा सेंटर जाने की न पड़े जरूरत : आनंद गौड़

■ देश की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार लगातार कर रही सबका साथ सबका विकास पर कार्य

जनपद के भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता सासंद आनंद गौड़ ने आज ट्रामा सेंटर में बहुप्रतीक्षित चिकित्सीय सेवाओं के शुभारंभ होने के अवसर पर जनता के साथ साथ मांश न्यायालय में चिकित्सा सेवा शुरू करने के लिए प्रयास करने वालों को भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे देश और प्रदेश की सरकारों द्वारा सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास इसी को लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है।जिसका प्रमाण है आज गांव गांव में सरकार द्वारा चिकित्सा और शिक्षा के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है।इतना ही नहीं यूपी सरकार ने पूरे प्रदेश में सबसे ज्यादा बहराइच को एक माह पूर्व इकसठ एम्बुलेंसों को देकर चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा कार्य किया है इतना ही नहीं इस ट्रॉमा सेंटर के चालू हो जाने से मेडिकल कॉलेज में भी भार कम होगा तथा ओपीडी चालू होने से जनता को अधिक लाभ भी मिलेगा।इस उद्बोधन के दौरान युवा सांसद में लोगो के प्रति मोहब्बत और अपनापन उस समय दिखाई पड़ा जब चेहरे पर दिखी मायूसी के साथ उन्होंने कहा कि ईश्वर न करे कि किसी को ट्रामा सेंटर आने की आवश्यकता पड़े लोगों को सुरक्षित जीवन बिताना चाहिए प्रत्येक बाइक चलाने वाले को हेलमेट का उपयोग करना चाहिए क्योंकि आपके साथ साथ आपका पूरा परिवार एक छोटी सी गलती के कारण बिखर सकता है सरकार ने नो हेलमेट नो पेट्रोल की जो बात कही है वह सिर्फ और सिर्फ आपके जीवन को सुरक्षित रखने का प्रयास है।

### यमराज तक नहीं हैं मेरी पहुंचः डॉ. प्रज्ञा

जनपद के चंदपुरा चौराहे पर स्थित ट्रामा सेंटर में आज चिकित्सीय सेवाओं के शुभारंभ के अवसर पर सदस्य विधान परिषद डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी ने सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाते हुए कहा कि आज देश की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार की बदौलत मै विदेशों में रहने वाले अपने दोस्तों से आंख में आंख डालकर बात करती हूं कि मेरी शादी किसी गांव में नहीं उस जिले में हुई है जहां बीजेपी सरकार ने मेडिकल कॉलेज देकर एमबीबीएस से लेकर पीजी तक की सुविधाएं दी है।हर विकास के क्षेत्रों में लगातार रिसोर्सेज बढ़ाने का कार्य सरकार कर रही है।सरकार चाहती है सभी लोग सुरक्षित रहे लेकिन अक्सर मै देखती हूं आज की युवा पीढ़ी वाहन चलाते समय भी मोबाइल पर मैसेज टाइप करते रहते हैं हमे अपनी सोच और व्यवहार में बदलाव लाना होगा तभी आप सुरक्षित रह सकते हैं और हम किसी भी तरह की मदद भी कर सकते हैं लेकिन अगर आपने यातायात नियमों को दरकिनार किया और घटना या दुर्घटना का शिकार बने तो याद रखिए अभी हमारी पहुंच यमराज तक नहीं है इसलिए सुरक्षित रहिए और यह कोशिश करिए कि परिवार सर्वोपरि है।

# गैंग लीडर सहित पांच के विरूद्ध मुकदमे पंजीकृत

■ सूनसान स्थानों पर वाहन एवं सवारियों के साथ मारपीट कर करते थे लूटपाट

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा गैंगलीडर अभियुक्त मानवेन्द्र उर्फमोनू पुत्र रघुराज सिंह निवासी ग्राम जरौली कलाँ थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद जो कि एक संगठित गिरोह बनाकर अपने अन्य साथियों संग मिलकर जनपद फिरोजाबाद व जनपद मथुरा में सूनसान स्थानों का चयन कर वाहन एवं वाहन सवारों को रोककर मारपीट करता था एवं उनसे कैश/वाहन आदि लूट लेता था। साथ ही अन्य स्थान जैसे ट्यूबैल/गोदाम आदि जगहों में रखा कीमती सामान चोरी करके ले जाने जैसे अपराधिक मामला सामने आया है। गैंग को इंटर रेंज गैंग आई0आर0-18 के रूप में पंजीकृत किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में इस प्रकार के गैंग का चिन्ह्नीकरण किया गया जिसका प्रस्ताव तैयार कर गैंग पंजीकरण हेतु अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा को भेजा गया था जिसको इन्टर रेन्ज गैंग आई0आर0 -18 के रूप में पंजीकृत किया गया है। गैंगलीडर व इसके अन्य 05 सदस्यों पर जनपद फिरोजाबाद एवं जनपद मथुरा के विभिन्न थानों में गम्भीर अपराधों में डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग भी पंजीकृत हैं। गैंगलीडर मानवेन्द्र उर्फ मौनू व इसके गिरोह के अन्य सदस्यों पर जनपद फिरोजाबाद पुलिस टीम व सर्विलांस टीम आदि द्वारा सघन निगरानी रखी जाएगी। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। गैंग लीडर मानवेन्दऊ उर्फ मोनू व उसके अन्य साथियों के विरूद्ध अलग-अलग थानों में मुकदमे भी पंजीकृत हैं। जिनमें गैंग लीडर मानवेन्दऊ उर्फ मोनू रघुराज सिंह ग्राम जरौली कलां टूण्डला, सदस्य आकाश पुत्र दिनेश चन्द ग्राम सत्यनगर टापा थाना उत्तर, आकाश पुत्र चन्दन सिंह टापाकला थाना उत्तर, प्रभात आर्य पुत्र मुकेश आर्य दादूनगर हिमांयूपुर थाना दक्षिण, घनश्याम पुत्र मुन्नालाल रूधऊ थाना नारखी फीरोजाबाद, मनीष पुत्र कुंज बिहारी नरौरा हाल निधौली कलां थाना निधौली कलां एटा हैं। जिनका आपराधिक इतिहास है धारा 411/394 भादवि टूण्डला, 3/25 आर्म्स एक्ट टूण्डला, 392/411 भादवि टूण्डला, 21/22 एनडीपीएस एक्ट टूण्डला, 379/411 भादवि टूण्डला, 406/411 भादवि टूण्डला, 8/20 एनडीपीएस एक्ट टूण्डला, 411/414/420 भादवि टूण्डला, 3/25 एक्ट टूण्डला, 401 भादवि टूण्डला, 25/3 आर्म्स एक्ट टूण्डला, 305ए,317(2) बीएएस टूण्डला, 112/310(4)/ 310 (5) बीएनएनएस टूण्डला, 411/380/457 भादवि टूण्डला, 2/3 गैंग0एक्ट टूण्डला, 303(2)/ 317 (2) बीएएस थाना रजावली, 379/411 भादवि टूण्डला, 303 (2)/ 317(2) बीएनएस थाना उत्तर फिरोजाबाद, 41/102 सीआरपीसी, 411, 414 भादवि टूण्डला, 379, 411 भादवि थाना जमुनापार मथुरा में पंजीकृत हैं।

## पाकिस्तान को खत्म करने का आ गया है समय : मेजर शिवम सिंह



**बहराइच।** जनपद में आज भूतपूर्व सांसद स्व.राना वीर सिंह के पौत्र भारतीय सेना के पूर्व मेजर व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव मेजर राना शिवम सिंह ने सिविल लाइंस स्थित अपने निज निवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। इस अवसर पर पूर्व मेजर राना शिवम सिंह ने कहा कि मैंने अपना एक पत्र सेना प्रमुख को भेजकर युद्ध में भाग लेने का अनुरोध किया है। पत्र को सेना के अधिकारियों ने संज्ञान में लेकर अलर्ट रहने का संकेत दिया है।साथ ही साथ सभी पूर्व सैनिकों एवं पूर्व पुलिस के अधिकारियों को इसमें अपनी क्षमता अनुसार इस युद्ध में भाग अवश्य लेना चाहिए। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। ये समय पाकिस्तान को खत्म करने का आ गया है। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमर नाथ शुक्ल, उमेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सनबीम स्कूल के छात्र छात्राओं ने जाना स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी हाल



**सुल्तानपुर, अवधनामा संवाददाता।** चिकित्सा शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा की बुनियादी हाल जानने के लिए सनबीम स्कूल सुल्तानपुर के कक्षा 11 (गणित और जीव विज्ञान स्ट्रीम) के छात्रों को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (ASMC) सुल्तानपुर लाया गया। इस दौरान उन्हें चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। जहां मौजूद संकाय सदस्यों ने बच्चों के साथ बातचीत कर स्वष्ट सुल्तानपुर में पेश किए जाने वाले MBBS कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डॉ पायल सिंह ने बताया कि बच्चों के इस भ्रमण कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में उनके भविष्य के शैक्षणिक और कैरियर विकल्पों को प्रेरित करना है,बच्चों के इस भ्रमण कार्यक्रम से सीखने और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटते हैं ,वही विषयों की गहरी समझ को बढ़ावा देते हुए छात्रों को उनकी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर एनाटॉमी, बायोकेमिस्ट्री, फार्माकोलॉजी, फिजियोलॉजी और कम्युनिटी मेडिसिन जैसे विभिन्न विभागों के संकाय उपस्थित थे, जिन्होंने अपने संकाय विभागों के बारे में बच्चों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की, वहीसहायक प्रोफेसर डॉ अंशुमान, डॉ सुरेंद्र, डॉ प्रतिभा, डॉ सबाहत, डॉ स्वाति, डॉ अभिषेक और डॉ पायल ने भी बच्चों को विभाग और विषयों के बारे में बताया।

# पालिका प्रशासन से जवाब न मिलने पर ए.के. कान्स्ट्रेक्शन पहुंचा उच्च न्यायालय

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर/तिलहर।** नगर पालिका परिषद द्वारा टेंडर प्रक्रिया से जबरन बाहर निकाले गए ए0 के0 कान्स्ट्रेक्शन अब उच्चन्यायालय की शरण में पहुंचने को मजबूर हो गयी। ए0 के0 कंस्ट्रक्शन का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिक खान ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया।

विगत महीनो पूर्व बिना कारण बताएं एक-एक कंट्रक्शन को नगर पालिका परिषद द्वारा ब्लैक लिस्ट करते हुए टेंडर प्रक्रिया से जबरन बाहर कर दिया गया। इसके संबंध में ए0 के0 कंट्रक्शन का प्रतिनिधित्व कर रहे अदीब खान द्वारा मौखिक तौर पर ही नहीं बल्कि अनेकों बार लिखित प्रार्थना पत्रों के माध्यम से कारण जानने का प्रयास किया गया परंतु नगर पालिका प्रशासन द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया।

ए0 के0 कंट्रक्शन का प्रतिनिधित्व कर रहे अदीब खान ने मीडिया को बताया, नगर पालिका प्रशासन में बिना कारण बताएं मेरा टेंडर ही कैंसिल नहीं किया बल्कि मेरे द्वारा कराए गए कार्यों की, मेरी लाखों की पेमेंट भी रोक ली और बिना कारण बताएं मेरी फर्म को ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। इस संबंध में मैंने अधिशासी अधिकारी से कई बार मौखिक तौर पर ही नहीं बल्कि पत्राचार के माध्यम से भी जानने का प्रयास किया परंतु मुझे कोई भी जवाब नहीं दिया गया। एक ओर तो नगर पालिका प्रशासन ने मेरा पिछ्ला लाखों रुपया रोक रखा है और दूसरी ओर मेरी फॉर्म को बिना कारण बताएं ब्लैक लिस्ट में डाल दिया मैं परेशान हो गया मजबूरीवश मुझे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। इस मामले में माननीय उच्च न्यायालय जो भी फैसला करेगा मुझे मान्य होगा लेकिन साथ ही मुझे आशा है की फैसला मेरे हक में होगा यदि मैं सही हूं।

इस मामले की जानकारी लेने के लिए जब अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा को संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं उठा। लेकिन पालिका चेयरमैन हाजरा बेगम ने कहा कि इसमें कोई एसी बात नहीं है। न्यायालय सभी के लिए है और न्यायालय का दरवाजा कोई भी खटखटा सकता है। उनका भी अधिकार है न्यायालय जाना। न्यायालय जो भी तय करेगा वही सर्वमान्य होगा।

# सखी वन स्टाप सेन्टर निजाम पट्टी का निरीक्षण

■ वन स्टाप सेन्टर में समस्त अभिलेखों के अद्यतन न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /उपजिलाधिकारी लम्भुआ गामिनी सिंगला, प्रशिक्षु आई.ए.एस. रिदम आनन्द, उपायुक्त उद्योग नेहा सिंह की संयुक्त जांच टीम द्वारा सखी वन स्टाप सेंटर, निजाम पट्टी पॉचोपीरन, सुलतानपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका, परामर्श कक्ष, पुलिस रिपोर्टिंग चौकी, आश्रय कक्ष, केंद्र प्रशासक/कार्यालय कक्ष, चिकित्सकीय सहायता कक्ष, रसोई, टॉयलेट की साफ-सफाई आदि का औचक निरीक्षण किया गया।

ज्ञात हो कि वन स्टाप सेन्टर शासन द्वारा संचालित हिंसा से प्रभावित महिलाओं को एक ही स्थान पर विभिन्न प्रकार की सहायता जैसे- आश्रय, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, चिकित्सा सहायता और परामर्श इत्यादि प्रदान करना है। डीएम के निर्देश पर उक्त उपलब्ध सभी सेवाओं का भौतिक सत्यापन व गुणवत्ता को परखने हेतु संयुक्त टीम द्वारा औचक जांच की गई, जो निम्नलिखित है। वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर के कक्ष का निरीक्षण किया गया, जिनके कक्ष में उपलब्ध रजिस्टर जैसे- कर्मचारियों की उपस्थिति, ड्यूटी का रोस्टर, स्टॉक, कार्य विभाजन आदि अद्यतन नहीं पाया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी द्वारा वन स्टाप सेन्टर की मैनेजर सीता सिंह से रजिस्टर अद्यतन न होने के बारे में जानकारी प्राप्त की, तो उनके द्वारा कोई जवाब न देने पर कड़ी फटकार लगाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

संयुक्त जॉच टीम द्वारा रसोई कक्ष के निरीक्षण दौरान बने भोजन का अवलोकन किया गया, जिसकी गुणवत्ता सही नहीं पायी गयी। राशन का स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। जॉच टीम द्वारा रसोई कक्ष की साफ-सफाई न होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए साफ-सफाई कराने निर्देश दिये।

वन स्टाप सेन्टर में कुल तैनात 8 कर्मचारियों में 7 उपस्थित पाये गये, 01 मेडिकल पर होना बताया गया, जिनकी मेडिकल रिपोर्ट मौके पर उपलब्ध नहीं पायी गयी। संयुक्त जांच टीम द्वारा आश्रय कक्ष के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई न होने पर नाराजगी जाहिर की गई। मौके पर आश्रय कक्ष में कोई भी उपस्थित नहीं था। 2 महिलाएं आश्रय कक्ष में रह रहीं हैं, जिनमें से एक को मेडिकल के लिए जिला चिकित्सालय भेजा जाना तथा दूसरे को बयान दर्ज कराने के लिये न्यायालय ले जाना बताया गया। संयुक्त जॉच टीम द्वारा समस्त अभिलेखों के बारे में सेन्टर मैनेजर, कांउसलर व उपस्थित समस्त कार्मिको से पूछ-ताछ कर आवश्यक दिशा निर्देश सम्बन्धित को दिये। संयुक्त जॉच टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर में साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं पर असंतोष व्यक्त करते हुये उसे सही कराने के निर्देश दिये गये।

## महाराणा प्रताप की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई

**टूंडला।** आनंदपुर में महाप्रतापी वीर योद्धा महाराणा प्रताप की जन्म जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान सभी लोगों द्वारा महाराणा प्रताप जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और महाराणा प्रताप जी अमर रहें के उदघोषों से उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके उपरान्त एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया।जिसमें अनेकों वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के जीवन पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप राष्ट्र व हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति के सच्चे हितैषी थे। उन्होंने अनेकों बार मुगलों को युद्ध में पराजित किया था महाराणा प्रताप जी बहुत साहसी ,और निर्भीक योद्धा थे। करणी सेना में प्रदेश संयोजक नीरज सिंह चौहान ने कहा कि मुगल आक्रांत अकबर भी महाराणा प्रताप से डरता था उसको भी कई बार भागना पड़ा था।

# राधा रानी नामक फर्जी अस्पताल में इलाज के दौरान प्रसूता की मौत

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर/तिलहर।** चिकित्सा विभाग द्वारा दो माह पूर्व सील किए जाने के बाद राजनीति संरक्षण में राधा रानी नामक फर्जी अस्पताल मरीज को अपने यहां बुलाकर डिलीवरी करता रहा लेकिन चिकित्सा विभाग कुंभकरणी नींद में सोता रहा। सामुदायिक चिकित्सा केंद्र से लगभग सौ कदम की दूरी पर अवैध रूप से चल रहे इस अस्पताल में आज एक महिला की ईलाज के दौरान मौत हो गई। जच्चा महिला की मौत की खबर सुनकर परिवार सहित दर्जनों गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद चिकित्सा अधिकारी डॉ रवींद्र ने पहुंचकर उसे पूरे परिसर को दोबारा सील किया इस बीच पुलिस फोर्स की पहुंच गई और काफी

**राधा रानी स्टॉप फरार**

कार्रवाई करने में जुड़ गई।

चर्चा है कि तिलहर क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर की प्रीति नामक रोजी महिला को राधा रानी के यहां लाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई और फिर बिना कोई खबर लगे राधा रानी उक्त महिला को उसी अवस्था में रोहिलखंड छोड़ आई। राधा रानी नामक उक्त फर्जी अस्पताल को लगभग दो महापूर्व चिकित्सा विभाग के निर्देश पर सील कर दिया गया था परंतु उसके अगले तीन-चार दिन बाद ही उसकी सील तोड़कर उसमें चोरी छुपे अबॉर्शन कार्य लगातार किया जा रहा था।

बताया जा रहा है 4 महीने का बच्चा खराब हो गया था इसके बारे में पता लगता ही राधा रानी का स्टाफ उस मरीज को जबरन अपने यहां लाया और फर्जी अस्पताल स्वामी ने जच्चा को सकुशल रखने की गारंटी लेते हुए 35 हजार रुपए तय किए थे लेकिन जब तक इस फर्जी अस्पताल के कारनामों का पता चलता तब तक जच्चा की मौत हो चुकी थी। जच्चा की मौत से घबराया राधा रानी स्टॉप जच्चा को लेकर रोहिलखंड गया और वहीं छोड़कर फरार हो गया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर ओमेंद्र राठौर ने इस प्रकरण में एक सवाल के जवाब में कहा कि यह पूरी तरह मर्डर है। हां दो महा पूर्व इसे सील किया गया था और यह अस्पताल नहीं है। इसने एक एफिडेविट भी दिया था कि अब हम यहां कोई काम नहीं करेंगे। मर्डर की एफआईआर दर्ज होने के साथ ही इस पर विभागीय कार्रवाई भी शक्ति के साथ की जाएगी।

## भक्सी तिराहा स्थित हाईवे पर स्पीड ब्रेकर मांग की

**शाहजहांपुर/तिलहर।** नगर के पूर्वी भक्सी तिराहा पर आए दिन होती दुर्घटना में कई लोगों की अभी तक जान जा चुकी है। इस संबंध में आज नगर पालिका के सभासदों एवं बिजली के कर्मचारियों द्वारा एस डी एम को एक ज्ञापन देकर तत्काल स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग की है, जिससे तिराहे पर होने वाली दुर्घटनाओं में अंकुश लगाया जा सके।

शुक्रवार को यहां पर मां, बेटी की दुर्घटना में मौत हो चुकी है। बिजली विभाग के प्रवेंद्र यादव ने अपने साथी कर्मचारियों के साथ उपजिलाधिकारी को बताया कि हम लोग रात की सेवा देते है तो है लोगों को पावर हाउस जाने में दिक्कत होती है। हाल में ही पावर हाउस के सामने एक कर्मचारी अपनी जान गंवा चुका है, इसलिए यहा स्पीड ब्रेकर बनाना अति आवश्यक है। इस दौरान सभासद संदीप रस्तोगी, दिलीप सक्सेना, अमित राजपूत, अभिषेक सिंह, अब्दुल सादिक, रेशनवती एवं हितेश गुप्ता रिंकू आदि मौजूद रहे।

## भारतीय सेना के सम्मान में आज निकलेगी शोभायात्रा

**फिरोजाबाद।** नगर सीडीओ की सूचनानुसार भारतीय सेना के सम्मान में व उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा आज 11 मई 2025 को नगर के स्टेशन रोड तिराहा से जैन मन्दिर तक निकाली जाएगी। जिसमें सभी अधिकारी व कर्मचारी झण्डा व पट्टिका साथ लेकर चलेंगे। भारतीय सेना के सम्मान में आज 11-5-25 को प्रातः 8:00 बजे एक तिरंगा यात्रा 'स्टेशन रोड तिराहा से जैन मंदिर तिराहा तक 'फ़िरोज़ाबाद शहर में निकाला जाएगा। सभी अधिकारी और कार्मिक, भारतीय झंडा/कैप/पट्टिका के साथ भारतीय सेना के मनोबल को बढ़ाने और उसके सम्मान में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस बल ने किया संदिग्ध स्थानों पर चैकिंग



**फिरोजाबाद।** जनपद के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, शापिंग मॉल,भीड़-भाड वाले इलाकों एवं संदिग्ध स्थानों पर भारी मात्रा में पुलिस बल द्वारा भ्रमणशील रहकर चैकिंग की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पुलिस टीम द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब आदि) पर भी 24'7 घंटे सतर्क निगरानी नज़र रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की गलत तरीके की अफ़्वाह, भ्रामक ऑडियो/वीडियो शेयर व पोस्ट करने पर की जाएगी कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में चाक-चौबंद कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर अपर पुलिस अधीक्षक नगर/ग्रामीण के पर्यवेक्षण में समस्त क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस एवं एएस चैक टीम द्वारा मुख्य चौराहों, बाजारों, भीडभाड़ वाले स्थानों पर भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों को चैक किया जा रहा है। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में चाक-चौबंद कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है।

## दुष्कर्म आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में जसराना पुलिस ने टीम के साथ मिलकर एक युवक जिसने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर फ़रार हो गया। सूचना पर दुष्कर्म आरोपी को एलआर तिराहे से करीब 50 मीटर पूर्व गिरफ्तार किया है। जिसने अपना नाम 32 वर्षीय विक्रम सिंह पुत्र सत्यप्रकाश निवासी नगला कलू थाना जसराना बताया है। अभियुक्त के विरूद्ध थाने में मु0अ0सं0 0017/2025 धारा 333/69/324 (4)/351(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी अनिरीक्षक शेर सिंह, व0उ0नि0 मुनेश कुमार, प्र0उ0नि0 पुष्पेन्दऊ सिंह थाना जसराना फीरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## पारिवारिक विवादों को सुलझाने के दिए सुझाव



**फिरोजाबाद।** ऑपरेशन जागृति अभियान फेस-04 के तहत थाना मक्खनपुर पर परिवार परामर्श केन्द्र में सुझाव दिए। अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन जागृति फेस-04 के अन्तर्गत पारिवारिक विवादों को सुलझाने एवं उनके विधिक निस्तारण के लिए जनपद फिरोजाबाद के सर्किल शिकोहाबाद में थाना मक्खनपुर पर परिवार परामर्श केंद्र का उद्घाटन 09-05-2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद द्वारा किया गया। पुलिस परामर्श केन्द्र में प्रत्येक रविवार को पारिवारिक मामलों की समस्याओं को सुनकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण विधिक रूप से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक मक्खनपुर व अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय निःशुल्क रोज़गार मेला 14 मई को

**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वाधान में दिनांक 14-05-2025 को प्रातः 10:00 बजे से खण्ड विकास कार्यालय, एका, जनपद फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फेटो/आई0डी0 व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।

**उत्तर रेलवे**

ई–ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 30.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-513-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 29.04.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.05.2025 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-AYC-OH-553-25-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.05.2025 समय10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.05.2025 समय10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-AYC-OSN-554-25-1 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 22.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 22.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-LKO-OH-512-24-2 (Advertising -Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 06.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.05.2025 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-GNG-RCR-26-24-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 23.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 23.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-JNH-RCR-32-24-1(Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 07.05.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.05.2025 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.05.2025 समय 12:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

1394/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बच्चों ने ट्यूनिंग एंड पेयरिंग प्रोग्राम के तहत सेविन हिल्स कॉलेज का किया भ्रमण

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों का निजी विद्यालयों के क्रम में ट्यूनिंग एंड पेयरिंग प्रोग्राम के तहत पी.एम.श्री. कंपोजिट विद्यालय धर्मपुरा के कक्षा 6 से 8 तक जूनियर स्तर के लगभग 52 बच्चों ने अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक राजपूत के मार्गदर्शन में शनिवार को सेवन हिल्स इंटर कॉलेज का भ्रमण किया। ट्यूनिंग एंड पेयरिंग प्रोग्राम के तहत सरकारी कंपोजिट स्कूल के बच्चों ने योग, खेलों की जानकारी तथा आर्ट एवं क्राफ्ट के बारे में तकनीक, नृत्य कला के नवीन ढंग, संगीत की कलाएं तथा तकनीकी को समझने के साथ साथ कंप्यूटर लैब, विद्यालय की लाइब्रेरी, भौतिक एवं रसायन विज्ञान तथा जीव विज्ञान की सभी प्रयोगशालाओं में भ्रमण के पश्चात मल्टीपरपज हॉल में डॉक्यूमेंट्री फिल्म के प्रदर्शन का अवलोकन किया। इसके उपरांत इन बच्चों ने विद्यालय में वृक्षारोपण का कार्य भी किया। इस अवसर पर सेवन हिल्स इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सौरभ दुबे ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि दिनोंदिन प्रगतिशील होती और नवीन तकनीकियों से जुड़ती जा रही दुनिया के प्रति नई पीढ़ी के बच्चों को जागरूक करने के लिए भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति लाकर बहुत ही सराहनीय कार्य किया है और उसी क्रम में सरकारी स्कूलों के बच्चों का निजी स्कूलों की शैक्षिक व्यवस्था से तारतम्य बैठाने का जो यह प्रोग्राम चलाया गया है, वह विद्यार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा, ऐसा मेरा विश्वास है। इसके बाद उन्होंने सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए उनको नवीन तकनीक के बारे में भी समझाया। अंत में जिन छात्र-छात्राओं ने प्रधानाचार्य द्वारा पूछे गए तार्किक प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए, उन्हें मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन शिव किशोर दुबे एडवोकेट तथा ट्रस्टी सुनील कुमार राजपूत ने भी सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का आशीष दिया।

## अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा किया गया थाना बिवांर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**हमीरपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना बिवांर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम,थाने के कार्यालय, लॉकअप,अपराध रजिस्टर व महिला हेल्पडेस्क,साइबर हेल्प डेस्क व सीसीटीएनएस कक्ष,विवेचना कक्ष, ई-मालखाना, मैस एवं थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया,अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना बिवांर तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता व पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना बिवांर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# मातृ दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में हुआ क्रिकेट मैच

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** छात्रों के लिए अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अनुशासन को अपनाना आवश्यक है, जो अंततःसमग्र विकास और सफलता की ओर ले जाता है। कर्वाखेड़ा स्थित ज्ञानस्थली आवासीय विद्यालय में मातृदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की माताओं को आमंत्रित किया गया। जिनके सानिध्य में कई प्रकार के खेलकूद सम्पन्न कराए गये। तथा किण्डरगार्टन परिसर में मूवी-डे नन्हें बच्चों ने बड़ी धूमधाम से मनाया। विद्यालय की प्रातःवंदना के पश्चात् विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष(वाइस चेयरमैन)विनीत यादव व विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुल तिवारी ने माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर पुष्पहार किया तथा सभी के लिए सद्बुद्धि की प्रार्थना की। उपाध्यक्ष विनीत यादव ने छात्रों को मातृदिवस की ढेर सारी बधाइयाँ दी। उन्होंने मातृदिवस के इस शुभ अवसर पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा-कि आज का दिन हमारे जीवन में एक बहुत विशेष दिन है, जिसे हम मातृ दिवस या मदर्स डे के रूप में मनाते हैं। यह दिन उन सभी माताओं को समर्पित दिन है, जिन्होंने हमें इस दुनिया में लाने, हमें पालने, सिखाने और एक अच्छा इंसान बनाने में अपनी पूरी जिंदगी लगा दी। मातृत्व कोई साधारण शब्द नहीं है;यह तो एक संपूर्ण भावना है-त्याग, ममता, प्रेम, धैर्य और सहनशीलता की पराकाष्ठा है। इसी हर्ष के साथ उन्होंने विद्यालय के आवसीय छात्रों व डे-स्कॉलर के मध्य एक क्रिकेट मैच का आयोजन कराया गया। जिसमें डे-स्कॉलर की टीम विजयी रही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन के मुख्य सदस्य शिवमंगल सर तथा खेल विभाग प्रमुख वासिफ खान सर तथा वित्त विभाग प्रमुख नीरज त्रिपाठी सर व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

## थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं का हुआ निस्तारण



**मौदहा हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर के थाना बिवांर में आज थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। शेष शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए।जमीनी विवादों के निपटारे के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शीघ्र निस्तारण करने के आदेश दिए गए। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी मौदहा, प्रभारी निरीक्षक थाना बिवांर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# इटावा के सपूत बलिदानी सैनिक सूरज सिंह पंचतत्व में हुए विलीन



अवधनामा ब्यूरो

**राजकीय सम्मान के साथ पुष्प चक्र भेंटकर दी गई सलामी**

**इटावा।** जम्मू-कश्मीर सेक्टर में शहीद हुए हवलदार सूरज सिंह यादव का पार्थिव शरीर सेना की एंबुलेंस से इटावा लाया गया है। शुक्रवार की सुबह पार्थिव शरीर को सम्मानपूर्वक उनके पैतृक गाँव प्रेम का पुरा, चकरनगर स्थित उनके आवास पर ले जाया गया। जहां उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रशासन सेना के अधिकारी, भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। शहीद सूरज सिंह के पिता वीर सिंह यादव आदि परिवारीजनों को सेना के जवान ने सांत्वना दी। राजकीय सम्मान के साथ बलिदानी सैनिक सूरज सिंह की अंत्येष्टि हुई। राजकीय सम्मान के साथ पुष्प चक्र भेंटकर सलामी दी गई। भरथना विधायक राघवेंद्र गौतम, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर हयात उल्लाह, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह, एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया, तहसीलदार विष्णु दत्त मिश्र, सीओ नागेंद्र चौबे, रिटायर्ड कैप्टन महावीर सिंह यादव, सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप बबलू शाक्य, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल यादव, उदयभान सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख महिपाल यादव, बृजेंद्र यादव, लंकू यादवआदि ने पुष्प चक्र भेंट कर सलामी दी। 10 वर्षीय पुत्र अज्जू ने पिता को मुखाग्नि दी। भूतपूर्व सैनिक संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ महामंत्री हरपाल सिंह, महामंत्री शैलेंद्र सिंह, जिला मंत्री सर्वेश सिंह, कोषाध्यक्ष नारायण सिंह, सदस्य भूपेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, बृजेश चौहान, मीडिया प्रभारी भगवानदास शर्मा प्रशांत आदि काफी संख्या में लोगों ने बलिदानी सैनिक सूरज सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

## किड्स क्रिकेट टूर्नामेंट का किया गया शानदार समापन

**सोनभद्र।** एनटीपीसी विंध्याचल प्रीमियर लीग 2025 (VPL-2025) ने अपनी शानदार और रोमांचक यात्रा को तीन सप्ताह के खेल के बाद एक भव्य समापन के साथ समाप्त किया। 9 टीमों और 170 से अधिक प्रतिभागियों के बीच खेले गए इस टूर्नामेंट ने सभी को उत्साहित किया, जहां खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन और सामूहिक सहयोग दिखाया। इस बार, प्रतियोगिता में टीमों का गठन एक रोमांचक प्रक्रिया के माध्यम से हुआ, जिससे प्रतिस्पर्धा में एक नया रोमांच लेकर आया। राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेलते हुए, चार शीर्ष टीमों ने नॉकआउट चरण में प्रवेश किया, जिसके बाद फाइनल में स्टॉर्म राइडर्स और ग्रीन टाइटन्स के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। ग्रीन टाइटन्स ने 76 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की और विंध्याचल प्रीमियर लीग -2025 की ट्रॉफी अपने नाम की। समापन समारोह में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें ई सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) व स्पोर्ट्स काउंसिल के अध्यक्ष, ए जे राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेन्स और एडीएम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) शामिल थे। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहित किया।

# माउण्ट लिट्रा ज़ी स्कूल इटावा में पीएम कॉम्पोजिट विद्यालय के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण

अवधनामा ब्यूरो

**बच्चों ने एक-दूसरे से शैक्षणिक अनुभव साझा किए**



**इटावा।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में शनिवार को पीएम कॉम्पोजिट विद्यालय कृपालपुर, बसरेहर के 50 छात्र-छात्राओं एवं 9 शिक्षकों ने शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यालय आगमन पर सभी छात्रों और शिक्षकों का माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया। भ्रमण के दौरान दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच आपसी संवाद हुआ, जिसमें उन्होंने एक-दूसरे से शैक्षणिक अनुभव साझा किए। सभी बच्चों ने विद्यालय की आधुनिक सुविधाओं अटल टिंकरिंग लैब, विज्ञान-प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय और खेल विभाग का निरीक्षण एवं अनुभव किया। छात्रों ने इन प्रयोगशालाओं के माध्यम से विभिन्न अवधारणाओं को जाना और माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के विद्यार्थियों के साथ मिलकर उन्हें व्यावहारिक रुप से समझने का अवसर प्राप्त किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक दाता राम प्रजापति एवं विजिट प्रभारी अर्चना चौधरी ने इस शैक्षिक भ्रमण के लिए माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार की यात्राएं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और कौशल विकास के लिए लाभकारी होती हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने कहा कि ऐसे शैक्षिक आदान-प्रदान छात्रों में नवाचार और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। विद्यालय सदैव ऐसे अवसरों के लिए तत्पर है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया थाना राठ का वार्षिक निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर ने आज थाना राठ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत गारद सलामी के साथ हुई, जिसके बाद थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई-मालखाना और सीसीटीवी कैमरों का गहन निरीक्षण किया गया। अभिलेखों की जांच कर उन्हें समय पर अद्यतन करने के निर्देश दिए गए।

थाना परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक थाना राठ और अन्य पुलिस कर्मियों को जनता व पीड़ितों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान करने की हिदायत दी।इस दौरान नवनिर्मित पुलिस मेस का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। साथ ही ग्राम प्रहरियों (चौकीदारों) को सम्मानित करते हुए उनसे थाना क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने ग्राम प्रहरियों को ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, भूमि विवाद व रंजिश के मामलों में सतर्कता बरतने और किसी भी घटना से पहले पुलिस को सूचित करने के लिए प्रेरित किया।निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी राठ, प्रभारी निरीक्षक थाना राठ और अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।यह निरीक्षण थाना राठ की कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह सोनभद्र का जिलाधिकारी ने किये औचक निरीक्षण



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने चौधरी चरण सिंह निरीक्षण गृह का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि निरीक्षण गृह के मरम्मत का कार्य योजना बनाकर बेहतर ढंग से सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही गृह को जाने वाली सड़क का भी मरम्मत का कार्य किया जाये, रंगाई-पोताई, साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर की जाए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये और मरम्मत का कार्य शीघ् प्रारम्भ किया जाये, इस दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई गृह द्वारा बताया गया कि इस निरीक्षण भवन का निर्माण वर्ष-1916 में कराया गया था और इसका नामकरण चौधरी चरण सिंह के नाम पर 2005 में किया गया था, निरीक्षण गृह व सड़क का मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। इस मौके पर अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग मुशरत मिया, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य कार्मिकगण उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2025 के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का किया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर/अवधनामा संवाददाता।** समुदाय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, एनटीपीसी विन्ध्याचल ने बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2025 के लिए बेसलाइन सर्वेक्षण का आयोजन किया, जो कि 18 मई से शुरू होने जा रहा है। इस मिशन में सिंगरौली जिले के 20 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाएं भाग लेंगी। तैयारी के क्रम में, 10 मई 2025 को क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में 45 प्रतिभागी बालिकाओं का बेसलाइन सर्वेक्षण आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य उनकी वर्तमान शैक्षणिक स्थिति का आकलन करना था ताकि प्रशिक्षण अधिक केंद्रित और प्रभावशाली हो सके। इस कार्यक्रम में प्रणव वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन), निखिल जायसवाल, कार्यपालक (सीएसआर) तथा एम/एस हीरो माइंडमाइन इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड, जो इस मिशन की कार्यान्वयन एजेंसी है, के प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रतिभागी बालिकाओं और उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। यह पहल एनटीपीसी विन्ध्याचल के समग्र बालिका सशक्तिकरण एवं शिक्षा के प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाती है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश थी रवीन्द्र विक्रम सिंह, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनभद्र द्वारा आज को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ जनपद न्यायालय, मोनभद के परिसर में माननीय जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा किया गया। इस अवसर पर बी.एन. सिंह, जिलाधिकारी भी उपस्थित रहे। इसके अलावा थी राजेन्द्र सिंह, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, अशोक कुमार, पीठामीन अधिकारी एम.ए.मी.टी. कोर्ट, जनपद मोनभद्र, अमित बीर सिंह विशेष न्यायाधीश (पाक्सो), जीतेन्द्र कुमार द्विवेदी प्रथम अपर जनपद न्यायाधीन मोनभद्र, आबिद शमीम, विशेष न्यायाधीश (एम.मी.एम.टी.), .अर्चना रानी अपर जनपद न्यायाधीश एफ.टी.सी. सी.ए.डब्लू, आलोक यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अन्य समस्त न्यायिक अधिकारी तथा थी अरून कुमार मिचा अध्यक्ष, सोनभद्र बार एसोसिएशन, जगजीवन सिंह अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन उपस्थित रहें। राष्ट्रीय लोक अदालत में विशिष्ट विषय आपराधिक शमनीय बाद बारा-138 एन आई एक्ट के बाद, बैंक वसूली बाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वादों, बम बादों, भूमि अधिग्रहण वादों, विद्युत एवं जल बिल (एक्सक्लूटिंग नों-कंपाउंडेबल), सर्विस में वेतन एवं भत्तों में सम्बन्धित एवं मेवानिवृतिक परिलाभों से सम्बन्धित बिवाद, राजस्व बाद (केवल माननीय उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालयों में लम्बित बाद), अन्य मिविल वादों (किराया, सुखाविकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) से सम्बन्धित मामलों के माथ माथ मुलह योग्य प्री-लिटिगेपन मामलों को भी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजेन्द्र सिंह, माननीय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय मोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 13, अशोक कुमार, एम.ए.सी.टी. कोर्ट, जनपद, सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 6 धनराशि 4874000, नरेन्द्र बहादुर प्रसाद, माननीय स्थायी लोक अदालत, सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 14 धनराणि 866300, जीतेन्द्र कुमार द्विवेदी द्वारा मामलें निस्तारित 59 धनराशि 3496228, बी आबिद शमीम विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी), मोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 07. .अर्चना रानी अपर जनपद न्यायाधीश/एफटीसी/सीएडब्लू, सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 01, आलोक यादव मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 2005 धनराशि 8517000, अमिन कुमार, सिविल जज मी. डि., सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 80 धनराशि 3041408, थी राहुल, मिविलि भज मी. हि. एफ.टी.मी.,सोनभद्र द्वारा मामलें निस्तारित 207 धनराशि 322110, यादवेन्द्र सिंह, मिविल जज जू. डि.. सोनभद्र द्वारा मामले निम्नारित 99 धनराशि 750, सुशिवानी सिंह सिविल जज जु. दि. दुद्धी, सोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 154 धनराशि 2510. धीरेन्द्र कुमार सोनकर अपर सिविल जज जू.डि. एफटीनी 14वाँ वित्त आयोग मोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 22 धनराशि 400, मुरलीधर सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम मोनभद्र द्वारा मामलें निस्तारित 07 धनराशि 3200, यमुना शंकर पाण्डेय विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय, मोनभद्र द्वारा मामले निस्तारित 10 धनराशि 6850 इस प्रकार कुल 2684 मामलों का निस्तारण उपरोक्त न्यायालयों द्वारा किया गया जिसकी जुर्माना एवं समाधान धनराशि 133465956 रूपये रही। इस प्रकार राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी जनपद न्यायालय, राजस्व न्यायालय एवं अन्य न्यायालय एवं अन्य विभागों में लम्बित बाद एवं प्री-लिटिगेशन वाद के कुल-75476 मामलों का निस्तारण किया गया जिसकी जुर्माना एवं समाधान धनराशि 342358080 रूपये हुए। राष्ट्रीय लोक अदलात के अनुक्रम में ही आयोजित विशेष लोक अदालत दिनांक 26 अप्रैल 2025 को विद्युत अधिनियम, 2003 के अन्तर्गत लम्बित/प्री-लिटिगेशन शमनीय दाण्डिक कुल मामले 29 निस्तारित एवं समझौता धनराशि 1348921/- तथा लघु अपराध (Petty Offences) के कुल 89 मामलें निस्तारित किये गये।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में हमीरपुर में 13,642 वादों का निस्तारण, 5.67 करोड़ की राशि पर सुलह

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वाधान में दिवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार राय के निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान प्रधान जज /परिवार न्यायालय ज्ञान प्रकाश सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के अरुण कुमार मल्ल, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित, प्रैक्टिस एंड प्रोसेसिंग बार के अध्यक्ष मनीराम वर्मा, प्रथम अपर जिला जज प्रलाद सिंह-II, स्थाई लोक अदालत के प्रमोद कुमार-II, विशेष जज (आ.व.अ.) व लोक अदालत के नोडल अधिकारी अनिल कुमार खरवार, विशेष जज (एससी/एसटी एक्ट) उदय वीर सिंह, विशेष जज (द.प्र.क्ष.) रनवीर सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह-II, सिविल जज (सी.डि.) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेंद्र कुमार पांडेय, सिविल जज (सी.डि.) /एफटीसी वंदना अग्रवाल, सिविल जज (जू.डि.)/एफटीसी शैली शरण सहित अन्य मौजूद रहे।लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर कुल 13,642 वादों का निस्तारण हुआ। विभिन्न न्यायालयों द्वारा 3,192 वाद निस्तारित किए गए, जिनमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 1,366, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राठ द्वारा 754, सिविल जज (जू.डि.) मौदहा बृजेश कुमार पटेल द्वारा 372, सिविल जज (जू.डि.) राठ पंकज कुमार कुशवाहा द्वारा 182 वाद शामिल हैं। राजस्व विभाग द्वारा 10,085 और बैंकों द्वारा 17,562 में से 365 वादों का निस्तारण हुआ। इस दौरान बैंकों और राजस्व विभाग द्वारा सुलह-समझौते से 4,71, 08,279 रुपये की राशि प्राप्त हुई, जबकि न्यायालयों द्वारा निस्तारित वादों में 96,59,506 रुपये की राशि समझौते के रूप में प्राप्त हुई। कुल मिलाकर 5,67,67,785 रुपये की राशि पर सुलह हुई।

# अंबेडकर प्रतिमा को नुकसान की कोशिश और डीजे विवाद से तनाव

अवधनामा संवाददाता

**महाराणा प्रताप जयंती जुलूस हिंसा**

**पुलिस ने 9 के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**



**मौदहा हमीरपुर।** जिले के मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही गांव में 9 मई 2025 को महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प ने इलाके में तनाव का माहौल पैदा कर दिया। जुलूस के दौरान डीजे की धुन को लेकर शुरू हुआ विवाद पथराव और मारपीट में बदल गया। इस दौरान एक पक्ष द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास किया गया, जिससे दलित समुदाय में भारी आक्रोश फैल गया। दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था।

**घटना का विवरण:** पुलिस सूत्रों के अनुसार, ग्राम चांदी कला, थाना सिसोलर निवासी सार्थक सिंह उर्फ शनि पुत्र विनोद सिंह के नेतृत्व में करीब 15-20 लोगों ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर चांदी कला से जुलूस निकाला था। यह जुलूस ग्राम टिकरी होते हुए सिजवाही पहुंचा। जुलूस में डीजे पर गाना बजाए जाने का कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध किया। जुलूस में शामिल लोगों ने जवाब दिया कि वे कहीं भी गाना बजा सकते हैं। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों से पथराव हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तुरंत अस्पताल भेजा गया।घटना के दौरान, कुछ उपद्रवियों द्वारा अंबेडकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया, जिसका स्थानीय लोगों ने कड़ा विरोध किया। इस घटना ने स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया।

**पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई:** घटना की सूचना मिलते ही मौदहा थाना पुलिस, उपजिलाधिकारी , क्षेत्राधिकारी , और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था । मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट और अपर पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया था पुलिस ने तत्काल हस्तक्षेप कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया था और अतिरिक्त बल तैनात कर शांति व्यवस्था कायम की।आज, 10 मई 2025 को, पुलिस ने सिजवाही निवासी मातादीन पुत्र मांगी की तहरीर के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 161/2025 दर्ज किया है। मुकदमा सार्थक सिंह उर्फ शनि, सौरभ सिंह, रामू, रामजी, राहुल सिंह, रवि, विकास, भूरा, कुन्नू, और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धारा 191(2), 115(2), 324(4), 352, 125 बीएनएस व 3(2), 3(1)द/ध SC/ST एक्ट के तहत पंजीकृत किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है, और प्रकरण में विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

**दलित समुदाय का आक्रोश:** अंबेडकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश ने दलित समुदाय को गहरे आघात पहुंचाया है। समुदाय के नेताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ तत्काल और कठोर कार्रवाई की मांग की है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, बाबा साहब की प्रतिमा हमारी आस्था और सम्मान का प्रतीक है। इसे निशाना बनाना हमारे समुदाय के खिलाफ अपमान है। हम चाहते हैं कि दोषियों को जल्द सजा मिले।

**प्रशासन की अपील:** जिला प्रशासन ने इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर शांति बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी घटना के कारणों और इसमें शामिल लोगों की पहचान के लिए गहन जांच कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही, यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी तरह की भड़काऊ बयानबाजी या गैरकानूनी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं

## योगी बोले- शिक्षक छात्रों में पैदा करें 'राष्ट्र प्रथम' की भावना

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि शिक्षकों को छात्रों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना भी पैदा करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिले। सीएमएस में शिक्षक आभार समारोह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, ''हर नागरिक का लक्ष्य राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। यह केवल देश के नेतृत्व, सुरक्षा बलों या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है।

उन्होंने कहा, शिक्षकों के लिए यह जरूरी है कि वे राष्ट्र प्रथम की भावना से छात्रों को पढ़ाएं। हर क्षेत्र में नयी पीढ़ी विकसित भारत की नींव बनेगी। आदित्यनाथ ने कहा, ''शिक्षा केवल अच्छे अंकों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे नैतिक मूल्यों और जीवन निर्माण से जोड़ा जाना चाहिए। ऐसा जीवन जो देश के लिए उपयोगी हो, समाज के लिए प्रेरणादायी हो। जब हम शिक्षा को राष्ट्रीय मूल्यों से जोड़ेंगे तभी एक विकसित भारत की नींव रखी जा सकेगी, जहां हर नागरिक सुरक्षित, समृद्ध और आत्मनिर्भर हो।''

छात्रों द्वारा प्रस्तुत 'आदि योगी' नाटक की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बच्चों को इतिहास, परंपरा और मूल्यों से जोड़ती हैं। इस प्रस्तुति को महाकुंभ की ओर बढ़ रहे भारत के सांस्कृतिक स्वरूप से जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पौराणिक कहानियां केवल मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि जीवन के मूल्यों को सिखाने का माध्यम हैं।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने आईसीएसई बोर्ड में 10वीं-12 वीं की परीक्षा में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले, जेईई मेन में चयनित छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने शिक्षकों को भी सम्मानित किया। बाद में 'एक्स' पर पोस्ट कर उन्होंने कहा, ''सिटी मोंटेसरी स्कूल (सीएमएस) लखनऊ में आज आयोजित 'शिक्षक धन्यवाद समारोह' में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।''

मुख्यमंत्री ने कहा, ''पूर्ण विश्वास है कि शिक्षा को संस्कार, राष्ट्रीयता और भारत की परंपराओं के साथ जोड़ते हुए भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करने हेतु हम सामूहिक रूप से आगे बढ़ेंगे। सीएमएस परिवार को हार्दिक बधाई एवं विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

समारोह में सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पसों के शिक्षकों ने शिक्षात्मक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अनूठी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना एवं वंदेमातरम् की सुमधुर प्रस्तुतियों से हुआ।

## एलडीए की 165 एकड़ भूमि पर बस स्टैंड का निर्माण

लखनऊ। राजधानी में रोडवेज बसों की सुविधा और बेहतर देने के लिए परिवहन निगम पांच बस स्टैंड बनाएगा। यह बस स्टैंड शहर के बाहर क्षेत्र में बनेंगे। निर्माण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 165 एकड़ जमीन आरक्षित करके मास्टर प्लान 2031 में शामिल की है। साथ ही परिवहन निगम को इससे अवगत कराया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पिछले माह बोर्ड बैठक में नये बस स्टैंड बनाने के लिए प्रस्ताव रखा था। इसकी स्वीकृति मिलने पर 165 एकड़ जमीन चिह्नित करके आरक्षित कर दी है। प्राधिकरण ने आरक्षित भूमि को 2031 के मास्टर प्लान में संशोधित करके शामिल कर दी है। इससे आरक्षित जमीन पर कोई अन्य निर्माण नहीं कर पाएगा। हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज सेक्टर-ए में पांच एकड़ जमीन पर बस स्टैंड बनाया जाएगा। इससे यहां के लोगों का रोडवेज का सफर आसान हो जाएगा। बस पकड़ने के लिए शहर की तरफ या दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में लगभग दो लाख से ज्यादा वादों का निस्तारण किया गया

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वावधान में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ बबीता रानी जी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का उदघाटन दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वन्दना से शुरू किया गया। रवीन्द्र कुमार दिवेद्वी द्वारा मंच पर उपस्थित जनपद न्यायाधीश एवं सदस्य सचिव उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, पराविधिक स्वयं सेवक का स्वागत संबोधन किया गया। उसके उपरान्त सदस्य सचिव संजय सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तगण का उत्साह वर्धन किया गया। मीनाक्षी सोनकर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मंच पर उपस्थित अधिकारीगण एवं कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, पराविधिक स्वयं सेवक, पैनल अधिवक्ता का ध्न्यवाद किया गया। कार्यक्रम का संचालन रिचा केसरवानी एवं सीमा सिंह न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात जागरूकता हेतु जनसाहस संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया। शुभारम्भ करते हुए जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत उद्घाटन कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय प्रागंण लखनऊ में विनायक ग्रामोद्योग संस्थान के सहयोग से एक वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश बबीता रानी द्वारा फीता काटकर किया गया। स्वास्थ्य शिविर में निःशुल्क आखों की जांच एवं निःशुल्क चश्में का वितरण किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर का आयोजन एवं नशा उन्मूलन का भी शिविर लगाया गया।

## महिला ट्रैक मैन अब विभाग परिवर्तन कराके बनेगी टेक्निशियन और क्लर्क

लखनऊ। ऑल इण्डिया रेलवे मेंस फ़ेडरेशन और एन ई रेलवे मजदूर यूनियन जो वादा करती है उसे पूरा भी करती है, महामंत्री कामरेड शिव गोपाल मिश्रा ने जो वादा महिला रेल कर्मचारी बहनो से जो वादा किया था उसे पूरा किया। महिला ट्रैक मैन बहने जो विषम परिस्थिति मे काम करती थीं उनकी परेशानी क़ो देखते हुए AIRF / NERMU ने रेलवे बोर्ड पर दबाव बनाकर महिला ट्रैक मैन, महिला लोको पायलट, महिला गार्ड क़ो विभाग क़ो चेंज करने का अवसर दिलाया है और जल्द से जल्द सभी महिला कर्मचारियों क़ो स्पेयर करके उनके चुने विभाग मे विभाग मे भेजने की व्यस्था कराई जाएगी। इस आदेश के बाद महिला कर्मचारियों मे उत्साह बढ़ गया है। इस बात की जानकारी मंडल मिडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम ने दी।इस कार्य के लिये सभी महिला ट्रैक मैन, लोको पायलट, महिला गर्ग कामरेड शिव गोपाल मिश्रा, ने कामरेड के. एल गुप्ता, कामरेड बसंत चतुर्वेदी, कामरेड विनय श्रीवास्तव, कामरेड ओमकार सिंह, कामरेड आर. एन गर्ग का धन्यवाद दिया।

# एलडीए की 165 एकड़ भूमि पर बस स्टैंड का निर्माण



अवधनामा ब्यूरो

■ राजधानी में जाम से राहत दिलाने के लिए तैयार है मास्टर प्लान

लखनऊ। राजधानी में रोडवेज बसों की सुविधा और बेहतर देने के लिए परिवहन निगम पांच बस स्टैंड बनाएगा। यह बस स्टैंड शहर के बाहर क्षेत्र में बनेंगे। निर्माण के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 165 एकड़ जमीन आरक्षित करके मास्टर प्लान 2031 में शामिल की है। साथ ही परिवहन निगम को इससे अवगत कराया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने पिछले माह बोर्ड बैठक में नये बस स्टैंड बनाने के लिए प्रस्ताव रखा था। इसकी स्वीकृति मिलने पर 165 एकड़ जमीन चिह्नित करके आरक्षित कर दी है। प्राधिकरण ने आरक्षित भूमि को 2031 के मास्टर प्लान में भी संशोधित करके शामिल कर दी है। इससे आरक्षित जमीन पर कोई अन्य निर्माण नहीं कर पाएगा। हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज सेक्टर-ए में पांच एकड़ जमीन पर बस स्टैंड बनाया जाएगा। इससे यहां के लोगों का रोडवेज का सफर आसान हो जाएगा। बस पकड़ने के लिए शहर की तरफ या दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। इसी तरह भविष्य में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे समेत अन्य शहर के बाहर स्थानों पर बस स्टैंड बनाए जाएंगे। आरक्षित जमीन किसानों से परिवहन निगम खरीदेगा। इसके दाम 36,250 रुपये प्रति वर्गमीटर रखे गए हैं।

# संविदा मजदूर संगठन ने खत्म की भूख हड़ताल, सेना के सम्मान में लिया फैसला

भारत पाक टेंशन

अवधनामा ब्यूरो




लखनऊ। तीस प्रतिशत संविदा कर्मचारियों की छंटनी और निजीकरण के विरोध में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे विद्युत संविदा मजदूर संगठन के प्रदेश प्रभारी पुनीत राय ने सेना के सम्मान में शुक्रवार को भूख हड़ताल को खत्म करने का ऐलान किया। उन्हें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विमल चंद्र पांडे ने जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराया। मजदूर संगठन प्रभारी ने बताया कि सेना के सम्मान के कारण अनशन को खत्म करने का फैसला लिया गया है, लेकिन मध्यांचल प्रबंधन के मनमाने और अड़ियल रुख के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

उन्होंने आगे कहा कि प्रबंधन की ओर से लिये जा रहे छंटनी के फैसले के कारण 4500 से अधिक संविदा कर्मियों और उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी की समस्या खड़ी हो गई है, जबकि 2017 में संगठन और प्रबंधन के बीच इस मुद्दे पर सहमति बन चुकी थी। बावजूद इसके वर्तमान एमडी मध्यांचल की ओर से इस समझौते का लागू किए जाने से इंकार कर लगातार कर्मियों की छंटनी की जा रही है, जिसका संगठन विरोध कर रहा है। आज हमने सेना के सम्मान में अनशन को खत्म करने का निर्णय जरूर लिया है, लेकिन कर्मियों की समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष चलता रहेगा।

वहीं भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव को देखते हुए निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडे ने बताया कि संगठन की ओर से मध्यांचल के विभिन्न जनपदों से लेकर उपकेंद्रों और मुख्यालय में चल रहे सत्याग्रह को देशहित में स्थगित करने का ऐलान किया है। इसके साथ ही शनिवार को दक्षिणांचल के विभिन्न जनपदों में होने वाले विरोध सभा को भी स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त ने मार्क्सवादी के महासचिव से की बात



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने निर्वाचन सदन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव एम. ए. बेबी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। यह बैठक ईसीआई द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ की जा रही बातचीत के क्रम में है।ये बातचीत रचनात्मक चर्चा की लंबे समय से महसूस की जा रही जरूरत को पूरा करती है, जिससे राष्ट्रीय और राज्य पार्टी अध्यक्ष अपने सुझाव और चिंताओं को सीधे आयोग के साथ साझा कर सकें। यह पहल सभी हितधारकों के साथ मौजूदा कानूनी ढांचे के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को और मजबूत करने के आयोग के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। आयोग ने इससे पहले 06 मई, 2025 को पार्टी अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के प्रतिनिधिमंडल और 08 मई, 2025 को पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की थी।

# राजधानी में फिर सताएंगी तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं



■ इन इलाकों में गरजेंगे बादल, चमकेगी बिजली

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गर्मी अपना सख्त मिजाज दिखाने को तैयार है। राजधानी में शनिवार का दिन चढ़ने के साथ धूप में तल्खी और उमस भरी गर्मी महसूस की गई है। तपिश भरी धूप और गर्म हवाएं सताने लगेंगी। मौसम विभाग के अनुसार, 11 मई के बाद मौसम साफ़ रहने का अनुमान है, हलांकि 10 मई को प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्से में कहीं कहीं बारिश और गरज चमक का अंदेशा जताया गया है। इस दौरान बदल गरजने और बिजली चमकने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार को चंदौली, वाराणसी, मऊ, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, बलिया, झांसी और बांदा जिले में बदल गरजने और बिजली चमकने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, हमीरपुर, महोबा, ललितपुर में भी गरज चमक हो सकती है। इस बीच कानपुर, अयोध्या, बरेली, आगरा, इटावा, फिरोजाबाद, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मेरठ, झांसी, सोनभद्र, अलीगढ़ में तेज हवाओं और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हुई। इटावा और आगरा में हवाओं की गति 60 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा रिकॉर्ड की गई।

# राज्यमंत्री ने उर्दू आई.ए.एस स्टडी सेंटर का किया निरीक्षण



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने आज लखनऊ पारा रोड स्थित उर्दू आई.ए.एस स्टडी सेंटर का औचक निरीक्षण कर छात्रों से मुलाकात की।

उर्दू आईएएस स्टडी सेंटर सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समाज के छात्रों को सिविल सर्विसेज की परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग प्रदान करने वाली संस्थान है, जहां पर निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था है। वर्तमान में 80 छात्रों की निशुल्क कोचिंग व्यवस्था यहां से की जा रही है।

राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी जी ने औचक निरीक्षण कर छात्रों से मुलाकात की वहां के शिक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा की, मेस की व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उर्दू अकादमी के सचिव भी मौजूद रहे।

# संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए बड़ी एकता की जरुरत : दीपंकर भट्टाचार्य

■ सीजफायर पर माले महासचिव ने ट्वीट किया

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। भारत-पाक दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। दोनों के बीच युद्ध नहीं होना चाहिए। आतंकवाद और आपसी तनाव का हल कूटनीतिक रास्ते से बातचीत के द्वारा निकालना चाहिये।

यह बात आज यहां नेहरू युवा केंद्र में संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ कन्वेंशन में भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में कही। वे इसांफ मंच द्वारा 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की 168वीं वर्षगांठ पर आयोजित कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के रूप बोल रहे थे। उन्होंने दोनों देशों से शांति व संयम बरतने और युद्धोन्माद के खिलाफ नागरिक समाज से एकजुट होने की अपील की।

माले महासचिव ने कहा कि पहलगाम की घटना जे कुछ दिन पहले ही गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर में वहां की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी और सबकुछ ठीक बताया था। 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री का कार्यक्रम भी तय हुआ जो निरस्त हुआ। सरकार को सुरक्षा संबंधी कुछ ऐसी सूचना रही होगी, तभी पीएम का कार्यक्रम निरस्त हुआ। उसके तुरंत बाद पहलगाम आतंकी हमला हुआ। जब सब कुछ ठीक था, तो इतनी बड़ी घटना कैसे हो गई देश को बताया जाना चाहिए। जब सरकार को सूचना थी, तो उसने पर्यटकों को बिना सुरक्षा अकेला क्यों छोड़ दिया।

का. दीपंकर ने कहा कि इतने बड़े आतंकी हमले के बाद कश्मीर की जनता ने पर्यटकों को अपने घरों और होटलों में आश्रय देकर प्रशंसनीय काम किया। शहीद नौसेना के अधिकारी नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल ने व्यक्तिगत क्षति व पीड़ा के बावजूद कश्मीर की जनता और मुस्लिमों को कसूरवार ठहराने से मना किया और शांति के साथ न्याय की मांग कर बड़ा संदेश दिया। नैनीताल रेप केस को सांप्रदायिक रूप देने की उन्मादी भीड़ की कोशिशों के खिलाफ एक अकेली महिला शैला नेगी ने संघर्ष किया। इन महिलाओं को सलाम है। माले महासचिव ने कहा कि सुरक्षा की आड़ लेकर स्वतंत्र पत्रकारिता पर हमले किये जा रहे हैं।

# विकेंद्रित सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया जा रहा है: वर्ल्ड बैंक प्रेसीडेंट

अवधनामा ब्यूरो




लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित सभी कार्यक्रमों को जनपद-लखनऊ के ब्लॉक- चिनहट के ग्राम-अनौरा कला में विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा सभी कार्यक्रम की स्टाल पर विजिट कर महिलायो से बारी बारी से जानकारी ली गई इसी बीच वर्ल्ड बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा द्वारा समूह की महिलायो द्वारा संचालित प्रेरणा ओजस कंपनी की स्टाल पर विजिट किया और सोलर के क्षेत्र में किस तरह महिलायो द्वारा कार्य किया जा रहा है ये हकीकत को जाना।

समूह की महिलाएं बबीता एवं मिनी ने अवगत कराया कि यूपीनेडा विभाग एमएसएमई विभाग एवं टेक्निकल स्पोर्ट एजेंसी पीसीआई इंडिया के सहयोग से महिलाओं द्वारा ब्लॉक स्तर पर 413 सोलर शॉप का संचालन एवं 60 सूर्य सखी ग्राम पंचायत स्तर पर पदस्थ की गई है साथ साथ ही मंडल लखनऊ स्तर पर सोलर प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का संचालन किया जा रहा है एवं देवी प्रोजेक्ट के अंतर्गत 80 विकेंद्रित सौर ऊर्जा प्रोडक्ट के माध्यम से 200 महिलायो को रोजगार प्रदान हुआ है। साथ ही मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने अवगत कराया गया कि अगले 3 साल में 57702 सूर्य सखी पंचायत लेवल पर पदस्थ की जाएगी एवं कमिश्नर रूरल डेवलपमेंट ने बताया की 3000 सोलर शॉप ब्लॉक लेवल स्थापित की जाएगी। मिशन निदेशक ने अवगत कराया कि देवी प्रोजेक्ट के अंतर्गत डीआरई के माध्यम से 20000 महिलायो के उद्यम को सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा अगले 3 साल में एक लाख महिलायो को सोलर के क्षेत्र से रोजगार प्रदान किया जाएगा।

इस मौके पर पीसीआई इंडिया के लीड आदिल अब्बास एवं प्रेरणा ओजस के सीईओ मौजूद रहे।

## 'प्राचीन कला उद्भव एवं विकास : कुछ विचार' पर व्याख्यान आयोजित

लखनऊ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेस एवं फ्लोरेसेन्स आर्ट गैलरी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत कला के विभिन्न आयामों पर आधारित पांच दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन दिनांक 06 मई, 2025 से किया जा रहा है। इस व्याख्यान श्रृंखला के क्रम में कल दिनांक 09 मई, 2025 को राज्य संग्रहालय, लखनऊ में एक महत्वपूर्ण विषय ''प्राचीन कला उद्भव एवं विकासः कुछ विचार'' पर आधारित व्याख्यान का आयोजन किया गया। कल के कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य वक्ता डॉ. राकेश तिवारी, पूर्व महानिदेशक, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली के आगमन पर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक के द्वारा किया गया साथ ही डॉ. सृष्टि धवन, निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ के निर्देशन में मुख्य वक्ता का स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

# हज का उद्देश्य एक उत्तम इंसान बनाना है: मौलाना इब्ने हसन अमलवी वाइज़

अवधनामा ब्यूरो



लखनऊ। खाना-ए-काबा किसी एक कौम या क़बीले के लिए नहीं, किसी खास देश या समुदाय के लिए नहीं है, बल्कि इसकी तामीर और बुनियाद का मक़सद खुद परवरदिगार ने क़ुरआन-ए-मजीद में साफ़ तौर पर इस तरह बयान किया है:

अनुवाद: निःसंदेह सबसे पहला घर जो ज़मीन पर इंसानों के लिए बनाया गया, वह मक्का मुकर्रमा में है, जो तमाम जहानों के लिए हिदायत और बरकत का केंद्र है। और जब काबा की तामीर मुकम्मल हो गई, तो अल्लाह ने हज़रत इब्राहीम (अ.स.) को हुक्म दिया- ऐ इब्राहीम, लोगों को हज के लिए पुकारो। इसका साफ़ मतलब यह है कि काबा का मक़सद वैश्विक अमन व शांति की स्थापना करना, पूरी मानवता को इंसानियत, हमदर्दी और एकजुटता की तरफ़ बुलाना है, और इंसान को एक बेहतरीन और ऊँचे दर्जे का इंसान बनने की कोशिश की प्रेरणा देना है। ऐसा इंसान, जिसका तसव्वुर मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब ने अपने शेर में इस तरह किया है: बस कि दुश्वार है हर काम का आसां होना, आदमी को भी मयस्सर नहीं इंसां होना। याद रखिए, आदमी होना एक बात है और इंसान होना दूसरी बात। मेरी गुज़ारिश है कि आप यहाँ से आदमी बनकर जाएं और अच्छे इंसान बनकर लौटें। इन विचारों का इज़हार हुज्जतुल इस्लाम, हाजी मौलाना इब्ने हसन अमलवी (सदरुल अफ़ाज़िल, वाइज़) – संस्थापक और संरक्षक हसन इस्लामिक रिसर्च सेंटर अमलो मुबारकपुर और प्रवक्ता, मज़मआ उलमा व वाइज़ीन पूर्वांचल – ने दिनांक 9 मई, शुक्रवार को मौलाना अली मियां नदवी हज हाउस, सरोजिनी नगर, लखनऊ में हज यात्रियों की फ्लाइट रवाना होने के अवसर पर आयोजित दुआ कार्यक्रम में मुख्य भाषण के दौरान व्यक्त किए।

कार्यक्रम की शुरुआत हाजी सईद हसन साहब लखनवी द्वारा हज यात्रा से जुड़ी सुरक्षा जानकारियों की प्रस्तुति से हुई। अंत में, उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी द्वारा आयोजित इस दुआ कार्यक्रम के संचालक और संरक्षक मुफ़्ती अफ़ताब आलम साहब नदवी (मुबल्लिग़, नदवतुल उलमा) ने हज और उमरा के वाजिबात व मुस्तहबात पर रोशनी डालते हुए दुआ की अहमियत और फ़ायदों पर विस्तार से चर्चा की।

## पब्लिक सेक्टर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल श्रेणी में उत्तर प्रदेश पर्यटन को द्वितीय पुरस्कार मिला

लखनऊ। जयपुर में 04 से 06 मई तक आयोजित 'द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार-2025' (जीआईटीबी) में पब्लिक सेक्टर सर्वश्रेष्ठ स्टॉल श्रेणी में उत्तर प्रदेश पर्यटन को द्वितीय पुरस्कार मिला है। इस प्रतिष्ठित ट्रैवल मार्ट में पहुंचे जयपुर में बड़ी संख्या में देश-विदेश के टूर ऑपरेटर्स, हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स और पर्यटन विशेषज्ञों ने भाग लिया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन ने इस अवसर पर राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों, आध्यात्मिक गंतव्यों, कला-शिल्प और पारंपरिक खानपान आदि को प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया। विभाग की ओर से राज्य के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों के साथ-साथ यहां बनने वाले शिल्प और कलाकृतियों की निर्माण विधि की जानकारी भी आगंतुकों को दी गई, जिससे वे राज्य की संस्कृति से सीधे तौर पर जुड़ सकें। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन हमारे लिए पर्यटन के क्षेत्र में निवेश और सहयोग के नए अवसर लेकर आते हैं।